वर्ष- 12 अंक - 07
लखनऊ, गुरुवार 22 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यूपी के 247 पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का होगा सर्वे : जयवीर 03

प्रौद्योगिकी का गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है : मुर्मु 12


## संक्षिप्त समाचार

### 5.12 लाख तीर्थयात्रियों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि 12 वर्षों में इस साल सर्वाधिक 5.12 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये। शाह ने यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षा कर्मियों, श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं को बधाई दी। अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, श्री अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 52 दिनों तक चली इस पवित्र यात्रा में इस बार रिकॉर्ड 5.12 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा के दर्शन किये, जो कि बीते 12 वर्षों की सर्वाधिक संख्या है। उन्होंने आगे कहा, इस यात्रा को सफल बनाने के लिए हमारे सभी सुरक्षा कर्मियों, श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं को बधाई देता हूं। श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाने में आप सभी का अद्वितीय योगदान रहा है।

### शक्तिकांत दास दूसरे साल ए प्लस ग्रेड के सेंट्रल बैंकर बने

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास मुद्रास्फीति नियंत्रण, आर्थिक विकास लक्ष्य, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लगातार दूसरे साल ए प्लस ग्रेड के सेंट्रल बैंकर घोषित किये गये हैं। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने सेंट्रल बैंक गवर्नरों के नाम जारी किए हैं जिन्होंने सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2024 में उच्चतम ग्रेड, ए प्लस , ए या ए माइनस ग्रेड अर्जित किए हैं। इस रिपोर्ट में श्री दास को लगातार दूसरे साल ग्रेड ए प्लस मिला है।

### उपेन्द्र व मनन मिश्र ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन

**पटना ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और बार काउंसिल ऑफइंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्र ने बुधवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल सहित एनडीए के कई नेता उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा लोकसभा चुनाव हार गए थे। इस बार काराकाट में उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अब उच्च सदन पहुंचने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। देश के वरिष्ठ अधिवक्ता मनन मिश्र के राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में नाम की घोषणा मंगलवार को ही भाजपा ने की थी।

### नायडू के खिलाफ सीबीआई जांच की याचिकाएं खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय रिश्वत की कथित पेशकश के एक पुराने मामले में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने का निर्देश देने की मांग वाली एक रिट याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक अल्ला रामकृष्ण रेड्डी की इस याचिका पर संबंधित पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद उस पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह मामला 2015 में विधान परिषद चुनाव में कथित तौर पर तेलुगू देशम पार्टी के पक्ष में वोट देने के लिए 50 लाख रुपये नकद देने की पेशकश का है।

सीएम योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

# आसान नहीं है कल्याण सिंह होना

▸ सीएम ने अखिलेश पर बोला हमला, पीडीए पर उठाए गंभीर सवाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के चरित्र को याद करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई व्यक्ति कल्याण सिंह अचानक नहीं बन जाता। कल्याण सिंह बनने के लिए संघर्ष, चुनौती, त्याग और बलिदान का मार्ग चुनना पड़ता है।

स्वर्गीय कल्याण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित हिंदू गौरव दिवस के दूसरे संस्करण के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री योगी ने बुधवार को कहा कि चुनौती और संघर्ष जब सामने होता है तो त्याग और बलिदान का जज्बा पैदा होता है, तब कोई भी ताकत आपको झुका नहीं सकती, आपका बाल भी बांका नहीं कर सकती है। एक अपार जनआस्था और विश्वास आपके साथ खड़ा होता है। इस अपार जनविश्वास के प्रतीक श्रद्धेय कल्याण सिंह जी बने। उन्होंने उस समय की ताकतों का मुकाबला किया, विपरीत परिस्थितियों में काम किया, लेकिन श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के मार्ग से कतई नहीं हटे। अंततः परिणाम आज हमारे सामने है। आज उसकी सुखद अनुभूति पूरी दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में समाजवादी पार्टी और इसके मुखिया पर भी हमला किया और पीडीए पर गंभीर सवाल उठाए। योगी ने कहा कि अलीगढ़ के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाले बाबूजी ने शुरुआत से ही संघर्ष और चुनौतियों का मुकाबला करना सीख लिया था। पहले किसान और फिर शिक्षक, आरएसएस के स्वयंसेवी, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में अपनी यात्रा प्रारंभ करने वाले बाबू जी की यात्रा शून्य से शिखर तक की यात्रा है। वे विधायक भी थे, सांसद भी थे। वह प्रदेश सरकार में कांग्रेस की दमनकारी नीतियों के खिलाफ और आपातकाल के खिलाफ आंदोलन के दौरान जेल में भी बंद हुए थे। आपातकाल के बाद बनी सरकार में वह स्वास्थ्य मंत्री भी थे। राम जन्मभूमि आंदोलन के बाद उमड़ी हुई आस्था में पहली बार भारतीय जनता पार्टी जब प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाती है तो वह मुख्यमंत्री भी बने। 1997 में वह दूसरी बार मुख्यमंत्री बने और फिर हिमांचल और राजस्थान के राज्यपाल के रूप में संवैधानिक पद के दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उन्होंने अपनी अंतिम यात्रा पूरी की। रामजन्मभूमि आंदोलन में उनकी भूमिका का ही परिणाम आज हम सबके सामने है। दुनिया में कौन सी श्रमिक और वंचित जातियां होंगी, जिन्होंने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अपनी आंखों से नहीं देखा। मानवता का जहां दमन हुआ है, श्रीरामजन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण उनके लिए आशा की एक किरण है।

### नवाचारों को अपनाने वाला है यूपी का किसान

कृषि व खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर की बेहतरी में सहयोगी बनने को इच्छुक है ऑस्ट्रेलिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के कृषि सेक्टर को बेहतर बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों में ऑस्ट्रेलिया ने सहायक बनने की इच्छा जताई है। बुधवार को लखनऊ आये ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से भेंट की और कृषि व सहायक सेक्टर में निवेश पर चर्चा की। दूसरी बार उत्तर प्रदेश आने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए उच्चायुक्त फिलिप ने मुख्यमंत्री से कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का समृद्ध इतिहास है। उत्तर प्रदेश इन संबंधों को और मजबूत बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहुत संभावनाएं हैं और ऑस्ट्रेलियाई कंपनियां इन सम्भावनाओं को विस्तार देने को उत्साहित हैं। यहां के कृषि, खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को मजबूत करने में ऑस्ट्रेलिया अच्छा सहयोगी बनना चाहता है। उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों और उनकी विशेषज्ञता से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के लखनऊ आगमन पर अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सबसे बड़ी आबादी का यह प्रदेश, भारत के फ़ूड बास्केट के रूप में विशिष्ट पहचान रखता है।

## फार्मा कंपनी में रिएक्टर फटा, 14 कर्मचारियों की मौत, 50 घायल

▸ आसपास के इलाके से 11 अन्य गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

एजेंसी

**विशाखापट्टनम ।** अनाकापल्ली जिले के रामबिली मंडल में अच्युतपुरम फार्मा में बुधवार दोपहर बाद रिएक्टर में विस्फोट के बाद 14 कर्मचारियों की मौत हो गई है और 50 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। अच्युतपुरम फार्मा एसईजेड में एसेंशिया एडवांस्ड साइंस प्राइवेट लिमिटेड में सैकड़ों कर्मचारी काम करते हैं। दोपहर भोजनावकाश के दौरान जोरदार विस्फोट होने के बाद आग लग गयी। घना धुआं उठने के बाद समझना मुश्किल हो रहा था कि क्या हो रहा है। फिर भी जान बचाने के डर से मजदूर बाहर भागे। तेज आवाज से आसपास के गांव के लोग सतर्क हो गए।

फार्मा की दमकल समेत आसपास के इलाके से 11 अन्य गाड़ियां आईं और आग पर काबू पाया। घायलों को अनाकापल्ली के विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया। घायलों में से पांच 60 फीसदी से ज्यादा जले हुए हैं। हादसे के वक्त इंडस्ट्री में करीब 300 कर्मचारी मौजूद थे। मजदूरों का कहना है कि रिएक्टर के धमाके से इंडस्ट्री की पहली मंजिल का स्लैब ढह गया और कई लोग मलबे में फंस गए। तीसरी मंजिल पर फंसे मजदूरों को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ की टीमें और दमकल की गाड़ियां मौके पर बचाव कार्य जारी रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने अच्युतापुरम एसईजेड में रिएक्टर विस्फोट हादसे को लेकर कलेक्टर से बात की। मुख्यमंत्री ने घायलों को उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सा के संबंध में कलेक्टर से जानकारी ली। सीएम ने तत्काल राहत कदम उठाने के आदेश जारी किये। इस विस्फोट की घटना पर राज्य श्रम मंत्री वासमशेट्टी सुभाष ने कहा कि अनकापल्ली जिले के अच्युतापुरम के पास फार्मा कंपनी में भीषण आग लगने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और कलेक्टर और एसपी स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान करने में और थोड़ा और वक्त लगेगा।

## मौलाना ने पीड़िता को इस्लाम कबूलने को मजबूर कर कराया निकाह : हाईकोर्ट

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी मौलाना को जमानत देने से इंकार कर दिया कहा कि पीड़िता को कथित तौर पर इस्लाम स्वीकार करने के लिए मजबूर किया गया और निकाह कराया गया।

न्यायालय ने कहा कि धर्म परिवर्तन होने के नाते मौलाना भी उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधानों के तहत समान रूप से उत्तरदायी है। कोर्ट मौलाना मोहम्मद शाने आलम की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जिसमें मुकदमे के लम्बित रहने के दौरान उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3/5(1) के तहत दर्ज मामले में जमानत की मांग की गई थी। मामला थाना अंकुर विहार, गाजियाबाद का है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा कि, ÷ पीड़िता ने धारा 164 सीआरपीसी के तहत दर्ज अपने बयान में स्पष्ट रूप से कहा था कि उसे 'इस्लाम' स्वीकार करने के लिए मजबूर किया गया था और निकाह कराया गया था। याची मौलाना (धर्म परिवर्तक) होने के नाते अधिनियम, 2021 के तहत समान रूप से उत्तरदायी है। वर्तमान मामले में मौलाना का कहना था कि वह मौलाना-धार्मिक पुजारी है और उसने केवल आरोपी अमान के साथ पीड़िता का निकाह कराया था और उसने पीड़िता को जबरन इस्लाम में परिवर्तित नहीं किया था। उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह 2 महीने से अधिक समय से जेल में बंद है। उसका कहना था कि निकाहनामा पर उसकी मुहर और हस्ताक्षर हैं।

### पकड़ा गया इनामी, फर्जी आधार कार्ड पर दूसरे को दिला रहा था परीक्षा

**लखनऊ।** लखनऊ में 5 साल से फरार चल रहे इनामी को सैरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी ने एसएससी, एमटीएस परीक्षा में फर्जी आधार कार्ड बनवा कर दूसरे को परीक्षा दिला रहा था। बिहार के निमसार का रहने वाला राहुल कुमार पुत्र संजय कुमार 2019 से फरार चल रहा था। लखनऊ के मड़ियांव में सुभाष चन्द्र बोस इंस्टीट्यूट आफ हायर एजुकेशन में एसएससी, एमटीएस-2019 की परीक्षा आयोजित हुई थी। इस परीक्षा में आरोपी राहुल के आधार कार्ड पर बिहार के कैमूर मबुआ का रहने वाला कुमुद रंजन चौबे पुत्र रामानुज चौबे परीक्षा देते पकड़ा गया था।

## सुल्तानपुर रोड पर एलडीए ने अवैध निर्माण गिराया

▸ बिना नक्शा पास बना हुआ व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स भी सील

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** एलडीए की टीम ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया गोसाईंगंज में सुल्तानपुर रोड के पास अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। निर्माणाधीन भवनों को भी गिराया गया। वहीं दुबग्गा इलाके में भी बिना नक्शा पास कराए बनाए गए व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को एलडीए की टीम ने सील कर दिया।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि आशीष अवस्थी व अन्य द्वारा गोसाईंगंज में सुल्तानपुर रोड पर ग्राम-पहाड़नगर टिकरिया के पास अवैध प्लाटिंग की गई है। करीब 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध मकान बनाए जा रहे हैं। पूरी कॉलोनी ही भू- माफिआओं की द्वारा विकसित कर दी गई है। इसका प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना ही प्लाटिंग की गई है। इसके बाद एलडीए की विहित न्यायालय ने इसको गिराने का आदेश जारी किया है। इस दौरान प्लाटर ने जमीन पर जो भी सड़क, नाली, इंट्री गेट, बाउन्ड्रीवॉल और साइट ऑफिस बनाए थे। एलडीए ने सभी को गिराकर ढ़हाने का काम किया। जोनल अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा स्थल पर भवन का भी निर्माण कराया जा रहा था। कार्यवाही के अंतर्गत उक्त निर्माण कार्यों को भी जमींदोज कर दिया गया। जोन-7 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि मोहम्मद इब्राहिम व अन्य द्वारा दुबग्गा में अवैध कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है।

## पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ 11 सितंबर को सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रतिबंध लगाने के आदेश के खिलाफ पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट 11 सितंबर को सुनवाई करेगा। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने पीएफआई के वकील को निर्देश दिया कि वो संक्षिप्त नोट दाखिल करें।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश एएसजी चेतन शर्मा ने पीएफआई की याचिका में लिखे कुछ वाक्यों पर आपत्ति जताई थी। याचिका में लिखा गया था कि पीएफआई को प्रतिबंधित करने का नोटिफिकेशन कानून का दुरुपयोग है और मानवाधिकारों के उल्लंघन वाला है। याचिका में लिखे इन वाक्यों पर चेतन शर्मा ने आपत्ति जताई। पीएफआई की ओर से पेश वकील अदीत एस पुजारी ने कहा था कि याचिका में लिखे गए ये वाक्य उन गवाहों के बयान पर आधारित है, जो ट्रिब्यूनल के समक्ष पेश हुए थे। पीएफआई ने प्रतिबंध के खिलाफ पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 6 नवंबर, 2023 को पीएफआई की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए पीएफआई को हाई कोर्ट जाने को कहा था। पीएफआई ने यूएपीए ट्रिब्यूनल से उस पर लगे प्रतिबंध को बरकरार रखने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

### वाराणसी में यूजीसी नेट का पर्चा लीक होने के आरोप

**वाराणसी।** आजाद अधिकार सेवा की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षमता ठाकुर ने वाराणसी में यूजीसी नेट का पर्चा लीक होने का आरोप लगाया है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी हेमंत कुमार व सौरभ भारती के सूचना के आधार पर क्षमता ठाकुर ने घनश्याम सिंह कॉलेज आफ एजुकेशन, गोसाईपुर वाराणसी में अभी हुई नेट की परीक्षा में पेपर लीक व अन्य घोर अनियमितता के आरोपों का तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन अभ्यर्थियों की सूचना के अनुसार घनश्याम सिंह कॉलेज पांडेयपुर वाराणसी में यूजीसी नेट परीक्षा का नेशनल हिंदू स्टडी,अंग्रेजी का पेपर होना बताया गया। परीक्षा अपरान्ह 2.30 बजे से रही। किंतु 2.15 बजे तक परीक्षा केन्द्र का गेट नहीं खोला गया।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस में 2 एसीपी समेत तीन अफसर सस्पेंड

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा सीआईएसएफ ने अपने हाथ में ली

एजेंसी




**कोलकाता/नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को 2 असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर समेत 3 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। 15 अगस्त को देर रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हजारों की भीड़ ने तोड़फोड़ की थी। कार्रवाई उसी मामले में की गई है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा सीआईएसएफ ने अपने हाथ में ले ली है। सीआईएसएफ के अधिकारी बुधवार को अस्पताल पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कोर्ट ने अस्पताल में तोड़फोड़ के बाद सीआईएसएफ को सुरक्षा संभालने का निर्देश दिया था। उधर, अस्पताल के पूर्व डिप्टी सुपरिंटेंडेंट अख्तर अली ने कलकत्ता हाईकोर्ट में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ याचिका लगाई है। अली ने घोष पर कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है और ईडी से जांच कराने की मांग की है। इस मामले में राज्य सरकार कल सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देगी। सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे डॉक्टरों का प्रदर्शन 10वें दिन भी जारी है। कोलकाता, दिल्ली और अन्य शहरों में भी डॉक्टरों ने आज काम नहीं किया। एम्स दिल्ली ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कमेटी बनाई है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट में चार सितंबर को सुनवाई होगी

रेप-मर्डर केस में बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की जांच के लिए एसआईटी बनाई है। यह उन्हें बचाने के लिए एक दिखावा है। हालांकि कोर्ट ने कहा, हम इस मामले को अब 4 सितंबर को सुनेंगे। उधर बंगाल सरकार ने मामले से जुड़ी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने की बात कही। इस पर हाईकोर्ट चीफ जस्टिस टीएस शिवगनम ने कहा, मामला अब सुप्रीम कोर्ट में है। रिपोर्ट अपने पास रखिए इसे सुप्रीम कोर्ट में दिखाइए। हाईकोर्ट में पिछली सुनवाई 16 अगस्त को हुई थी। तब चीफ जस्टिस टीएस शिवगनम ने राज्य सरकार और पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा था कि अस्पताल में तोड़फोड़ के लिए 7 हजार की भीड़ आई थी। पुलिस क्या कर रही थी? पुलिस खुद को नहीं बचा पा रही, तो डॉक्टर निडर होकर कैसे काम करेंगे। आरोपी ने डॉक्टर का बुरी तरह शोषण किया अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले नई जानकारी सामने आई।

## दो उच्च न्यायालयों में 11 स्थायी न्यायाधीशों की हुई नियुक्ति

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नौ और आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को उन्हीं उच्च न्यायालयों का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की बुधवार को घोषणा की।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने दो अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए उन अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुमति दी है। अधिसूचनाओं के अनुसार, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम, न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, सुश्री न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला, न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार, न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल को पदोन्नत कर उसी उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश श्रीमती न्यायमूर्ति वेंकट ज्योतिर्मई प्रताप और न्यायमूर्ति वेणुथुरमल्ली गोपाल कृष्ण राव को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

### जन्माष्टमी पर बांकेबिहारी मंदिर में बुजुर्ग, बच्चों बीमारों को नहीं मिलेगी एन्ट्री

**मथुरा।** भगवान कृष्ण की रास स्थली वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा। इस मौके पर मंदिर में बच्चों और बुजुगों लेकर ना आने की अपील की गई है। इस संबंध में मंदिर प्रबंधन ने बुधवार एक एडवाइजरी भी जारी की है। यह फैसला मंदिर में भीड़ और पिछले दिनों हुई घटनाओं को देखते हुए लिया गया है। सोमवार 26 अगस्त 2024 को देश के अलग-अलग हिस्सों में जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया जाने वाला है। इसे लेकर भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न मंदिरों में तैयारियां जोर-जोर से हो रही है। बांके बिहारी मंदिर, श्री द्वारकाधीश मंदिर, प्रेम मंदिर, जगन्नाथ मंदिर सहित अनेकों मंदिरों को जन्माष्टमी के लिए सजाया जा रहा है। इस दिन मंदिर प्रशासन की ओर से भक्तों की सुगमता के लिए कई दिशा-निर्देश भी जारी किए जाते हैं।

असर

पटना में लाठीचार्ज समेत बिहार के कुछ जिलों में ट्रैफिक बाधित

## यूपी, पंजाब और हरियाणा में नहीं दिखा भारत बंद का असर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के कोटे में कोटा से संबंधित एक फैसले के विरोध में दलित और आदिवासी संगठनों ने 21 अगस्त को बंद का ऐलान किया था। कुछ राज्यों में आम जन-जीवन प्रभावित भी हुआ लेकिन ज्यादातर स्थानों पर मिला-जुला असर रहा। बंद के पीछे कई प्रमुख मांगे और समस्याएं थीं, जिसे लोगों के ध्यान में लाने की कोशिश थी।

दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भी इसका मिला-जुला असर रहा। बिहार में कुछ स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी देखी गई। राजधानी दिल्ली में भी भारत बंद का असर नहीं दिखा। मसलन, मार्केट एसोसिएशन ने पहले ही इस बंद को लेकर फैसला किया था कि, दिल्ली में मार्केट खुली रहेंगी। हुआ भी ऐसा ही यहां कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, खारी बावली, नया बाजार, चावड़ी बाजार, सदर बाजार, करोल बाग, कमला नगर, कनॉट प्लेस, लाजपत नगर और सरोजिनी नगर समेत कमोबेश 700 मार्केट खुले रहे। पंजाब और हरियाणा में भारत बंद की अपील की गई है, लेकिन इसका बहुत ज्यादा प्रभाव देखने को नहीं मिला। सामान्य जनजीवन में कोई बड़ी रुकावट नहीं आई, व्यापारिक गतिविधिया सामान्य रूप से जारी रहीं। सार्वजनिक परिवहन सेवाओं पर कोई खास असर नहीं पड़ा और सड़कें भी सामान्य रूप से खुली रहीं। अधिकांश शैक्षणिक संस्थान और सरकारी कार्यालय भी खुले रहे। राजस्थान में कई एससी/एसटी समूहों ने बंद को अपना समर्थन दिया था। भारत बंद की अपील के बाद राजस्थान के जयपुर, दौसा, भरतपुर, गंगापुर सिटी, डीग समेत पाँच जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई थी। ओडिशा में भारत बंद के कारण सड़क और रेल सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित हुईं। विभिन्न संगठन और राजनीतिक दल अपने-अपने मुद्दों के साथ सड़कों पर उतरे, जिससे कुछ समय के लिए ट्रांसपोर्टेशन प्रभावित हुआ। हालांकि, आम जनजीवन सामान्य रहा और दुकानों और व्यवसायों पर बंद के अपील का कोई खास असर नहीं पड़ा।

### यूपी में प्रदर्शन और मार्च, सामान्य जीवन पर खास प्रभाव नहीं

उत्तर प्रदेश में भारत बंद के दौरान प्रदर्शन और मार्च आयोजित किए गए। विभिन्न संगठनों द्वारा अपने-अपने मुद्दों को लेकर सड़कों पर निकाले गए जुलूसों के बावजूद जनजीवन सामान्य रूप से चलता रहा। बाजार और स्कूल- कॉलेज खोलने पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सतर्कता दिखाई और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली. कुछ स्थानों पर पुलिस को भीड़ को काबू करते भी देखा गया। बिहार में भारत बंद के दौरान विभिन्न जगहों पर सड़कों और रेल ट्रैकों को रोकने करने की कोशिश की गई। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस टीम ने लाठीचार्ज की, जिसमें कुछ प्रदर्शनकारियों को चोटें आई हैं। ट्रैफिक जाम और ट्रेन सेवाओं में रुकावट के चलते आम लोगों को यहां थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# पलिया भीरा मार्ग पर फिर बंद हुआ वाहनों का संचालन

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा पलिया मार्ग पर कुछ समय पहले ही बसों का संचालन शुरू हो पाया था।बुधवार को एक बार फिर बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद शारदा नदी की बाढ़ का पानी तेज बहाव के साथ पलिया भीरा राजमार्ग पर आ पहुंचा जिसके चलते प्रशासन को इस रोड पर वाहनों का संचालन बंद करना पड़ा।

अब बाढ़ का पानी कम होने के बाद ही वाहनों का संचालक शुरू हो सकेगा। प्रशासन ने बाढ़ का पानी कम न होने तक लोगों से पलिया निघासन मार्ग का इस्तेमाल करने की अपील की है। उधर रोड पर यातायात बंद होने के चलते शारदा पुल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही।

- बुधवार को एक बार फिर पलिया भीरा मार्ग पर बहने लगा बाढ़ का पानी
- प्रशासन ने बैरियर लगाकर आवागमन पर लगा दी रोक



ज्ञात हो बीते आठ जुलाई को शारदा नदी से आए बाढ़ के पानी ने पलिया शहर सहित दर्जनों गांवों में अपनी दस्तक दी थी। बाढ़ के पानी ने रेलवे लाइन और अतरिया के पास निर्माणाधीन पुलिया को काट दिया था जिसके बाद करीब एक सप्ताह तक इस रोड पर छोटे बड़े सभी वाहनों का संचालन बंद हो गया था।

बाढ़ का पानी कम होने के बाद महंगापुर गुरुद्वारे की संगत ने प्रशासन के साथ मिलकर पुलिया की मरम्मत का कार्य किया था जिसके बाद रोड पर छोटे वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया था। खास बात तो यह थी कि इसके बावजूद एक माह तक बसों का संचालन नहीं हो सका था। बस संचालन के न होने से हो रहे नुकसान व आ रही दिक्कतों पर आक्रोशित बस एसोसिएशन के पदाधिकारी ने पुलिया पर प्रदर्शन किया जिसके बाद कोतवाली में बैठक आयोजित हुई और फिर बसों का संचालन शुरू हो सका था। लेकिन अभी भी शारदा नदी से कटी रेल लाइन जस की तस पड़ी हुई है जिसके चलते बनबसा बैराज से अगर पानी छोड़ा जाता है तो वह सीधे पलिया भीरा रोड पर आ जाता है।

बुधवार को एक बार फिर बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद शारदा नदी की बाढ़ का पानी तेज बहाव के साथ पलिया भीरा रोड पर आ पहुंचा जिसके चलते प्रशासन को इस रोड पर वाहनों का संचालन बंद करना पड़ा। अब बाढ़ का पानी कम होने के बाद ही वाहनों का संचालक शुरू हो सकेगा। प्रशासन ने बाढ़ का पानी कम न होने तक लोगों से पलिया निघासन मार्ग का इस्तेमाल करने की अपील की है। उधर रोड पर यातायात बंद होने के चलते शारदा पुल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कर्मियों को रोड पर तैनात कर दिया है। जानकारी देते हुए एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि रोड पर शारदा नदी की बाढ़ का पानी तेज बहाव के साथ चल रहा है जिसके चलते रोड पर वाहनों के संचालक पर रोक लगाई गई है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से पलिया निघासन रोड का इस्तेमाल करने की अपील की है।

## अनुसूचित जनजाति आरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बहुजन समाज पार्टी के निर्देश पर बहुजन समाज पार्टी और भारत संविधान निर्माता संगठन के माध्यम से एक दिवसीय हड़ताल के संबंध में एक ज्ञापन प्रधानमंत्री को संबोधित तहसीलदार प्रीती सिंह को दिया जिसमे दिये गये ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि जो 1 जून 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश अनुसूचित जनजाति आरक्षण को लेकर जारी किया है उसे राज्य सरकारी लागू न करें।

वर्षों से अनुसूचित जनजाति के जो पद खाली पड़े हैं तत्काल उन पदों को भरा जाए। आरक्षण व्यवस्था को नयी सूची मे डाल कर सुरक्षित किया जाए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, कस्बा इंचार्ज बाबूराम सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रताप सिंह, नंदलाल गौतम, रमेश चंद्र, संजय गौतम, संघपाल जौहर सहित अन्य ने हस्ताक्षर किए तथा सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### उपचुनाव में निर्वाचित प्रतिनिधि 24 अगस्त को लेंगे शपथ

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** उपचुनाव में विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों के प्रधानपद व एक क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव हुआ था। जिसमें नौरंगाबाद उपचुनाव में जनता ने मायादेवी पर भरोसा जताया था दूसरी तरफ गुलरिया पत्थरशाह में आशिक अली पर जनता ने भरोसा जताया था। क्षेत्र पंचायत सदस्य रामप्रसाद निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। उपचुनाव में निर्वाचित प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य को 24 अगस्त क्षेत्र पंचायत कार्यालय पर ग्यारह बजे शपथ दिलाई जाएगी।

### डॉक्टर की मौत के बाद देशभर में हो रहे विरोध प्रदर्शन में करणी सेवा ने भी जताया विरोध

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में 9 अगस्त, 2024 को एक पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर मृत पायी गई थी। रेप के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश है। जिसके बाद से ही देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अब इस कांड के विरोध में करणी सेना भी मैदान में कूद गई है। कोलकाता कांड को लेकर करणी सेना लखीमपुर के जिला अध्यक्ष आशीष भदौरिया ने कड़ी निन्दा की है?। जिलाध्यक्ष आशीष भदौरिया ने कहा कि उनका संगठन करणी सेना भारत की बेटी प्रशिक्षु महिला चिकित्सक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है, ऐसे जघन्य अपराध व कृत्य की घोर निन्दा करते है तथा सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करते हैं। जिला अध्यक्ष ने बयान जारी करते हुए कहा कि कभी किसी मां, बहन और बेटी को कभी किसी संदिग्ध व्यक्ति से खतरे का एहसास मात्र हो तो हमें बताएं हम निपट लेंगे, आपकी जानकारी गुप्त रखी जायेगी।

### युवक की डूब कर मौत, 20 घंटे के बाद बरामद हुआ शव

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार शाम 4 बजे के आसपास डूबे, युवक का शव बुधवार गोताखोरों की मदद से बरामद किया जा सका है। जिसे पुलिस के द्वारा कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए भेजा गया है। थाना क्षेत्र निगोहा जनपद लखनऊ ग्राम उतरावा मजरे गढ़ी के रहने वाले प्रवेश कुमार पुत्र छोटेलाल उम्र लगभग 25 वर्ष अपने तीन दोस्तों के साथ भवरेश्वर मंदिर में स्थित सई नदी में स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय एक युवक प्रवेश कुमार अचानक नदी में डूबने लगा। जिसे देख अन्य दोस्तों के द्वारा पहले तो बचाने का प्रयास किया गया। परंतु जब प्रयास मे असफल हो गए तो उन लोगों के द्वारा चीखने और चिल्लाने की आवाज की गई। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा युवक को बचाने का प्रयास किया गया। परंतु युवक नदी में डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश लगातार की जा रही थी। बुधवार दोपहर मंदिर के घाट से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर किसी झाड़ियां में युवक फंसा हुआ दिखाई पड़ा। युवक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर परिजनों की पहचान पर पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दो बाइकें आपस में भिंडी दोनों बाइक सवार हुए घायल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दो बाईकों में हुई आमने–सामने टक्कर दोनों बाइक सवार हुए गंभीर रूप से घायल ।मोहित कुमार पुत्र बसंत लाल उम्र 24 वर्ष निवासी हरदोई बछरावां रोड पर पेट्रोल पंप के पास हरदोई की तरफ से चले आ रहे थे कि तभी रामू पुत्र जग प्रसाद उम्र 21 वर्ष निवासी कोटवा मदनिया कैलाशपुर की बाइक के आमने–सामने टकरा गई जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है।

## लेखपाल से मारपीट के आरोपी प्रधान सहित पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

- बाइक की चाबी व सरकारी दस्तावेज भी था छीना

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में अपनी सर्कल से कम निपटाकर बाइक से वापस तहसील आ रहे एक लेखपाल से प्रधान और उसके कई साथियों ने मारपीट की लेखपाल को रास्ते में रोक कर मारपीट करने के साथ-ही सरकारी दस्तावेज छीन लिए। सिंगाही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

तहसील निघासन सेवारत लखीमपुर के राजगढ़ मोहल्ले के रहने वाले मोहन कश्यप निबोरिया और कड़िया गांव के लेखपाल पद पर तैनात है। मोहन ने बताया कि ग्राम प्रधान झगड़ु प्रसाद के मन माफिक काम न करने की वजह से वह उनसे बेहद नाराज रहते हैं। दो दिन पहले शाम को उन्होंने अपने साथियों वीरेंद्र वर्मा और मोतीपुर निवासी हरीश पटेल सहित पांच अज्ञात लोगों के साथ लेखपाल को सिंगहा मोड के पास रोककर बाइक की चाबी और सरकारी दस्तावेज छीन लिया। लेखपाल ने धारदार हथियार से हमला करने से छोटे आने का भी आरोप लगाया। सिंगाही थाना अध्यक्ष अमित सिंह भदोरिया ने बताया है कि लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही हैं।

## विकास के नाम पर ग्राम पंचायत में हो रही खानापूर्ति

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिंगाही देहात के मनमदपुर में बारिश का पानी सड़कों पर भरा है। सड़कों पर कीचड़ होने के कारण राहगीरों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। गंदा पानी होने के कारण दुर्गंध से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों को बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्राम पंचायत सिंगाही देहात मनमदपुर के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर सालों से गड्ढे होने का कारण कीचड़ हैं। इस कारण आए दिन राहगीर गिरकर घायल होते हैं। मरम्मत को लेकर कई बार जिम्मेदार प्रतिनिधियों व अधिकारियों से मांग की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बारिश का पानी इन गड्ढों में कई दिनों से भरा है। नालियां जाम होने के कारण जलनिकासी नहीं हो पा रही है। इस कारण गंदे पानी से दुर्गंध उठने लगी है। बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। और कई बार विद्यार्थी स्कूल आने-जाने के दौरान कीचड़ में फिसल कर गिर जाते हैं। जटिल समस्या से जूझते हुए छात्र स्कूल आते हैं। लेकिन इस ओर कोई जनप्रतिनिधि प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।



गांव के ही इस्लामुद्दीन ने बताया कि काफी समय से गांव में गंदगी की समस्या है। बावजूद इसके यह समस्या कोई देखने वाला नहीं है। कई बार इस संबंध में अधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है। बावजूद इसके स्थिति में कोई सुधार नहीं है। इससे काफी परेशानी हो रही है।

नैना कुमार का कहना है कि इसी रास्ते से छोटे-छोटे बच्चे स्कूल आते जाते हैं। बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं। उन्हें चोट लग जाती है। सभी लोग बीते कई सालों से नरकीय जीवन जी रहे हैं। यहां लोगों को सुनने वाला कोई नहीं है।

लीला देवी ने बताया कि सालों पुरानी इस समस्या का समाधान होने की उम्मीद रहती है, लेकिन समाधान नहीं हो रहा। सड़क पर व्याप्त गंदगी, कीचड़ की वजह से सड़ांध भी उठती है, जिससे ग्रामीणों में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। किससे कहें, कोई सुनने वाला नहीं है।

## व्यापार मंडल के प्रत्याशियों को आज मिलेंगे चुनाव चिन्ह

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर व्यापार मंडल की चल रही चुनाव प्रक्रिया के तहत बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान अध्यक्ष व महामंत्री पद पर चुनाव लड़ रहे सभी सातों प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए। गुरुवार को नाम वापसी के साथ चुनाव चिन्ह वितरण किए जाने का कार्य किया जाएगा।

नगर व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर कुछ दिन पूर्व शहर पहुंचे व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में नगर व्यापार मंडल चुनाव पर चर्चा करते हुए तिथियों की घोषणा की गई थी। शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 17 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें



- नाम वापसी के साथ गुरुवार को प्रत्याशियों में बांटे जाएंगे चुनाव चिन्ह
- 27 अगस्त को सुबह नौ से शाम चार बजे तक होगा मतदान
- पलिया में नगर व्यापार मंडल चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुई नामांकन पत्रों की जांच

अध्यक्ष पद पर धीरज गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष अनूप मिश्रा व आलोक कुमार गुप्ता ने अपना नामांकन कराया था। वहीं महामंत्री पद के लिए आशीष अग्निहोत्री, संदीप बंसल, राजीव गुप्ता व चांद कुमार जैन ने अपनी दावेदारी की थी। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में व्यापारियों की भीड़ उमड़ी थी। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई।

जांच के दौरान अध्यक्ष व महामंत्री पद पर चुनाव लड़ रहे सभी सातों प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए। गुरुवार को नाम वापसी के साथ चुनाव चिन्ह वितरण किए जाने का कार्य किया जाएगा। जानकारी देते हुए चुनाव प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया कि 22 अगस्त को प्रत्याशियों में चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को सुबह नौ से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इस दौरान व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष बलराम गुप्ता, चुनाव अधिकारी फुरकान अंसारी सहित व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## मलेरिया डेंगू बुखार जैसे रोगों का प्रकोप

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



**स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन**

क्षेत्र में मच्छर जनित रोगों के बढ़ते प्रकोप के चलते ग्रामीण क्षेत्र में नागरिकों को मलेरिया डेंगू बुखार जैसे रोगों की बढ़ती संख्या को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी के निर्देश के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मितौली के अधीक्षक डा0देवेंद्र सिंह द्वारा स्वास्थ शिविर का आयोजन कर बुखार से ग्रसित मरीजों का परिक्षण कराकर दवाओ का निशुल्क वितरण कराया गया।

क्षेत्र के ग्राम मनवापुर करमानी तथा ग्राम पंचायत जम्हौरा ,मूर्तिहा ,बंबिहा, अमेठी में सी एच ओ अंचल साहू प्रज्ञा मिश्रा आशा प्रमोद कुमारी तथा कुसुम कली द्वारा स्वास्थ शिविर में विशेष योगदान दिया गया । क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर एवं ग्राम पंचायत कलिया मजरा रमपुरवा तथा पचदेवरा तथा ग्राम पंचायत ओदरहा में सी एच ओ अंजू वर्मा तथा आशा मिथिलेश गुप्ता द्वारा स्वास्थ सिविल में विशेष रूप से सहयोग किया गया।

ग्राम पंचायत बजरखा में सी एच ओ अवनीश कुमार शाही द्वारा स्वास्थ शिविर लगाकर दवाएं वितरित की गई।क्षेत्र के ग्राम करमानी में 120 मरीज देखे गए 49 मरीजों की जांच की गई 2 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए 120 मरीजों को दवाएं वितरित की गई । वही रसूलपुर में कुल 82 मरीजों को देखा गया 40 मरीजों का परीक्षण किया गया 2 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए 40 मरीजों को दवाओ का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत बिछिया में कुल 93 मरीजों का पंजीकरण कराया गया जिसमे 59 मरीजों के सैंपलों की जांच की गई जिसमे 2 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए 195 मरीजों को दवाओ का वितरण किया गया। ये जानकारी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह द्वारा दी गई।

## न्याय के लिए हड़ताली डॉक्टरों की लड़ाई जारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



**नवे दिन भी जारी रहा विरोध**

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या से आक्रोशित रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन पूरे देश में प्रदर्शन कर रही है। इसी बैनर के तले लखीमपुर खीरी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स भी प्रदर्शन कर रहे हैं।

डॉ विवेक ने बताया कि हमारे साथी ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के 9 दिन बीत चुके हैं परंतु इसके बावजूद अभी तक उसे न्याय नहीं मिल पाया है। भले ही जांच सीबीआई को सौंप दी गई हो इसके बावजूद अभी भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं जिससे पीड़िता के पिता संतुष्ट नहीं है और न ही रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन इससे संतुष्ट है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक हड़ताल ऐसे ही चलती रहेगी। बुधवार को भी बारिश के बीच डॉक्टर की हड़ताल चलती रही। डॉक्टर ने अपना विरोध जताते हुए टेंट के नीचे ओपीडी की इस दौरान हड़ताल में डॉक्टर को आम लोगों का भी समर्थन मिल रहा है। हड़ताली डाक्टरों में डॉ दीपा, डॉ विकास विद्यार्थी, डॉ सुधीर डॉ श्री राम दो विश्व दीपक डॉ ऋतु सहित प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर भी हड़ताल में शामिल हुए।

## बेलहा सिकटिहा गांव में शारदा नदी ने पुनः पकड़ी रफ्तार

- नही चेता प्रशासन तो मिट जायेगा कई गांवों का वजूद

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील गोला के ब्लाक बिजुआ के तराई क्षेत्र में शारदा का कहर लगातार जारी है। शारदा ने बीते दिनों ग्राम पंचायत करसौर के मजरा नयापुरवा व चकपुरवा का अस्तित्व बिलकुल समाप्त कर दिया है। ये गांव अब केवल कागजों में ही सिमट कर रह गए हैं। वहीं मंगलवार को शारदा ने बेलहा सिकटिहा, बेचेपुरवा में कटान तेज कर दिया, कटान को देखते हुए ग्रामीणों में भय बना हुआ है।

एक माहपूर्व शारदा नदी ने बेलहा सिकटिहा में कटान शुरू किया था तब तहसील गोला की राजस्व टीम ने गांव पहुंच कर कटान रोकने के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिया था । सिंचाई विभाग की टीम ने कटान रोकने के लिए बांस के जाल बनाए थे और बोरियों में ईंट का रोडा डालकर उसमें रखते लेकिन कार्य को लेकर ग्रामीण और टीम में विवाद हो गया था जिस कारण काम को रोकना पड़ा था उसके बाद उपजिला अधिकारी गोला विनोद कुमार गुप्ता के द्वारा काफी समझाने के बाद ग्रामीण तैयार हो गए थे लेकिन कोई भी काम नहीं किया गया,बोरियों में ईंट का रोड़ा भरा हुआ पड़ा है बाकी रोड़ा बाहर भी पड़ा है। शारदा में बाढ़ ज्यादा आ जाने टीम बिना काम शुरू किए है टीम वापस चली गई थी।




अब शारदा नदी ने कटान पुनः शुरू कर दिया है और शंभू एवं अनिल का मकान शारदा नदी ने अपनी आगोश में ले लिया ।वहीं सोहन पुत्र रघुबर, ने अपने मकान को जेसीबी से तोड़ डाला मलवा जस का तस पड़ा है, रास्ता नदी में कट जाने के कारण उनके घर तक पहुंचाना मुश्किल है जिससे वह अपना मलवा उठाकर कहीं दूसरी जगह नही ले पा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि टीम जब कटान रोकने के लिए आई थी तो उसने बांस के जाल बनाकर छोड़ गई थी लेकिन कोई कार्य नहीं किया था अगर टीम द्वारा कटान रोकने के लिए नदी में जाल डाल कर ईंट का रोडा उसमें पड़ गया होता तो हो सकता आज कटान नही होता लेकिन टीम द्वारा जो बांस के जाल नदी में लगाए गए थे उसमें बोरियों में भरकर रोडा ना डालने के कारण बाढ़ के पानी में वह सारे जाल बह गए और कटान रोकने का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका अब शारदा नदी ने पुनः कटान शुरू कर दिया है जिससे गांव के दो मकान नदी में समा चुके है और कई मकान सारदा नदी के जद है।अगर प्रशासन अब भी नही चेता तो कहीं इन गावों का भी शारदा अन्य गांवों की तरह इन गांवों का भी नामों निशान न मिटा सकती है।

## उपचुनाव में निर्वाचित प्रधान, बीडीसी, सदस्य ग्राम पंचायत का शपथ ग्रहण 24 को

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने उप निर्वाचन में निर्विरोध/सविरोध निर्वाचित 05 प्रधान एवं 52 सदस्य ग्राम पंचायत, आठ बीडीसी का 24 अगस्त को शपथ ग्रहण कार्यक्रम निर्धारित किया है। डीपीआरओ विशाल सिंह ने बताया कि नवनिर्वाचित 05 ग्राम प्रधानों और 52 सदस्य, ग्राम पंचायत को संबंधित क्षेत्र पंचायत कार्यालय में पूर्वाहन 11 शपथ एवं प्रतिज्ञान दिलाई जाएगी। वही ब्लॉक लखीमपुर, मोहम्मदी, पसगवाँ मितौली एवं निघासन के नवनिर्वाचित आठ क्षेत्र पंचायत सदस्यो को उसी दिन दोपहर 12 बजे संबंधित क्षेत्र पंचायत कार्यालय में शपथ दिलाई जाएगी। प्रधान को बीडीओ, बीडीसी को प्रमुख क्षेत्र पंचायत और सदस्य ग्राम पंचायत को सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) शपथ दिलाएंगे। उन्होंने बताया कि उप निर्वाचन में ब्लॉक लखीमपुर की कादीपुर में नजमा पत्नी इरफान, बॉकेगॅज की ग्राम पंचायत पहाड़पुर में राजेश कुमार पुत्र शिव रतन लाल, पसगवॉ की दोहक में श्रीमती विनीता यादव पत्नी दीपक कुमार यादव, निघासन की गुलरिया पत्थर शाह में आशिक अली पुत्र छोट्टन, निघासन की नौरंगाबाद ग्राम पंचायत में माया देवी पत्नी रत्ती राम निर्वाचित हुए है। इसके अलावा ब्लॉक लखीमपुर, मोहम्मदी, पसगवाँ मितौली एवं निघासन विकास क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत के विभिन्न वार्डों से आठ क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए है।

## भारत बंद को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- धरने के दौरान जमी रही भीड़, मुख्य चौराहे पर घंटो लगा रहा जाम

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के आवाहन पर भारत बंद के समर्थन में बुधवार को भीम आर्मी व बीएसपी के समर्थकों ने विशाल धरना प्रदर्शन किया। निघासन के मुख्य के चौराहे पर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने जाम में फंसे लोगों को मजबूरी को देखते हुए समर्थकों को मनाने में जुटी रही। पुलिस प्रशासन के द्वारा समझाने के बाद मुख्य चौराहे से भीम आर्मी वी बीएसपी के समर्थक पलिया स्टेट हाइवे से तहसील मुख्यालय तक पहुंचे। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम निघासन राजीव निगम को सौंपा।



उन्होंने बताया कि एससी एसटी एक्ट का आरक्षण खत्म करने का आदेश जारी हुआ है।जिसे बाबा साहब ने काफी मेहनत के बाद दिलाया था। एससी एसटी एक्ट के आरक्षण का मूल आधार सामाजिक शोषण है न कि आर्थिक स्थिति में सुधार। देश की आजादी के बाद भी एससी और एसटी वर्गो के ऊपर छुआ छूत आदि प्रकार के उत्पीड़न झेलने पड़े है। कांग्रेस पार्टी की सरकार रही हो या वर्तमान में बीजेपी सरकार हमेशा एससी एसटीके आरक्षण को खत्म करने के लिए सरकारी नौकरियों को कांट्रेक्ट के माध्यम से कार्य कराया गया है। सरकारी उपक्रमों को निजी हाथों में देकर एससी एसटी वर्गो का आरक्षण खत्म करने पर तुले हैं। आरक्षण खत्म करने से संविधान को क्षति पहुंचेगी। जो बाबा साहब ने रचा था वह अभी तक गलत साबित नहीं हुआ है। लेकिन सरकार की नजर में संविधान गलत होने की बात सामने आ आई है।इस दौरान तहसीलदार भीमचंद,प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह,नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही, बीएसपी सेक्टर अध्यक्ष रमेश कुमार गौतम,प्रदीप गौतम,पतिराम मौर्य, गयाप्रसाद गौतम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने धौरहरा ब्लॉक में हैण्डपम्प मरम्मत नल रिबोर की कराई जांच, कमियां उजागर

- कार्रवाई की जद में आए 16 प्रधान, 06 सचिव, 02 फर्म, नोटिस जारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शीर्षक हैण्डपम्प मरम्मत व नल रिबोर कार्य में हो रहा बडा फर्जीवाड़ा से प्रसारित समाचार का संज्ञान लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 09 जिलास्तरीय अधिकारियों से ब्लॉक धौरहरा की ग्राम पंचायत घुघुरगुट्टाबुजुर्ग, मटनी, अमेठी, केशवापुर खुर्द, रामलोक, शाहपुर, बबुरी, हरदी, डिहुआकंला, परसा, मिर्जापुरवा, महराजनगर, देवीपुरवा, हरसिंहपुर, जंगलवाली, केशवापुर कला तथा बम्हौरी में रिबोर/मरम्मत कराये गए इण्डिया मार्का हैण्डपम्पों की स्थलीय जाँच करायी। जांच में 13 ग्राम पंचायत में धनराशि रिकवरी और 03 ग्राम पंचायत में प्रक्रियात्मक त्रुटियां मिली है। जांच में अफसरों को धनराशि रू0 15 लाख 37 हजार 818 का अन्तर मिला तथा 02 ही फर्मो (अली कान्ट्रेक्टर एवं अली वारिस कान्ट्रेक्टर) द्वारा पूरे विकास खण्ड में कार्य कराया जाना पाया गया। जिस कारण दोनो फर्मो एवं सम्बन्धित 06 सचिवों को जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह द्वारा और सम्बन्धित 16 प्रधानों को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नोटिस निर्गत कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के उपरांत कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।सभी 16 प्रधान, 06 सचिव और काम करने वाली दो फर्मो पर कार्यवाही की तलवार लटक रही है।

# उ.प्र सिपाही भर्ती परीक्षा : लखनऊ में बने 81 परीक्षा केन्द्र पर 39,072 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आरक्षी सीधी भर्ती-2023 लिखित परीक्षा के लिए लखनऊ में 81 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। ये परिक्षाएं 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को होनी है। इन परीक्षा केन्द्रों में 39,072 अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने सारी तैयारी कर ली है।

यह परीक्षाएं इन तारीखों में दो पलियों में सम्पन्न होंगे। प्रथम पाली सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली में दोपहर तीन बजे से शाम



पांच बजे तक रहेगा। 81 परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस भर्ती बोर्ड के मानक के अनुसार केन्द्र प्रभारी पुलिस एवं सीसीटीवी प्रभारी की ड्यूटी लगायी गयी है।

उनके साथ केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आवश्यक पुलिस बल की तैनाती की गयी है। परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चले, इसके लिए रेलवे स्टेशन, मैट्रो, बस अड्डा एवं टैक्सी स्टैण्ड व परीक्षा केन्द्रों के पास यातायात पुलिस की ड्यूटी लगायी गयी है।

सभी परीक्षा केन्द्रों के मुख्य गेट और प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की प्रभावी चेकिंग के लिए आधुनिक उपकरणों के साथ प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। महिला पुलिस कर्मियों को भी तैनाती की है। परीक्षा से संबंधित तैयारियों का पूर्वाभ्यास बुधवार को किया गया। साथ ही ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध : कपिलदेव

### स्वावलम्बी भारत अभियान के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में स्वावलम्बी भारत अभियान के अंतर्गत भव्य उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को स्वावलंबी बनने की दिशा में प्रेरित करना और उन्हें संसाधन उपलब्ध कराकर उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाना था। यह महत्वपूर्ण



कार्यक्रम 21 अगस्त से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में उद्यमिता प्रोत्साहन से संबंधित गतिविधियों काआयोजन होगा। इस अभियान की शुरुआत लखनऊ के अलीगंज स्थित कौशल विकास मिशन के सभागार में की गई, जहां प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल

### स्वावलम्बी भारत अभियान की आवश्यकता पर जोर

उन्होंने अपने वक्तव्यों में स्वावलम्बी भारत अभियान की आवश्यकता पर जोर दिया और युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस सम्मेलन के दौरान युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में लोन प्रदान करने की योजना पर भी चर्चा हुई। बैंक ऑफ इंडिया ने इस पहल में लीड बैंक की भूमिका निभाने का वादा किया। बैंक ऑफ इंडिया के जनरल मैनेजर ने बताया कि बैंक इस दिशा में पूरी तरह से सहयोग करेगा और युवाओं को आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करेगा ताकि वे अपने उद्यम स्थापित कर सकें और देश के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें।

विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सरकार भी इस दिशा में हरसंभव समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के दौर में उद्यमिता न केवल रोजगार सृजन का साधन है, बल्कि यह समाज के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित किया और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिनके माध्यम से युवा उद्यमी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथियों में रश्मि सिंह, आईएएस, आरएसएस के विशेष संपर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया और स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संयोजक अनुपम श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा, उद्यमिता से संबंधित एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया, जो युवाओं को इस क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करेगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक अरविन्द जैन ने की।

## खबरें एक नजर में

### नगर निगम जोन पांच समस्याओं का अंबार, नहीं हो रही सुनवाई



**लखनऊ, आर्य प्रवाह।** सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत पंडित खेड़ा निवासी लोग नगर निगम जोन 5 ऑफिस अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर जोन 5 ऑफिस गए स्ट्रीट लाइट कूड़ा प्रबंधन एवं लिंक रोड शुभम सिटी से पारा रोड जिससे 8500 लोगो की आबादी को फायदा मिलेगा। परंतु मार्ग प्रकाश विभाग के अधिकारी सूर्य विक्रम सिंह अवर अभियंता ऑफिस से नदारद रहे और सर्वे का आश्वासन देकर बात नहीं की, अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा भी ऑफिस से नदारद रहे। 6 महीने में नगरनिगम ने केवल 180 मीटर का आधा अधूरा नाला ही बनाया एवं कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति ने मिलने का प्रयास तक नहीं किया क्षेत्र के 50 लोग विनीत मिश्रा स्थाई निवासी के नेतृत्व में गए जिसमें विजेंद्र देव ओझा, यमुना शंकर त्रिवेदी, बी.बी. पाल, लवलेश भाटिया, अजय सिंह, राजेश्वर सिंह, दिलीप यादव एवं वीरेंद्र तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी मौजूद थे ।

### नदी में डूबे युवक का 18 घंटे बाद शव मिला

**लखनऊ, आर्य प्रवाह।** निगोहां में नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। 18 घंटे बाद पुलिस ने शव को बरामद किया। युवक की पहचान प्रवेश कुमार (27) के रूप में हुई है। प्रवेश अपने दोस्तों के साथ भरवेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने गया था। प्रवेश एक दिन पहले दोस्तों के साथ मंदिर में दर्शन करने आया था। सई नदी में नहाने के दौरान वो डूब गया। आसपास के लोगों ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की लेकिन पता नहीं लगाया जा सका। घटना की जानकारी के बाद एसडीआरएफकी टीम ने तलाशी अभियान चलाया। बुधवार की शाम करीब 4 बजे प्रवेश का शव बरामद किया गया। एसडीआरएफकी टीम ने शव को पुलिस को सौंप दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार के लोगों ने बताया कि प्रवेश कुमार एक निजी कंपनी में काम करता था।

### आकस्मिक समस्याओं के बचाव के छात्रों ने सीखे गुण

**लखनऊ, आर्य प्रवाह।** कर्नल एस.एन.मिश्र ओबीई मेमोरियल स्कूल में 11वीं राष्ट्रीय आपदा बल (एन.डी.आर.एफ) के इंसपेक्टर राम सिंह व उनकी टीम द्वारा विद्यालय में प्राकृतिक आपदाओं एवं आकस्मिक समस्यों से बचाव एवं निदान के लिए विद्यालय मे प्रस्तुति व प्रदर्शन किया। इस में उन्होनें विद्यालय के बच्चों व शिशकों भूकम्प, आग से बचाव अकस्मिक स्थिति जैसें सर्प दंश, हदय घात, रक्तस्राव में प्राथमिक उपचार के विषय में अवगत कराया साथ ही में उन्होने घरेलू सामान से स्ट्रेचर बनाना एवं सी.पी.आर देना भी सिखाया और अंत में विद्यालय के प्रबंधक सन्मय शुक्ला, डायरेक्टर प्रीती त्रिवेदी, प्रधानाचार्या पूजा सिंह, शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण भी किया।

### सी.एम.एस. के चार छात्रों को 16 लाख की स्कॉलरशिप

**लखनऊ, आर्य प्रवाह।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आर.डी.एस.ओ. कैम्पस के चार मेधावी छात्रों साधिका गोयल, अनुष्का यादव, उज्जवल कुमार एवं निकिता यादव को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 16 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष रु. 80,000- अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा-12) परीक्षा-2024 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु इन छात्रों को विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है। सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सी.एम.एस. के शैक्षिक वातावरण को दिया है।

### रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल जारी, मरीजों का प्रदर्शन

**लखनऊ, आर्य प्रवाह।** राजधानी लखनऊ के 2 हजार सहित प्रदेश के 4 हजार से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टरों के प्रदर्शन के चलते मरीजों पर इलाज का संकट है। सोमवार-मंगलवार को बड़ी संख्या में मरीज और तीमारदार बिना इलाज वापस लौट गए। इस बीच कई मरीजों की सर्जरी भी टालनी पड़ी। इस बीच बुधवार सुबह गोमती नगर के डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कई दिनों पर्चा न बनने की वजह से परेशान मरीजों और तीमारदारों ने गेट नंबर-2 के बाहर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाली सड़क पर विरोध-प्रदर्शन किया।

### ठाकुरगंज पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया

**लखनऊ, आर्य प्रवाह।** राजधानी लखनऊ की ठाकुरगंज पुलिस ने तीन चोरों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का सामान और जेवरात भी बरामद किया है। ये लखनऊ से बाहरी इलाकों में रेकी के बाद चोरी का वारदात को अंजाम देते थे। एसीपी चौक के निर्देश पर सलमान खान, बावर्ची टोला सआदतगंज के सलमान, और सहादतगंज के ही इकराम के रूप में हुई है। तीनों युवकों ने पूछताछ में बताया कि वजीरगंज इलाके के एक मकान में कुछ दिन पहले ही चोरी की थी। पुलिस ने बताया कि सर्विलांस की मदद से तीनों चोरों का पकड़ा गया है। इनकी तलाश की जा रही थी। मंगलवार की रात को ठाकुरगंज बाजार के पास से ही इन तीनों को पकड़ा गया।

### मुख्यमंत्री योगी ने किया 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट का वर्चुअल लोकार्पण

# यूपी में निवेश सुरक्षित व लाभकारी

### जेके सीमेंट प्लांट वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संकल्प की भव्य इमारत का मजबूत स्तम्भ साबित होगा : नन्दी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किया गया निवेश पूर्णतः सुरक्षित और व्यवसाय के लिए लाभकारी है। निवेशकों के पूंजी की सुरक्षा की गारंटी प्रदेश सरकार की है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि दुर्व्यवस्था थी। हर तीसरे दिन दंगा होता था। व्यापारियों को धमकियां दी जाती थी।

बिजनेसमैन को प्रताड़ित किया जाता था। एक-एक फाइल के लिए उन्हें कई-कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे। हमने रिस्क लिया और रिफॉर्म किया। पॉलिसी बनाई और उसे मजबूती के साथ लागू किया। यही वजह है आज उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में अचीवर स्टेट बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेके सीमेंट उत्तर प्रदेश का औद्योगिक समूह है। कतिपय कारणों से उत्तर प्रदेश से इनका विश्वास कम हो गया था और यह समूह प्रदेश छोड़ने को मजबूर हो गया। धीरे-धीरे इस समूह ने उत्तर प्रदेश से अपने निवेश को समेट कर अन्य राज्यों में करना शुरु कर दिया था। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के अभियान के क्रम में संगम नगरी में जेके सीमेंट के द्वारा यह संयत्र स्थापित किया जा रहा है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले सात वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश प्रगति और परिवर्तन का साक्षी बना है। औद्योगिक विकास और आर्थिक समृद्धि ने एक नया आयाम और एक नया मुकाम हासिल किया है। इसी श्रृंखला में आज जेके सीमेन्ट द्वारा 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेन्ट प्लांट का उद्घाटन किया गया। यह प्लांट वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संकल्प की भव्य इमारत का मजबूत स्तम्भ साबित होगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि आज का दिन माँ गंगा-यमुना और सरस्वती के आँचल में बसी संगमनगरी प्रयागराज के लिए भी अविस्मरणीय है।

### यूपी में रेलवे, एक्सप्रेसवे और हाइवे का बेहतरीन नेटवर्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद इस समूह को पहले तीन वर्ष यह समझने में लग गए कि सरकार की कथनी और करनी में कोई सच्चाई है कि नहीं? हमारी सरकार की कथनी और करनी के जब परिणाम सामने आए तो देखते ही देखते जेके समूह ने 1200 करोड़ के निवेश के साथ प्रदेश में तीन प्लांट 2020 में अलीगढ़, 2022 में हमीरपुर और 2024 में प्रयागराज में स्थापित कर दिया है या करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में रेलवे, एक्सप्रेसवे और हाइवे का बेहतरीन नेटवर्क है। इससे यहां के उत्पाद दूसरे राज्यों में आसानी से भेजे जा सकते हैं।

### लाखों नौजवानों के लिए नौकरी की संभावना बनी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि निवेश के लिए इन्वेस्टर समिट कैसे होता है यह भी उत्तर प्रदेश ने जीआईएस-2023 के माध्यम से देश को दिखा दिया। उस समिट के माध्यम से 40 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्रदेश को प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी वर्ष फरवरी में 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रस्ताव का ग्राउंड ब्रेकिंग किया। यही नहीं वर्तमान समय में बहुत सारी इकाइयों ने उत्पादन भी प्रारंभ कर दिया है। इससे लाखों नौजवानों के लिए नौकरी की संभावना बनी है।

# यूपी के 247 पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का होगा सर्वे : जयवीर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों की गणना करने एवं उनके अनुभव को साझा करने के लिए प्रदेश के 247 स्थलों पर आने वाले पर्यटकों का एक वर्ष तक सर्वे कराया जाएगा। यह स्थल प्रत्येक जिले में स्थित हैं, जहां एक सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक सर्वे होगा। इसके लिए पर्यवेक्षक लगाये जायेंगे। इन पर्यवेक्षकों को सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न बारीकियों की जानकारी देने के लिए बुधवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 200 से अधिक सर्वेयर्स को प्रशिक्षित किया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के अलावा इन सर्वेयर्स को चारबाग रेलवे स्टेशन और बीकेटी स्थित चंद्रिका देवी मंदिर का स्थलीय निरीक्षण भी कराया गया। यूपी पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। घरेलू पर्यटन के मामले में यूपी देश में अव्वल है। विदेश से आने वाले पर्यटकों के मामले में भी यह उपलब्धि हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। पर्यटन स्थल और पर्यटक सुविधाओं का

### विदेशी पर्यटकों के मामले में यूपी को बनाना है देश में अव्वल

विकास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विदेशी पर्यटकों के मामले में भी देश में पहला स्थान प्राप्त करने के लिए पर्यटन स्थलों को नये सिरे से सजाया और संवारा जा रहा है। सरकार पर्यटकों को और अच्छी सुविधाएं दे सके, इसके लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार, नियोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक जिले का सर्वे कराया जा रहा है। इसके लिए आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट एआईआईएलएसजी को कार्यदायी संस्था चुना गया है। सर्वे के द्वितीय चरण हेतु प्रदेश में 247 पर्यटन स्थलों को चिह्नित किया गया है। द्वितीय चरण के सर्वे हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एआईआईएलएसजी के टेक्निकल डायरेक्टर पश्चिम तिवारी ने सर्वेयर्स को सर्वे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सर्वे के जो नियम बनाए गए है उसका हर हाल में पालन करें। विशेषज्ञों ने भी सरवेयर्स का मार्गदर्शन किया।

# शिक्षक भर्ती धरना दे रहे अभ्यर्थियों की आधी रात में शिक्षा निदेशालय से हटाया

समृद्धि न्यूज

### शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस का एक्शन

**लखनऊ।** एससीईआरटी निदेशालय पर उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से धरना-प्रदर्शन को शिक्षक अभ्यर्थियों को आधी रात को धरना स्थल से हटा दिया गया। देर रात्रि प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को गाड़ियों में भरकर दूसरे स्थान ले जाया गया। पुलिस ने 4 गाड़ियों में प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को अलग-अलग दिशाओं मे लेकर जाकर छोड़ा। प्रदर्शनकारियों ने फिर से धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है।

उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे शिक्षक अभ्यर्थी लखनऊ में बेसिक शिक्षा निदेशालय पर धरना दे रहे थे। रात में चल रहे इस धरना प्रदर्शन को पुलिस ने जबरन खत्म कराया। पुलिस द्वारा देर रात्रि प्रदर्शनकारियों को गाड़ियों में भरकर दूसरे स्थान पर ले जाया गया। पुलिस ने महिला अभ्यर्थियों को देर रात धरना स्थल से हटाया।नियुक्ति पत्र देने की मांग को लेकर एससीईआरटी निदेशालय पर शाम से ही सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी धरना प्रदर्शन कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती रद्द होने के बाद अभ्यर्थियों का ये प्रदर्शन हुआ। उनकी मांग है कि जल्द उन्हें जल्द नियुक्ति पत्र दिया जाए,ऐसा न हो कि ये भर्ती प्रक्रिया फिर किसी अधर में अटक जाए। 69 हजार शिक्षकों की भर्ती पर इलाहाबाद कोर्ट के फैसले के बाद शिक्षकों को अपनी नौकरी की चिंता है। अभ्यर्थी जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र देने की मांग कर रहे हैं। बीते दिनों उत्तर प्रदेश में 2019 में आई 69,000 शिक्षकों की भर्ती को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच बड़ा फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट ने इस भर्ती को पूरी तरह रद्द करने के आदेश दे दिए और नए सिरे से मेरिट लिस्ट जारी करने के आदेश दे दिए हैं। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद यूपी सरकार को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद बेसिक शिक्षा विभाग को अब अगले 3 महीनो में 69,000 शिक्षकों की भर्ती का परीक्षा का परिणाम नए सिरे से जारी करने का आदेश दिया है। भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों ने सवाल उठाते हुए 19 हजार पदों पर आरक्षण घोटाले का आरोप लगाया था।हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद बीते 4 सालों से नौकर कर रहे हजारों शिक्षकों की नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है।

## बिजली चोरी की शिकायत पर चेकिंग करने गई टीम से मारपीट

**लखनऊ।** मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत गढ़ी संजर खां गांव में बुधवार को विद्युत चोरी की शिकायत मे उपभोक्ता के घर पहुंची लेसा टीम से मारपीट की गई। वहीं, उपभोक्ता ने लेसाकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद विद्युत उपकेंद्र के जेई और उपभोक्ता ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए मलिहाबाद कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।मलिहाबाद तहसील में उपकेंद्र में कार्यरत अवर अभियंता त्रिभुवन के मुताबिक, बुधवार को गढ़ी संजर खां गांव में उपभोक्ता सूर्य प्रकाश के घर पर विद्युत चोरी करने के शिकायत मिली थी। इस पर लेसा टीम उपभोक्ता के घर पहुंची गई। उनका आरोप है कि लेसाकर्मियों को देख उपभोक्ता अभद्रता कर सरकारी काम में बाधा डालने लगा। इस दौरान लेसा टीम ने मोबाइल कैमरे से वीडियोग्राफी शुरु कर दी, तो उपभोक्ता ने लेसाकर्मियों का मोबाइल छीन तोड़ दिया। वहीं उपभोक्ता का कहना है कि सुबह करीब छह बजे उसके घर पर कुछ लोग सीढ़ी लगाकर दाखिल हो गए। घर की महिलाएं स्नान कर रही थी, तभी वह लोग वीडियो बनाने लगाने लगे।

# दुग्ध व्यवसाय शहरी व ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार का सशक्त माध्यम : धर्मपाल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्ष 2022-23 में प्रदेश के सर्वाधिक दुग्ध आपूर्तिकर्ता 66 दुग्ध उत्पादकों को गोकुल पुरस्कार और गाय के सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले 48 दुग्ध उत्पादकों को नन्दबाबा पुरस्कार से आज यहां इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। पुरस्कृत 114 दुग्ध उत्पादकों को प्रतीक चिन्ह, पुरस्कार धनराशि प्रमाण-पत्र सहित देकर प्रोत्साहित किया गया।

श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से भारतीय गोवंशीय देशी गाय के दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है और गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। श्री सिंह ने दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध समितियों के माध्यम से व्यवसाय करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक माह के अंदर दुग्ध समितियों के दुग्ध मूल्य का भुगतान कराया जायेगा।कार्यक्रम में गोकुल पुरस्कार के अंतर्गत लखीमपुर-खीरी निवासी एवं वेलवा



मोती समिति के वरूण सिंह को राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार और मेरठ के रहने वाले रुहासा दुग्ध समिति के हर्ष मित्तल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इन दोनों दुग्ध उत्पादकों को क्रमशः 02 लाख रुपये एवं 1.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि तथा शेष अन्य चयनित लाभार्थियों को जनपद स्तरीय पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। नंदबाबा पुरस्कार के तहत अयोध्या निवासी उधौली दुग्ध समिति के लवलेश कुमार को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करते हुए पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। जनपद स्तरीय पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई। श्री सिंह ने कहा कि पुरस्कृत 114 दुग्ध उत्पादकों में से 26 महिला लाभार्थी है, जो दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में महिलाओ की भागीदारी का एक सशक्त उदाहरण है। दूध प्रोसेसिंग की कमियों को दूर करने, किसानों को प्रशिक्षण देने एवं दुग्ध उत्पादन में नई तकनीक व नई जानकारी देने का कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिससे प्रति पशु दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हो रही है। प्रदेश में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से पशुपालन एवं दुग्ध व्यवसाय को कृषि के सहयोगी व्यवसाय के रुप में अपनाया जा रहा है। वर्तमान में दुग्ध व्यवसाय शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार कासशक्त माध्यम बन चुका है। यह किसानों और पशुपालकों की आय दोगुना करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है। दुग्ध उत्पादकों के हित में प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें ऋत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का लाभ तथा तकनीकी निवेश की सुविधा दुग्ध उत्पादकों को उनके द्वार पर ही उपलब्ध करायी जा रही है और पशु प्रजनन, पोषण एवं प्रबन्धन का प्रशिक्षण भी मिल रहा है।

# विशिष्ट दिव्यांगता आईडी व पेरेंट्स काउंसलिंग का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** दिव्यागजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु भारत सरकार की अनोखी पहल के अन्तर्गत विकास खंड सिरौलीगौसपुर के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों हेतु विशिष्ट दिव्यांगता आईडी बनाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम में कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप में मुख्य रूप से डॉ0 विनोद पाल मनोचिकित्सक, डॉ0 अफसर खान आर्थो सर्जन, डॉ0 डी0 के0 श्रीवास्तव नेत्र सर्जन, डॉ0 विनय सीएचसी सिरौलीगौसपुर के पैनल ने छात्रों का परीक्षण किया। इसके साथ साथ विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों

### प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम में कैंप का आयोजन

की काउंसलिंग का भी आयोजन किया गया। जिसमें करीब 60 अभिभावकों की उपस्थिति रही। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल ने समस्त अभिभावकों से अपने छात्रों को विद्यालय में नामांकन कराकर प्रतिदिन विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। सहयोगकर्ता के रूप में स्पेशल एजुकेटर संतोष कुमार भारती, लक्ष्मी बाल, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, राम निवास उपस्थित रहे।

## अश्लील हरकत करते युवक को युवती के भाई ने पकड़ा

**जैदपुर बाराबंकी।** घर मे बहन अकेली देख एक युवक बाउंड्री तड़क कर घर मे घुसकर दुपट्टा खींचकर अश्लील हरकते करते समय भाई ने पकड़ लिया। जिसे लेकर दबंग द्वारा धमकाने से परेशान भाई ने थाना जैदपुर मे शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां के एक व्यक्ति थाना जैदपुर मे तहरीर देते हुये अवगत कराया है कि 19 अगस्त को घर के सभी लोग बाहर गये थे और बहन घर मे अकेली थी। उसी समय गांव के अशीष कुमार पुत्र दुखीराम घर मे घुसकर बहन के साथ अश्लील हरकते करने लगा।मौके पर पहुंचे भाई पकड़ लिया तो विपक्षी के परिवार वालों को धमकाता है। शिकयत के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**समस्या** — चेयरमैन पर गंभीर आरोप लगाकर सभासदों ने ईओ से की शिकायत

# जल्द से जल्द वार्डों में विकास कार्य कराए जाने की मांग

समृद्धि न्यूज

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर में जहां एक तरफ आम जनता तमाम समस्याओं से जूझ रहे है वही चेयरमैन निलोफर से न मिल पाने से मायूस नजर आ रहे है। वही आज विभिन्न समस्याओं को लेकर के सभासदों ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगाए है।

साथ ही साथ अधिशासी अधिकारी से मामले में हस्तक्षेप पर जल्द से जल्द वार्डों में विकास कार्य कराए जाने की मांग की है। मामला जैदपुर नगर पंचायत जो लगातार विवादो से घिरी नगर पंचायत से जुड़ा हुआ है।

### अध्यक्ष न कभी नगर पंचायत के ऑफिस आईं न कभी मीटिंग में

जहां पर नीलोफर अंसारी अध्यक्ष के रूप में चयनित हुई थी उसके बाद से सभासदों का आरोप है कि अध्यक्ष न कभी नगर पंचायत के ऑफिस आई हैं। न कभी मीटिंग में कोई हिस्सा लिया है। जिससे आज तक सभासदो ने अध्यक्ष महोदया को देखा तक नहीं है। ऐसे में विकास कार्य कराए जाने की कल्पना ही बेकार है।

सभासदों का आरोप है कि अध्यक्ष का बेटा सभासद दाऊद ही पूरे कार्यभार को देखता है और मनमानी तरीके से काम करता है। जिससे की समस्त वार्डों मे विकास कार्य बाधित है। जिसे लेकर आज सभासद शाह आलम,अबु सुफियान, मो अबसार, सभासद प्रतिनिधीराम सिंह, सायम रिजवी, कलीम, नसीम उर्फ शाहरुख़ आक्रोशित होकर अधिशाषी अधिकारी आलोक वर्मा को ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन के माध्यम से की मांग है कि नगर पंचायत अध्यक्ष बैठक में शामिल हो।हर महीने नियमित रूप से विकास कार्य को लेकर के नगर पंचायत की बैठक हो और अपने पुत्र सभासद दाऊद की मनमानी पर लगाम लगाया जाए।

आपको बता दें कि अध्यक्ष निलोफर के नगर पंचायत न आने से कस्बे की आवाम भी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है। जिनकी फरीयादों? में पिछले कई महीनों? से आश्वासन के सिवा कुछ और हाथ नहीं? लगा है। वार्डों में विकास कार्य बाधित हो रहा है। नाली बनना तो दूर नालियों की सफाई नहीं हो रही है। वार्डों की लाइट खराब है। राशन कार्ड इसके अलावा बहुत से विकास कार्य है। बाधित हो रहे है। बार-बार अधिशासी अधिकारी आलोक वर्मा सूचित किया गया है?। लेकिन अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बिना कोई भी कार्य सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है और जो भी कार्य हो रहे है।

वह अध्यक्ष के पुत्र प्रतिनिधि दाऊद के मुताबिक हो रहे है। जिससे कि सभासदो और आम जनता में आक्रोश है। आपको बता दे की नगर पंचायत में अध्यक्ष के न आने से लगभग 6-7 महीने से विकास कार्य को लेकर के होने वाली नगर पंचायत बोर्ड की कोई बैठक अभी तक नहीं आहूत की गई तो विकास कार्य होना दूर की बात है। ऐसे मे आम आदमी चाहे जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की समस्या हो या अन्य समस्याएं हो उनको लेकर के नगर पंचायत कार्यालय आता है। लेकिन अध्यक्ष के न होने से खाली वापस चला जाता है। आज सभासदों द्वारा अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देने के बाद अब देखने वाली बात होगी कि क्या अधिशासी अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद अध्यक्ष महोदय अपनी जिम्मेदारी समझेंगी और नगर पंचायत की होने वाली बैठकों में हिस्सा लेंगी जिससे कि नगर पंचायत में कोई विकास कार्य बाधित न हो और आम जनता परेशान ना हो।

# गोण्डा में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए किए गए सख्त सुरक्षा इंतजाम

गोंडा एसमृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जनपद गोण्डा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा सख्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम की निगरानी में यह परीक्षा कराई जाएगी।

परीक्षा के लिए जनपद में 13 केंद्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे और दोपहर 3 से 5 बजे के बीच परीक्षा होगी। जनपद स्तर पर 52,320 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा 23, 24, 25, 30, और 31 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

जिला प्रशासन की ओर से अभ्यर्थियों के लिए दिशा.निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि परीक्षा को सफ्ल, सुचारू, नकलविहीन, और सकुशल संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, और परीक्षा सहायक की तैनाती की गई है।

परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक, सहायक केंद्र व्यवस्थापक, और स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने.अपने परीक्षा केंद्र पर परीक्षा आरंभ होने से 3 घंटे पूर्व पहुंचेंगे और प्रश्नपुस्तिका से संबंधित सीलबंद बक्से सेक्टर मजिस्ट्रेट से प्राप्त कर निर्धारित समय पर केंद्र प्रभारी पुलिस और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में खोलेंगे।

परीक्षा समाप्ति के उपरांत ओएमआर शीट व अन्य परीक्षा सामग्री के सीलबंद पैकेट नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे। केंद्र व्यवस्थापक यह भी सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा केंद्र पर किसी भी कार्मिक/अभ्यर्थी के पास मोबाइल फोन नहीं होगा। कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति के समय केंद्र व्यवस्थापक के द्वारा उनकी क्षमता, निष्ठा, सामान्य छवि, और दृढ़ अनुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का ध्यान दिया जाना आवश्यक है। केंद्र व्यवस्थापक बोर्ड द्वारा जारी निर्देश पुस्तिका में दिए गए सभी निर्देशों का गहनता से अध्ययन करेंगे तथा बोर्ड के निर्देशानुसार सभी कक्ष निरीक्षकों एवं अन्य संबंधित को निर्देशों से अवगत कराते हुए उनका समुचित प्रशिक्षण कराया जाना और निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।



### इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज ;साइंस कैंपसद्ध, राजकीय पॉलीटेक्निक गोण्डा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शहीद.ए.आज़म सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज, जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज, सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटरमीडिएट कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज, फ्अ.अ. राजकीय इंटर कॉलेज, भइया राघव राम पांडेय स्मारक श्री गांधी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बड़गांव, कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी, और मारवाड़ी इंटर कॉलेज बड़गांव।

- जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम करेगी परीक्षा की निगरानी
- जनपद में 13 केंद्रों पर 52,320 अभ्यर्थी पुलिस भर्ती परीक्षा में होंगे शामिल

### अभ्यर्थी इन बातों का रखें ध्यान

1. बोर्ड द्वारा जारी प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा दिवस पर परीक्षा प्रारंभ होने से 2 घंटा पूर्व प्रवेश पत्र, आधार कार्डध्पहचान पत्र (ई.आधार, डी.एल.ए पासपोर्ट), काला/नीला बाल प्वाइंट पेन के साथ उपस्थित हों। परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा तथा इसके बाद किसी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
2. जिन अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र में आधार नंबर का उल्लेख नहीं किया हैए उनसे अपेक्षा है कि वे अनिवार्यतः परीक्षा प्रारंभ होने से 2 घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करें, जिससे निर्धारित समयावधि में उनका सत्यापन किया जा सके।
3. अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि असुविधा से बचने के लिए परीक्षा केंद्र पर समय से पहुँचें। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र पर अंकित सभी निर्देशों का अध्ययन कर लें तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित करें।
4. किसी अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने का प्रयास करने वाले व्यक्ति की पहचान हेतु तकनीकी प्रबंध किया गया है। ऐसे व्यक्तियों तथा अभ्यर्थियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### यह लेकर परीक्षा केंद्र में न जाएं अभ्यर्थी

परीक्षा केंद्रों पर पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्यामितीय-पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, किसी भी प्रकार का कैलकुलेटर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेज़र, लॉग टेबल/इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर, डिजिटल पेन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे-मोबाइल फोन, चाबी, कैमरा, किसी प्रकार की घड़ी, ज्वैलरी, स्मार्ट वॉच ।

# कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने गाजर घास जागरूकता सप्ताह मनाया



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा द्वारा आज दिनांक 21 अगस्त 2024 दिन बुधवार को राजकीय हाईस्कूल मछलीगांव में डॉ.एस.के. वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के निर्देशन में गाजर घास जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित कर गाजर घास के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती ऊषा यादव प्रधानाचार्य द्वारा किया गया।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपने घर के आस पास उगी गाजर घास को समूल नष्ट करने का आवाह्न किया। डॉ.एस.के.वर्मा ने गाजर घास को जैव विविधता के लिए खतरा बताया। उन्होंने इसके जैविक नियंत्रण पर बल दिया। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने बताया कि गाजर घास का वैज्ञानिक नाम पार्थेनियम हिस्ट्रीफोरस है। यह एक वर्षीय शाकीय खरपतवार है। एक पौधा एक बार में 10 से 15000 बीज पैदा करता है। एक वर्ष में इसकी तीन -तीन पीढ़ियां होती हैं। इस पौधे के संपर्क में आने से मनुष्यों एवं पशुओं में त्वचा रोग, दमा, अस्थमा आदि की बीमारी हो जाती है। इसकी रोकथाम के लिए गाजर घास में फूल आने से पहले नाडेप कम्पोस्ट बनाकर खाद के रुप में प्रयोग की सलाह दी । डॉ.डी.के. श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने बताया कि इसका फैलाव, हवा, पक्षियों, परिवहन के साधनों आदि के द्वारा होता है। डॉ.अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने बताया कि इसकी रोकथाम जाइकोग्रामा बाइकलरेटा नामक कीट द्वारा खाकर किया जाता है। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने बागवानी फसलों में गाजर घास के नियंत्रण के लिए जुताई एवं निराई-गुड़ाई को उपयुक्त बताया। डा. हनुमान प्रसाद पांडेय मृदा वैज्ञानिक ने गाजर घास के रासायनिक नियंत्रण के लिए 2,4-D सोडियम साल्ट या मेटसेल्फ्यूरान मिथाइल के छिड़काव को उपयुक्त बताया। इस अवसर पर राजकीय हाईस्कूल की श्रीमती अंजू गुप्ता वरिष्ठ अध्यापिका, श्री रामपलट अध्यापक तथा शशिकांत यादव लिपिक उपस्थित रहे। राजकीय हाई स्कूल के छात्रों प्रशांत, राधेश्याम, रोहित तथा छात्राओं माही मोहिनी पुष्पा आदि ने प्रतिभाग कर गाजर घास के बारे में विधिवत जानकारी प्राप्त की। जागरूकता कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकगण, राजकीय हाईस्कूल के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में उगी गाजर घास को उखाड़ कर समूल नष्ट किया गया।

# पूरा शहर अतिक्रमण की जद में

नरेंद्र लाल गुप्ता

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पूरा शहर अतिक्रमण की जद में है। फिर वो चाहे मुख्य मार्ग हो या संपर्क मार्ग लोगों का सड़क पर चलना दूभर है। इतना ही नहीं समूचे सहर में भू -माफिया ने कई जमीनों पर अवैध निर्माण कराकर अतिक्रमण कर रखा है। कई भवनों का ध्वस्तीकरण आदेश भी हुवा तो उसे विभागीय साथ गांठ से संरक्षण प्राप्त होने के कारण ध्वस्तीकरण में जंग लग गया है।



किरपा कहां अटकी हुई है ये अब तक साफ नही हो सका। हर कोई अपने तरीके से बंदर बांट का आनंद ले रहा है। ऐसे ही रामलीला मैदान के पास नजूल भूमि पर जब भू माफिया ने कब्जा आरंभ किया और इसकी शिकायत हुई काम रुकते चलते निर्माण संपन्न हुआ। चंद्रशेखर जी नगर मजिस्ट्रेट ने ध्वस्तीकरण आदेश भी किया लेकिन उनके कटे ही साल पूरा होने को है मगर कार्यवाही शून्य। इस बाबत जब हमारे सूत्र ने नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि भाजपाइयों का है अपने लिपिक से भूमाफियाओं के वकील को बुलाकर मिलने को कहा।

हमारा सूत्र तो नगर मजिस्ट्रेट का इशारा समझ गया, शायद आप भी समझ गए होंगे। इस बाबत पूर्व अधिकारी के आदेश के अनुपालन के बारे में जब ईओ नगर पालिका से पूछा गया तो उनको तो जैसे सांप सूंघ गया हो। उनकी चुप्पी टूटने का नाम ही नहीं ले रही। मूक दर्शक अक्सर अपनी बात बिना कुछ कहे ही कह जाते हैं। जाहिर है रामलीला प्रकरण में नगर मजिस्ट्रेट का संरक्षण है तो ईओ नगर पालिका कैसे ध्वस्तीकरण की हिम्मत जुटा पाते। यही कारण है शहर के कई ऐसे भवन जिनके ध्वस्तीकरण का आदेश है कोई स्थगन नही है फिर सीना तान भ्रष्ट सिस्टम को मुंह चिढ़ा रहे है। फिर वो यूनिटी आर्केड हो तिरंगा कॉम्प्लेक्स हो। अब बात करते है मालवीय नगर गुरुद्वारा के पास डॉक्टर जगन्नाथ कोठी टुकड़ों में बंटी और बिकी भी।

उत्तर साइड बिना नामांतरण बिना नक्शा स्वीकृति कमर्शियल दुकानों का निर्माण शुरू हुवा तो कुछ कार्यकर्ताओं ने बिना पार्किंग अरेंजमेंट वा बिना नक्शे के हो रहे निर्माण की शिकायत की तो दिखाने के लिए तो काम रुकवाया गया लेकिन रातों रात बिल्डिंग बनती रही शिकायत होती रही काम रुकता रहा काम चलता रहा अंततः प्रथम तल निर्माण कार्य संपन्न अब ऊपर की बारी। रविवार और रक्षाबंधन की छुट्टी व परदे की आंड में ऊपर भी निर्माण कार्य कराया जा रहा हमारी टीम के सहयोग से कार्य रुक तो गया लेकिन जैसा रवैया चल रहा है लगता है विभाग द्वितीय तल का निर्माण भी संपन्न करा देगा। जब इस प्रकरण की जानकारी नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा जी से मांगी गई तो उन्होंने कहा अभी मैं जानकारी करके आपको बताऊंगा।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान बन्धुओं की बैठक आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूजी।** माह के तीसरे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों द्वारा कई समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण बिना किसी विलंब के किया जाए।

बैठक में किसानों द्वारा खाद, बीज, सिंचाई, केसीसी, ऋण, विद्युत, गन्ना, सहकारी समितियां, छुट्टा पशु, नहर सिंचाई, राजकीय नलकूप सिंचाई, सोलर



पम्प, जनहानि, दुर्घटना बीमा आदि को लेकर अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उपकृषि निदेशक व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह किसानों की समस्याओं का ससमय जल्द से जल्द निस्तारण करें। कृषि विभाग, सिंचाई विभाग व अन्य विभाग के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा किसानों से अपनी फसलों का बीमा कराने, किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े खाते की ईकेवाईसी कराने की बात कही गई। बैठक में किसानों के द्वारा अवगत कराये गये समस्या का समाधान समय से न करने एवं बिना किसी सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस की बैठक का आयोजन निरंतर होता रहेगा। प्रशासन पूरी तरह से किसानों की समस्याओं को लेकर सजग है और निस्तारण के लिये निरंतर प्रयास कर रहा है। किसान बंधु इस बैठक में अपनी समस्या लेकर आते हैं तो उनका सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उचित निस्तारण कराया जाएगा। इसके अलावा भी किसान बंधु अन्य दिनों में कार्यालय में संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, उप निदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी, एसडीईओ कृषि, एक्सईएएन सिंचाई विभाग, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, नहर विभाग, विद्युत विभाग, भूमि संरक्षण अधिकारी, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, सहित अन्य अधिकारी व किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# डीएफओ से अभद्रता करने पर केस दर्ज

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के महसी इलाके में भेड़ियों के आतंक के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन में पकड़े गये भेड़िये को नाराज ग्रामीणों ने छोड़वाने की कोशिश की और टीम के मौजूद डीएफओ बहराइच के साथ कहासुनी हो गई। डीएफओ के साथ हुई वारदात को लेकर उनके अर्दली ने एक नामजद व अन्य अज्ञातों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।महसी इलाके पांच बच्चों को भेड़िया शिकार बना चुका है। इसी बात को लेकर चालीस गांवों के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। कुछ दिन पहले महसी के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के पैतृक गांव सिसैया चूड़ामणि से वन विभाग की टीम ने एक भेड़िये को पकड़ा था। टीम का नेतृत्व डीएफओ बहराइच ने किया।

ग्रामीणों को जब विधायक के गांव में भेड़िया पकड़े जाने की जानकारी मिली तो लोगों ने रास्ते मे नथुवापुर गांव के पास घेराबंदी कर भेड़िया



- वनकर्मियों व डीएफओ और ग्रामीणों के बीच हुई थी जमकर तकरार, किया था पीछा

समेत पिकप को रोक लिया और ऑपरेशन भेड़िया इस इलाके में चलाने की जिद पर अड़ गये। वनकर्मियों व डीएफओ और ग्रामीणों के बीच जमकर तकरार हुई। लोगों ने भगवानपुर चौराहे तक पीछा किया। इस घटनाक्रम को लेकर डीएफओ के अर्दली रामजी ने हरदी थाने में जितेन्द्र त्रिपाठी व अन्य अज्ञातों के विरुद्ध सरकारी कार्य मे बाधा डालने और भेड़िये को छोड़वाने व अभद्रता करने की धाराओं में केस दर्ज कराया है।

### संक्रामक रोग विभाग के जिला चिकित्सालय में लगी आग



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के चांदपुरा मोहल्ले में स्थित संक्रामक रोग विभाग के जिला चिकित्सालय में रात एक बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग कैसे लगी, अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। आग लगने से अफरा तफरी मच गई।शहर के मोहल्ला चांदपुरा में नव निर्मित ट्रामा सेंटर के निकट संक्रामक रोग विभाग का जिला चिकित्सालय स्थापित है। इस अस्पताल में रात 12 बजे से एक बजे के मध्य अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने की जानकारी मोहल्ले के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को दी। रात तीन बजे के आसपास लोगों ने आग पर काबू पाया। मौके पर दरगाह थाने के साथ कोतवाली नगर की पुलिस भी पहुंच गई। वहीं आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। लेकिन आसपास के लोग आग पर संदेह जता रहे हैं। साथ ही फाइलों के जलने की भी बात कर रहे हैं।

# संकोच न करें, दवा सेवन में ही है भलाई

- कहते हैं रोगी : 'लाइलाज है फाइलेरिया, साल में एक खुराक से होगा बचाव, परिवार की होगी सुरक्षा'
- 15 लाख से अधिक ने कर लिया फाइलेरिया से बचाव की दवाओं का सेवन
- 2 सितम्बर तक चलेगा अभियान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

फाइलेरिया, जिसे हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है, मच्छरों से फैलने वाली यह बीमारी दुनिया भर में दिव्यांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण है और उत्तर प्रदेश के 51 जिलों में इसका व्यापक प्रभाव देखा गया है, जिसमें अपना बहराइच भी शामिल है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार के अनुसार, ÷फाइलेरिया का कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन साल में एक बार फाइलेरिया से बचाव की दवा (डीईसी और एल्बेन्डाजोल) का सेवन करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। इस उद्देश्य से 10 अगस्त से 2 सितंबर तक %सामूहिक दवा सेवन% अभियान चलाया जा रहा है।÷ इस अभियान मे कई रोगियों ने अपनी पिछली गलतियों से सीख लेकर दूसरों को दवाओं का सेवन करने और फाइलेरिया से बचने की सलाह दी।डॉ. संजय सोलंकी, नोडल अधिकारी, संचारी रोग, ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया के सूक्ष्म परजीवी मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। संक्रमण के 5 से 15 साल बाद, रोगी के हाथ या पैर में भारी सूजन, महिलाओं के स्तन और पुरुषों के अंडकोष में सूजन, पेशाब में सफेद रंग का द्रव आना या लंबे समय से सूखी खांसी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



### सुरक्षित और कारगर है फाइलेरिया की दवा

फाइलेरिया से बचाव की दवाएं पूरी तरह सुरक्षित और कारगर हैं। इन्हें आशा कार्यकर्त्ता के माध्यम से घर-घर सेवन कराया जा रहा है। अभी तक 15.37 लाख से अधिक लोगों को दवाएं खिलाई जा चुकी हैं जो लोग छूट गए हैं, वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों या आशा के घर से भी दवाएं सेवन कर सकते हैं।

डॉ. संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बहराइच

### दवा सेवन अभियान में सभी लोग लें भाग

सभी को सामूहिक दवा सेवन अभियान में भाग लेकर इस लाइलाज बीमारी से अपने और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

मोनिका रानी जिलाधिकारी, बहराइच

**केस 1-** जरवल, परसा के निवासी विजय वर्मा पिछले 16 साल से फाइलेरिया से पीड़ित हैं। वे पहले एक प्राइवेट कंपनी में सुरक्षा गार्ड थे। उनका कहना है कि उन्होंने समय पर दवा नहीं ली, जिसके कारण उन्हें इस बीमारी का सामना करना पड़ा। अब वे हर साल सामूहिक दवा सेवन अभियान में अपने परिवार के साथ दवाओं का सेवन करते हैं ताकि उनका परिवार इस बीमारी से सुरक्षित रह सके।

**केस 2 -** पयागपुर की 50 वर्षीय कमला का भी यही अनुभव है। उन्होंने अपने गांव में एक फाइलेरिया मरीज को देखा और इस बीमारी की गंभीरता को समझा। उन्होंने पोस्टरों में पढ़ा कि साल में एक बार दवा सेवन से फाइलेरिया का खतरा टल जाता है। अब वे और उनका परिवार नियमित रूप से हर साल इस दवा का सेवन करते हैं, और उन्होंने अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी इस अभियान में शामिल किया है।

**केस 3-** जरवल, परसा के पुरुषोत्तम के परिवार में पिछले साल दवा सेवन के बाद दो बच्चों को बुखार और उल्टी की शिकायत हुई, जिससे परिवार ने दवा सेवन से मना कर दिया था। लेकिन आशा कार्यकर्त्ता नज़्मा ने उन्हें समझाया कि यह फाइलेरिया के सूक्ष्म परजीवियों के नष्ट होने के कारण होता है और कुछ घंटों में स्वतः ठीक हो जाता है। अगर दवाओं का सेवन नहीं किया गया, तो ये परजीवी 5 से 15 साल बाद फाइलेरिया के रूप में प्रकट हो सकते हैं। नज़्मा के समझाने के बाद, पुरुषोत्तम और उनके परिवार ने दवा सेवन किया, और इस साल, परिवार के सभी सदस्यों ने स्वयं ही मांगकर दवाओं का सेवन कर लिया है।

## खबरें एक नजर में

### जिले में नहीं दिखा भारत बंद का असर, खुले रहे प्रतिष्ठान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में बुधवार को भारत बंद का कोई असर नहीं दिखा। पूर्व की तरह ही दुकानें खुली रहीं। लोगों का आवागमन रहा। हालांकि आरक्षण के समर्थकों ने शहर में जुलूस निकालकर ज्ञापन दिया।आरक्षण बचाने को लेकर 21 जून को भारत बंद का आह्वान कुछ संगठनों ने किया था। इसको लेकर जिले में भी तैयारी की गई थी। बसपा, भीम पार्टी, आजाद सेना और सपा के लोग भारत बंद को लेकर बुधवार को शहर के कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए। कलेक्ट्रेट से सभी ने शहर में मार्च निकालना शुरू कर दिया। मार्च पीपल तिराहा, घंटाघर, छावनी, डिगिहा, अस्पताल चौराहा होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचकर समाप्त हुई। यहां पर सभी ने नारेबाजी किया। सरकार से आरक्षण में छेड़छाड़ न करने की मांग की। संविधान बचाओ, राष्ट्र बचाओ समेत कई स्लोगन लिखे तख्तियां लोग हाथ में लिए थे। इसके बाद भारत बंद कार्यक्रम को बसपा जिलाध्यक्ष, सपा के पूर्व विधायक रमेश गौतम समेत अन्य ने संबोधित किया। भारत बंद रैली में काफी संख्या में जिले भर से आए लोगों की भीड़ रही। जगह जगह रही पुलिस की सुरक्षा भारत बंद कार्यक्रम को देखते हुए शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस मुस्ताक रही एलआईयू और आईबी इंस्पेक्टर भी नजर बनाए रखे रहे। इतना ही नहीं कलेक्ट्रेट के सामने शादी वर्दी में पुलिस विभाग के कई लोग शामिल रहे।

### जनता दर्शन में फरियादियों को कराया गया दवा का सेवन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** फाइलेरिया उन्मूलन एवं कृमि रोग से मुक्ति कार्यक्रम अन्तर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान 2024-25 अन्तर्गत जनपद में 02 सितम्बर तक संचालित होने वाले सामूहिक दवा सेवन अभियान अन्तर्गत सामूहिक दवा सेवन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित डीएम के जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों को फाइलेरिया की दवा का सेवन कराने हेतु कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जनता दर्शन लगाये गये कैम्प में प्रथम दिन 24 फरियादियों को दवा का सेवन कराया गया। कैम्प में मौजूद ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर लक्ष्मी, प्रतीक्षा पाण्डेय व शिवम श्रीवास्तव तथा फाइलेरिया निरीक्षक विमल कुमार व रत्नेश कुमार रत्नाकर द्वारा फरियादियों को दवा को सेवन कराया गया।

# ऑटो रिक्शा हुआ अनियंत्रित, दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भरिया मोड़ के पास ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर कर पलट गया। जिसमे सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए मोतीपुर सामुदायिक केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया गया है।जिले के खारीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर धोबिया निवासी रामनरेश रावत व संतोष, मुस्कान महेश सभी लोग ऑटो रिक्शा में सवार होकर बुधवार की दोपहर मिहींपुरवा जा रहें थे।

जैसे ही व भरिया मोड़ के पास पहुंचे ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। और ऑटो रिक्शा में सवार संतोष व रामनरेश रावत का पैर टूट गया दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर डायल 112 नंबर की पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराया। वहीं चालक ननकन पुत्र पेशकार निवासी कोडरी थाना कोतवाली नानपारा मौके से भाग निकला। किसी तरीके से दोनों लोगों को इलाज के लिए मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर हालात गंभीर देखते हुए दोनों लोगों को जिला अस्पताल भेज दिया गया है इलाज जारी है।

# चिकित्साधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आगाज

- राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम के तहत शुरू हुई दो दिवसीय कार्यशाला

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम (एनपीपीसीडी) के अन्तर्गत चिकित्साधिकारियो के दो दिवसीय (लेवल 4) प्रशिक्षण कार्यशाला का आगाज सीएमओ डॉ संजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया।

बुधवार को प्रातः 11:00 बजे मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में सीएमओ डॉ संजय कुमार एवं डीएचईआईओ सुनील कुमार सिंह व बृजेश सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए संचालित बधिरता बचाव व रोकथाम कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। सीएमओ डॉ संजय कुमार ने प्रतिभागी चिकित्सकों को बताया




कि जन्म के पश्चात बच्चे को बी.सीजी एवं एमएमआर का टीका समय पर लगवाना चाहिए। इस बारे में जनमानस को जरूर बताना चाहिए जिससे बधिरता की समस्या पर रोक लगाई जा सके।

उन्होंने कहा की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बहरेपन के लिए उत्तरदायी समस्या की जल्द पहचान, उपचार और निदान के उद्देश्य से राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम (एनपीपीसीडी) का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य बीमारी या चोट के कारण होने वाली बधिरता की रोकथाम और बहरेपन से पीड़ितों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराना है। नाक कान गला रोग विशेषज्ञ सर्जन डा एसके वर्मा ने बताया कि बच्चों में बधिरता से बचाव हेतु गर्भवती महिला से मालूम कर लेना चाहिए की उसके परिवार में कोई व्यक्ति जन्म से गूंगा बहरा तो नही है यदि है तो जाँच करवा कर उचित इलाज करवाना चाहिए। यदि गर्भवती महिला को किसी प्रकार संक्रमण है तो सिफलिस, रूबैला (टार्च) की जाँच भी करवा कर इलाज करवाना चाहिए। इन दोनो बारियों से इनर इयर में पाए जाने वाले हेयर सेल के डैमेज होने का खतरा रहता है और गर्भवती महिला द्वारा कोई आटोटाक्सिक दवा (inj. Streptomycin, क्लोरोक्विन) जैसी दवाइयों का प्रयोग नही किया जाना चाहिए। जन्म के समय बच्चे में बर्थ एसफेक्सिया की समस्या तो नही हुई। जन्म के समय यदि बच्चों को सर्दी जुकाम अधिक हो जाता है तो भी बधिरता की समस्या उत्पन्न हो जाती हैद्ध इस प्रशिक्षण कार्यशाला में उपमुख्य चिकित्साधिकारी डा संजय सोलंकी, डॉ परितोष तिवारी, डॉ जुबेर अहमद, डॉ रवि यादव, डॉ हुदा आरा, डॉ रियाजुल हक, डॉ प्रीति डूबे, डॉ जाह्नवी, डीपीएम सरजू खान, विवेक श्रीवास्तव, मोहम्मद हारून और मोहम्मद फहीम आदि मौजूद रहे।

# निर्दोष फंसे नहीं दोषी बचे नहीं, सभी चाहते हैं न्याय : करणी सेना

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछ्वरिया गांव में हुई अर्जुन पासी की हत्या राजनीति का अखाड़ा बन गया है जिसमें राजनीतिक पार्टियों के साथ सामाजिक संगठन भी कूदे हुए है इसी हत्याकांड को लेकर राहुल गांधी रायबरेली पहुंचे थे पीडित परिवार से भेट कर मीडिया वार्ता किया था जिसपर उनके बयान पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजपूत ने प्रश्न खडा करते हुए कहा कि क्या राहुल गांधी को सवर्णों से समस्या है क्या राहुल गांधी को सवर्णो ने वोट नहीं दिया उन्हें सभी परिवारों से मिलना चाहिए आगे श्री राजपूत ने कहा कि श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी की नजर पूरे प्रकरण पर लगातार बनी हुई है और ये रायबरेली वीर



> राहुल गांधी को सवर्णों से समस्या यहां सभी जातियों को मिलता है सम्मान : धर्मेन्द्र सिंह राजपूत

बैसवारा है यहां सभी जातियों को सम्मान दिया जाता है यहां राना बेनीमाधव को तो बीरा पासी को भी सम्मान दिया जाता है यहां नफरत की राजनीति की कोई जगह नहीं है आखिर मीडिया के द्वारा कोलकाता की दुखद जघन्य कांड के बारे मे पूछने पर राहुल गांधी क्यों नहीं बोल पाए यहां सभी न्याय चाहते है । वहीं बताते चले कि अर्जुन पासी हत्याकांड पर लगातार प्रदर्शन चल रहे है पुलिस ने छः लोगों को जेल भेज दिया है जिसपर करणी सेना लगातार मांग कर रही है कि दोषी बचना नहीं चाहिए और निर्दोष फसना नहीं चाहिए प्रशासन किसी भी संगठन या पार्टी के दबाव में ना आकर स्वतंत्र कार्य करें तथा जनपद में अराजकता फैलाने वालो पर कार्यवाही होनी चाहिये जनपद में कुछ संगठन जातीय संघर्ष कराना चाहते है जिन्हें चिन्हित किया जाए किसी भी स्थिति में सामाजिक सौहार्द खराब नहीं होना चाहिए ।

### सवर्ण आर्मी व करणी सेना ने एसपी ऑफिस का किया घेराव




नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछ्वरिया गांव मे पिछले दिनों हुई हत्या के मामले में सवर्ण समाज के निर्दोष लोगों को भीम युवा संगठन व भीम आर्मी के दबाव में प्रशासन द्वारा फर्जी तथ्यों के आधार पर आरोपी बनाया गया था।जिसके विरोध में एक बार फिर से सवर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष-वृजेन्द्र सिंह फौजी व करणी सेना के बीरू सिंह व सनी सिंह की अगुवाई में हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली को ज्ञापन देकर मामले की विवेचना शीर्ध करवा कर निर्दोष लोगों को रिहा किये जाने की मांग की।साथ ही भीम आर्मी नामक अराजक संगठन को प्रतिबंधित करने की मांग की गई।सवर्ण आर्मी व करणी सेना की एकता देखते हुए भारत बंद का आवाहन कर रहे लोगों को उल्टे पैर लौटना पडा।इस मौके पर सवर्ण आर्मी के वरिष्ठ जिलासंरक्षक-बी पी त्रिपाठी, जिला संरक्षक-योगेश सिंह, जिला महासचिव-योगेन्द्र प्रताप सिंह(मुकुल सिंह) जिला मीडिया प्रभारी- विकास सिंह (उजाला सिंह),जिला उपाध्यक्ष-गजेंद्र सिंह,आदर्श सिंह सहित सवर्ण आर्मी रायबरेली व करणी सेना के हजारो कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस दौरान सवर्ण समाज की एकता को देखते हुये भारत बंद का आवाहन कर रहें भीम युवा संगठन व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को उल्टे पैर भागना भी पडा।

# मां की हत्या के बाद पिता को भी पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली अंतर्गत सूची चौकी क्षेत्र में एक शख्स ने अपने बुजुर्ग पिता को लाठी-डंडों से पीट पीटकर उनकी हत्या कर दी। 16 वर्ष पूर्व इस शख्स ने मां की बेहरमी से पिटाई कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में हत्यारोपी जेल गया था। हालांकि, वारदात के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज हत्यारोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस हत्यारोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

मिया का पुरवा मजरे सूची निवासी राम आधार(80)अपने दरवाजे पर बैठा था। ग्रामीणों के मुताबिक इसी बीच दूध बेचकर लौटे बेटा दल बहादुर यादव ने दरवाजे के समीप रखी लाठी से अपने पिता को पीटने



लगा। परिजनों ने बुजुर्ग को बचाने की कोशिश की तो दल बहादुर उन्हें भी पीटने लगा। इसके बाद पुलिस परिजनों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रुम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मरणासन्न हालत में पड़े बुजुर्ग को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरु कर दी है।

### मां की हत्या के आरोप में जा चुका है जेल

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2007 में आरोपी ने अपनी मां राजपति को भी लाठियों से पीटकर हत्या कर दी थी। जिसमें युवक जेल चला गया था और दो साल बाद जमानत पर छूट कर आया था।

### पुलिस ने बताया

सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि युवक का दिमागी संतुलन ठीक नही था। पिता की लाठी से पीट पीटकर हत्या कर दी है। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### तालाब में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में तालाब में मिला युवक का शव , मृतक युवक के हाथ पर व मुंह कपड़े से बंधे हुए थे परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने का लगाया आरोप, मामला



शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुमांवा चौकी के पास स्थित तालाब का है जहां आज सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला मृतक युवक के हाथ पैर व मुंह कपड़े से बंधे हुए थे मृतक युवक की पहचान गोविंद उम्र 25 वर्ष निवासी ज्ञान खेड़ा जनपद बाराबंकी के रूप में हुई वहीं परिजनों ने हत्या कर शव को फेंकें जाने का आरोप लगाया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है।

### सर्विलांस टीम ने 111 अदद स्मार्टफोन किया वरामत

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस की सर्विलास सेल/स्वाट टीम द्वारा 111 अदद गुमशुदा स्मार्टफोन किया गया बरामद, बरामदशुदा स्मार्टफोन को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द। जनपद ।बलरामपुर के समस्त थानों से प्राप्त हो रहे मोबाइल फोन गायब/ गुम हो जाने से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार* के द्वारा उक्त गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाये गये अभियान के अर्न्तगत अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में सर्विलान्स सेल व स्वाट टीम द्वारा कुल 111 अदद स्मार्ट फोन बरामद किये गये। बरामदशुदा स्मार्ट फोन की अनुमानित कीमत करीब 17 से 20 लाख रुपये है। उक्त मोबाइल आज दिनांक 21/08/2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सुपुर्द किये गए। 111 अदद स्मार्टफोन अनुमानित कीमत करीब 17 से 20 लाख रुपये।

### हज आवेदन पत्र ऑनलाइन की अंतिम तिथि नौ सितम्बर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिला ने बताया है कि हज समिति लखनऊ द्वारा हज 2025 हेतु हज आवेदन पत्र ऑनलाइन किये जाने की अन्तिम तिथि 09 सितम्बर 2024 निर्धारित है। उन्होंने हज 2025 पर जाने वाले हज यात्रियों से कहा है कि वेबसाईट https:// hajcommittee. gov.in, https://hajcommittee.up.gov.in व मोबाईल एप ''हज सुविधा'' पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आवश्यक प्रपत्र पासपोर्ट जिसकी वैद्यता 15 जनवरी 2026 तक होनी चाहिए। नवीन फोटो, पासबुक की छायाप्रति, ब्लड ग्रुप की रिपोर्ट, आधार कार्ड, वोटर कार्ड की छायाप्रति होना आवश्यक है। किसी भी जानकारी के लिए हज ई सुविधा केन्द्र/हज फैसिलेटर सेंटर मदरसा, एदारा-ए-शरैय्या उ0प्र0 खिन्नी तल्ला, रायबरेली, नोडल अधिकारी मो0 अरबी उल अशरफ, प्रधानाचार्य मो0नं0 9415394275 से सम्पर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार मदरसा, सलाम ओरियण्टल कालेज थुलेण्डी, रायबरेली, नोडल अधिकारी अहमद मुजीब, प्रधानाचार्य मो0नं0 8318268041 एवं मदरसा, दारूल उलूम बरकातुर्रजा इमामगंज, रायबरेली, नोडल अधिकारी मो0 अयूब अंसारी, प्रधानाचार्य मो0नं0 9919090556 पर संपर्क करते हुए सहायता प्राप्त कर सकते है।

### जन सुविधा केंद्र संचालक से लुटेरों ने की लूट, नगदी व बाइक लेकर फरार

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जन सेवा केंद्र संचालक से नगदी व अपाचे बाइक की लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की है आसपास के सीसीटीवी फुटेज से सुराग खंगाले जा रहे हैं। पूरा मामला गदागंज कोतवाली क्षेत्र का है जहां पर जलालपुर धई निवासी रवि शंकर जन सेवा केंद्र चलाते हैं संचालक द्वारा ग्राहकों से पैसे का लेनदेन भी किया जाता है बुधवार शाम को दुकान बंद करके अपनी अपाचे बाइक से वह घर जा रहे थे तभी मुराई बाग ऊंचाहार मार्ग पर ढसवा मोड जलालपुर धई के पास पहले से घात लगाकर बैठे दो लोगों ने बाइक सवार को रोक लिया और बाइक से गिरा दिया तथा घसीट कर उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी और धमकी देकर बाइक एवं रूपयो से भरा बैग लेकर जलालपुर धई गांव की तरफ भाग निकले रवि शंकर ने शोर मचाया लेकिन तब तक लुटेरे फरार हो गए जब उधर से गुजर रहे राहगीर पहुंचे तो उसने घटना बताई और मौके पर डायल 112 को सूचना दी लूट की घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खलबली मच गई गदागंज थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नवहार भी मौके पर पहुंचे और घटना से संबंधित जांच पड़ताल की थाने से महज कुछ ही दूरी पर शाम ढलते ही इतनी बड़ी लूट से लोगों में दहशत फैल गई घटना शाम लगभग 8:00 बजे की है इस समय अक्सर लोगों का आना-जाना भी रहता है लेकिन लुटेरे शातिराना अंदाज में नगदी व अपाचे बाइक लेकर भाग गए हालांकि पुलिस ने रास्ते में पडने वाले जलालपुर धई में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में भी जांच पड़ताल की है जहां पर दो व्यक्ति बाइक से जाते हुए दिख रहे हैं रात भर पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी रही सुबह होते ही एक बार फिर पुलिस घटना से संबंधित जांच पड़ताल की है क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार ने मौके पर पहुंचकर सीएससी संचालक से पूछताछ की है पुलिस को दिए गए तहरीर में रवि शंकर ने बताया कि वह जन सेवा केंद्र चलाते हैं शाम को दुकान बंद करके अपनी अपाचे बाइक से जा रहे थे तभी जलालपुर धई ढसवा मोड़ के पास दो अज्ञात लोगों ने उन्हें बाइक से गिरा दिया और उनके साथ मारपीट की और रूपये से भरा बैग एवं अपाचे बाइक लेकर गांव की तरफ भाग गए थाना प्रभारी गदागंज राकेश चंद्र आनंद ने बताया कि लूट की घटना संदिग्ध मालूम पड़ रही है बाइक चोरी की घटना समझ में आ रही है जांच पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी।

### राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में कला प्रतियोगिता का आयोजन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में एक कला प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय होटल प्लीजेंट व्यू सेनानी में संपन्न हुआ। कला प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के 547 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। समिति द्वारा आयोजित कला प्रतियोगिता में जनपद के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला, न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर, रेयान इंटरनेशनल , सेंट पीटर्स, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, राइजिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल, बीएसएस पब्लिक स्कूल, रायबरेली कान्वेंट स्कूल, वी ए एस एन पब्लिक स्कूल, विबग्योर पब्लिक इंटर कालेज की चारों शाखा समेत जनपद के 26 स्कूलों ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व डा अमिता खुबेले, कार्यक्रम प्रभारी डा शशिकांत शर्मा ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कला प्रतियोगिता में जिले से करीब 32 विद्यालयों के 400 बच्चों ने 4 वर्गों में प्रतिभाग किया। सबसे खास बात तो यह रही कि इस प्रतियोगिता में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही। अपनी कला का हुनर दिखने वाले बच्चों की कला देखते ही बनती थी। प्रतियोगिता के बाद डॉक्टर ओमिका सिंह, डॉक्टर पूजा त्रिवेदी, डॉक्टर प्रियंका अग्रवाल, व गोविंद खन्ना निर्णायक की भूमिका निभाई। परिणाम गुरुवार को घोषित किया जायेगा। वहीं पुरस्कार पाने वाले बच्चों को 24 अगस्त को कवि सम्मेलन के पूर्व पुरस्कृत किया जाएगा।

# इनर व्हील क्लब रायबरेली ने मनाया हरियाली तीज

> इनर व्हील की क्लब की सदस्यों ने हंसते मुस्कुराते सावन को दी विदाई

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

इनर व्हील क्लब रायबरेली ने 20 अगस्त की देर रात को दीप पैलेस में हरियाली तीज मनाई ।कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष दीप्ति सिकरिया, सचिव विनीता राजपाल, पीडीसी ज्ञान लता गुप्ता, पूर्व अध्यक्षों व कार्यक्रम अधिकारी रेखा जिवनानी, अनामिका गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रंगारंग सावन के गीतों पर जमकर सभी ने खूब आनंद उठाया ।लोकगीत में ढोलक की थाप पर




सभी ने जमकर नृत्य किया।चूड़ी गेम में संध्या भार्गव प्रथम तो प्रेरणा श्रीवास्तव द्वितीय रहीं। म्यूजिकल कप गेम में रीना गुप्ता व शिल्पी सिंह प्रथम तो पारुल अग्रवाल व आशा सिंह द्वितीय रहीं। आशा सिंह ने सबको सरप्राइज गेम खिलाया। सबसे प्रश्न पूछे फिर सबको गिफ्ट भी दिए गए। AND ब्यूटी पार्लर से भी रिचा चंदवानी जी ने सभी को गिफ्ट वाउचर दिए, मेहंदी व मेकअप की निःशुल्क सेवा दी। फिर तंबोला खेला गया। नृत्य के माध्यम से तीज का अल्हड़पन वह मस्ती ने भी खूब समां बांधा। हाल की साज- सज्जा में विशेष रूप से अनामिका मेहरोत्रा ,सुरभि अग्रवाल व अनामिका गुप्ता का सहयोग रहा। सेल्फी पॉइंट पर सब ने खूब फोटो खिंचवाई। अध्यक्षा दीप्ति सिकरिया ने रिचा चंदवानी जी को स्मृति चिन्ह वह पुरस्कार देकर धन्यवाद दिया। सभी ने लजीज व्यंजनों का आशा सिंह, दीपा अग्रवाल, प्रेरणा श्रीवास्तव, मंजू खेतान व लता सिंह के कारण खूब लुत्फ को उठाया। पीडीसी ज्ञान लता गुप्ता जी ने कार्यक्रम के समापन में कार्यक्रम अधिकारी रेखा जिवनानी व कार्यक्रम संयोजक अनामिका गुप्ता, रिचा चंदवानी, सभी होस्ट व आए हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 10 सितम्बर तक ऋण की बकाया किस्त करें जमा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रबंधक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिला ने बताया हैं कि प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम लखनऊ के द्वारा उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम टर्म लोन/मार्जिन मनी ब्याज सहित एवं शैक्षिक योजना के अन्तर्गत स्वीकृत ऋण वसूली नगण्य होने पर रोष व्यक्त करते हुए विशेष वसूली अभियान चलाकर वसूली करने के निर्देश दिये गये है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिला ने ऋण लेने वाले सभी लाभार्थियों से कहा है कि जिन लाभार्थियों ने अपने ऋण की किश्ते नियमित रूप से न जमा की हो अथवा उनकी कई किस्ते जमा करने हेतु बकाया हो, वह अपनी समस्त बकाया किस्तों की धनराशि 10 सितम्बर 2024 तक अनिवार्य रूप से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर रायबरेली में किसी भी कार्य दिवस में आकर जमा कर दे अथवा निगम के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा हाथी पार्क रायबरेली के खाता सं0 00520100 005472 में जमा करते हुए जमा रसीद की कॉपी कार्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये का भू-राजस्व की भांति वसूली हेतू उनके विरुद्ध तुरंत आर0सी0 जारी करने की कार्यवाही कर दी जाएगी इसके लिए लाभार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# निदेशक नगरीय अनुज कुमार झा ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

सुआव नदी जीर्णोधार के लिए एनजीटी के निर्देश पर निदेशक नगरीय निकाय अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में गठित 03 सदस्यीय समिति एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा नगर पालिका में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निदेशक ने एसटीपी के संचालन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एमआरएफ सेंटर के निर्माण के लिए भी अति शीघ्र भूमि का चिन्नांकन कर लिए जाने का भी निर्देश दिया।

इस दौरान संयुक्त प्रबंध निदेशक जल निगम अमित कुमार सिंह, विशेष सचिव नगर विकास विभाग सत्य प्रकाश पटेल, समस्त अधिशासी अधिकारी, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष डीपी सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राम चौधरी पीजी कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को उतरौला के राम तीरथ चौधरी पीजी कॉलेज में शासन के पहल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 60 पौधे लगाए गए हैं पौधों को लगाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हरा भरा रखने के साथ-साथ प्रदूषण से मुक्ति देना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एचडी वर्मा की अगुवाई में कैंपस में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के टीम के साथ फलदर एवं छायादार पौधारोपण किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुल 60 पौधे लगाए गए हैं कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने कहा कि पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हरा भरा रखने के साथ-साथ प्रदूषण से मुक्ति देना है पौधारोपण के दौरान सभी शिक्षक छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त रखना पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने का संकल्प लिया है। इस दौरान रामचरण सिंह बच्छराज वर्मा मंसाराम मोहम्मद सैफ आफताब आलम बीपी श्रीवास्तव




> धरातल को हरा भरा रखने के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ. रमाकांत
> राम तीरथ चौधरी महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पर लगाए गए 60 पौधे




राम जानकी गुप्ता विपिन वर्मा फातिमा खातून उषा शुक्ला राजकुमार वर्मा श्रीकांत विमल शिवराज चौरसिया अंशु वर्मा रीना वर्मा गोपाल नारायण मिश्रा आदि शिक्षक शामिल रहे हैं महाविद्यालय प्रबंध निदेशक डॉ रमाकांत बर्माने सभी से अपील किया है कि अपने-अपने घरों बैग बागानों सहित खाली पड़े स्थान पर अधिक से अधिक पौधे लगाए ताकि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सके और धरातल को हरा भरा रखा जा सके।



### मनोज कुमार सिंह बने थाना प्रभारी सादुल्लानगर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** मनोज कुमार सिंह बने थाना प्रभारी सादुल्लाह नगर सादुल्ला नगर थाना प्रभारी का स्थानांतरण ललिया थाना प्रभारी के लिए हुआ। क्षेत्र के लोगो ग्राम प्रधान, वरिष्ठ लोग ने थाना प्रभारी बृजानंद सिंह को विदाई दी। और नए थाना प्रभारी सादुल्लानगर मनोज कुमार सिंह का स्वागत किया बृजानंद सिंह ने बताया कि सादुल्लानगर के लोगों से दो सालों से आत्मीय संबंध बन गए। दो साल कब बीत गया पता ही नहीं चला। सादुल्लानगर के लोगों का बहुत ही सहयोग मिला उसके लिए हम सदैव आभारी रहेंगे। नये थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि हम यहां के लोगों से मिलकर कार्य करेंगे एक दूसरे के सहयोग से कार्य करेंगे। इस अवसर पर रमेश चंद्र तिवारी ,सुमित सिंह, दीपचंद जायसवाल राधेश्याम गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, विष्णु गुप्ता, रमेश कुमार शर्मा, अनूप शुक्ला, तौकीर हुसैन, अशोक कुमार पाल, रमेश गुप्ता,शब्बू रजा, पवन गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव,राम अवध शर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग व थाना के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** ब्रिटिश हुकुमत के दौरान बने भवन में संचालित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। जान जोखिम में डालकर छात्राएं जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। लगभग 166 साल पुराना भवन इतना जर्जर हो चुका है कि कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उतरौला शहर के बीचों-बीच स्थित है। यह नगर का इकलौता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज है। जहां सैकड़ों की संख्या में छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही है। परन्तु इसका जर्जर भवन छात्राओं के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। 1857 में बने इस भवन को लगभग डेढ़ सौ साल से अधिक बीत चुके हैं। इस भवन में पहले तहसील के कार्य का संचालन होता था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा के पास तहसील भवन बनने के बाद इस पुराने भवन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज स्थापित है। खपरैल के ऊपर घास-फूस उगा होने से विषैले जीव-जंतुओं की भरमार है। भूमि व भवन को शिक्षा विभाग में हस्तांतरित करने की मांग काफी अरसे से करते आ रहे हैं। लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से इस भवन को हस्तांतरित करने में शिथिलता बरती जा रही है। राजस्व विभाग से शिक्षा विभाग को भवन हस्तांतरित ना होने के कारण नव भवन निर्माण हेतु शिक्षा विभाग द्वारा भेजी गई धनराशि को मजबूरन विभाग को वापस भेजना पड़ता है। राजकीय कन्या इंटर कालेज में अध्यापिकाओं की कमी व जर्जर भवन छात्राओं के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई है। पुराने तहसील भवन में चल रहे इस स्कूल में शिक्षक व प्रवक्ताओं की कमी है।



खपरैल की छतों वाले शिक्षण कक्ष छात्राओं के लिए खतरे का सबब बने हुए हैं। इस पुराने भवन में वर्ष 1998 में विद्यालय को संचालित किया जा रहा है। इस विद्यालय को नए सिरे से बनाए जाने की कवायद में अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों की उदासीनता आड़े आ रही है। कक्षा छह से इंटरमीडिएट तक संचालित इस विद्यालय में सैकड़ों छात्राएं पंजीकृत हैं।
पुराना व जर्जर भवन होने के कारण अक्सर विषैले जीव जंतु कक्षाओं में भ्रमण करते हैं। बारिश के दौरान छत की लकड़ियां व खपरैल के टुकड़े टूटकर गिरते रहते हैं। स्कूल में प्रयोगशाला व कंप्यूटर प्रशिक्षक भी नहीं हैं।
स्कूल भवन का राजस्व विभाग से शिक्षा विभाग के नाम ट्रांसफर न होने के कारण निर्माण नहीं हो पा रहा है। भवन निर्माण के लिए आए पौने दो करोड़ रुपये पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग को वापस भेज दिए गए थे। सीमित शिक्षकों के सहारे किसी तरह आवश्यक विषयों की शिक्षा दी जा रही है। नगर वासियों व समाजसेवियों का कहना है कि भवन हस्तांतरण के लिए विधायक राम प्रताप वर्मा से कई बार मांग की गई, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व अन्य कई बड़े अधिकारियों को पत्र लिखे गए लेकिन उनके द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।


# कार्यालय नगर पंचायत महराजगंज, रायबरेली

पत्रांक 5/8/न0पं0मह0/दु0आ0सू0/2024-25 दिनांक : 20 अगस्त, 2024

## दुकान आवंटन सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत महराजगंज के अन्तर्गत विस्तारित क्षेत्र पूरे सुखई टैक्सी स्टैण्ड के पास नव निर्मित 05-दुकानों का आवंटन खुली बोली के माध्यम से किया जाना है। जिसमें इच्छुक व्यक्ति दिनांकः 20.08.2024 से दिनांकः 04.09.2024 समय अपरान्ह 3.00 बजे तक अपना लिखित रूप से आवेदन तथा रुपया 50000/- अग्रिम जमानत राशि उक्त अवधि के अन्दर नगद जमा करके रजिस्ट्रेशन करा सकतें हैं। दुकानों का आवंटन दिनांक : 06.09.2024 को नगर पंचायत महराजगंज के सभाकक्ष में अपरान्हः 12:00 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा।

अस्तु शासनादेश के अनुसार उक्त दुकानों में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्राविधान किया गया है। आरक्षण के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र (मूलप्रति) पंजीकरण के समय प्रस्तुत करना होगा। दुकानों के आवंटन से सम्बंधित विवरण एवं नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत के नोटिस बोर्ड पर चश्पा है, जो कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

| क्रमांक | दुकान स्थल का नाम | दुकान नम्बर व आरक्षित दुकान | न्यूनतम प्रीमियम की धनराशि प्रति दुकान | साइज (फिट में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत महराजगंज के अन्तर्गत विस्तारित क्षेत्र पूरे सुखई टैक्सी स्टैण्ड के पास नवनिर्मित 05-दुकानों का आवंटन। | 01-(SC/ST) | रु0 1000000.00 | 10x15 फिट |
| 2 | उक्त स्थल | 02-(0BC) | रु0 1000000.00 | 10x15 फिट |
| 3 | उक्त स्थल | 03-(GEN) | रु0 1000000.00 | 10x15 फिट |
| 4 | उक्त स्थल | 04-(GEN) | रु0 1000000.00 | 10x15 फिट |
| 5 | उक्त स्थल | 05-(GEN) | रु0 1000000.00 | 10x15 फिट |

**(अपर्णा मिश्रा)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत महराजगंज**
**रायबरेली।**

**(सरला साहू)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत महराजगंज**
**रायबरेली।**

## लेटरल एंट्री पर फिर यू टर्न

अब इसे गठबंधन सरकार की मजबूरी समझें या फिर विपक्ष का दबाव कि विवाद के बाद केंद्र सरकार ने लेटरल एंट्री के तहत नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। दरअसल, निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को शीर्ष सरकारी पदों पर लाने हेतु यह योजना बनी थी। बीते सालों में नौकरशाही में विशेषज्ञों को शामिल करने के कदम को प्रगतिशील सोच कहा गया। लेकिन चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के चलते विरोध के स्वर मुखर हुए। विपक्षी दलों की तीखी आलोचना और राजग के कुछ सहयोगियों की चिंता के बाद सरकार ने योजना को स्थगित कर दिया। निश्चित रूप से शासकीय व्यवस्था में बड़े फैसले गंभीर परामर्श व सहयोग की मांग करते हैं। सत्ता के दंभ से इतर दूरगामी परिणाम वाली नीतियों को आगे बढ़ाने हेतु सभी हितधारकों से व्यापक बातचीत जरूरी होती है। दूसरे शब्दों में सरकार को अपनी इच्छा थोपने के बजाय गठबंधन राजनीति की जटिलताओं के मद्देनजर विपक्ष से सामंजस्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। बहरहाल, यह तय है कि पिछले दो कार्यकाल में स्वच्छंद शासन करने वाली मोदी सरकार फिलहाल गठबंधन की मजबूरी के साथ विपक्षी दबाव को भी महसूस कर रही है। पिछले दो सप्ताह में राजग सरकार ने विवाद के बाद न केवल वक्फविधेयक पर निर्णय बदला बल्कि प्रसारण विधेयक को समीक्षा के लिये एक संसदीय पैनल के पास भेजा है। इसके बाद अब लेटरल एंट्री के फैसले पर यू टर्न ने यह निष्कर्ष भी दिया है कि राजग सरकार पर्याप्त बहुमत न होने पर अब गठबंधन की राजनीति की सीमाओं को स्वीकार करने लगी है। एक हकीकत यह भी है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के सदस्य अभी भी तल्ख चुनावी तेवरों में नजर आ रहे हैं। खासकर ऐसे वक्त में जब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो चुकी है और इसी साल महाराष्ट्र व झारखंड में भी चुनाव होने हैं। बहरहाल, केंद्र सरकार ने वक्फविधेयक व प्रसारण विधेयक के बाद अब लेटरल एंट्री मामले में से हाथ खींचकर यह संकेत देने का प्रयास किया है कि वह टकराव के बजाय बीच का रास्ता अपनाना चाहती है। उसने सतर्क रुख ही अपनाया है। कहा जाता रहा है कि लेटरल एंट्री प्रक्रिया हमारे संविधान में निहित समानता और न्याय के आदर्शों पर केंद्रित होनी चाहिए। इन भर्तियों में आरक्षण के प्रावधान न होने के मुद्दे का कांग्रेस, बसपा, सपा व राजद ने जोरदार तरीके से विरोध किया। उनकी दलील थी कि इस प्रक्रिया में सामाजिक न्याय की अवधारणा की अनदेखी की गई है। दरअसल, 17 अगस्त को यूपीएससी द्वारा 24 केंद्रीय मंत्रालयों में सेक्रेटरी, डायरेक्टर व डिप्टी सेक्रेटरी जैसे पदों के लिये निकाले गए विज्ञापन के कुछ घंटों के बाद विपक्ष ने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिये थे। यहां तक कि राजग गठबंधन में शामिल एलजेपी ने भी इस फैसले को लेकर चिंता जतायी थी। विपक्षी दलों की दलील थी कि आरक्षण का प्रावधान न होने से वंचित समाज के हकों की रक्षा नहीं हो सकेगी। वहीं सरकार की दलील है कि लेटरल एंट्री का विचार कांग्रेस सरकार के दौरान 2005 में गठित प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशों के बाद सामने आया था और यूआईडीएआई के प्रमुख समेत कई पदों पर विशेषज्ञों की सीधी भर्ती में आरक्षण प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। दरअसल, मोदी सरकार में लेटरल एंट्री की प्रक्रिया वर्ष 2018 में आरंभ हुई थी, जब सीधी भर्तियों के लिये विज्ञापन दिए गए थे। ये नियुक्तियां अनुबंध पर तीन से पांच साल के लिये की गई। लेकिन नियुक्तियों की संख्या कम होने के कारण विवाद नहीं उठा था।

# पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बड़ा खतरा बना बांग्लादेश

**अभिषेक अग्रवाल**

भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर, पड़ोसी देश म्यांमार और बांग्लादेश की घटनायें एक-दूसरे से संबंधित है। यह सभी घटनायें एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है। अमेरिकी सरकार ने बांग्लादेश के राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप किया, लोकतंत्र और स्वतंत्र चुनाव को बढ़ावा देने की आड़ में कई सारे प्रतिबंध लगाए। यह कार्रवाई बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने का एक रणनीतिक हिस्सा है। बांग्लादेशी अधिकारियों ने दावा किया है कि उनके पास बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक प्रमुख और खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान और सऊदी अरब में आईएसआई अधिकारियों के बीच बैठकों के सबूत हैं।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भी दावा किया था कि बांग्लादेश और म्यांमार के कुछ हिस्सों को काटकर एक नया ईसाई देश बनाने की साजिश रची जा रही है। अमेरिका उनसे एक हवाई पट्टी बनाने की मांग भी कर रहा था। अमेरिका ने बांग्लादेश नेशनल पार्टी और उसके सहयोगी जमात-ए-इस्लामी को भी समर्थन दिया था। जमात-ए-इस्लामी, बांग्लादेश बनने के बाद से ही कई तरह की अस्थिर गतिविधियों में शामिल रहा है और कहीं ना कहीं पाकिस्तान का समर्थक भी है। बांग्लादेश की सबसे बड़ी समस्या अस्थिरता और अराजकता रही है। बांग्लादेश बनने के बाद से कभी भी सरकार पूर्ण मजबूती के साथ स्थिरता से नहीं चल पाई। मुजीबुर रहमान ने भारत के सहयोग से मुक्ति वाहिनी बनाई और बांग्लादेश का गठन किया। परंतु सेना में गुटबाजी और महत्वाकांक्षाएं होना के कारण वह तीन साल बाद ही लगभग पूरे परिवार सहित सेना द्वारा मार दिए गए। मुजीबुर्रहमान की दो बेटियां शेख हसीना और उनकी बहन शेख रिहाना ही बचीं, जो उस समय देश से बाहर थीं। जिया उर रहमान मिलिट्री कमांडर थे, जिसने शेख मुजीबुर्रहमान का आजादी के संग्राम मे साथ दिया। शेख मुजीब की हत्या के बाद उन्होंने देश का शासन संभाला। वह ही शेख हसीना को बांग्लादेश वापस लेकर आया और उसे राजनीति में स्थापित किया। बाद में उसने अपनी पत्नी बेगम खालिदा जिया को भी राजनीति में उतार दिया और 1977 में राष्ट्रपति बन बैठा और चार साल बाद 1981 में उनकी भी सैन्य तख्तापलट में हत्या कर दी गई। इसके बाद बांग्लादेश के सैन्य प्रमुख मोहम्मद इरशाद ने देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। इरशाद को हटाने के लिए हसीना और जिया दोनों साथ आईं और जीत भी हासिल की, परंतु इरशाद के हटने के बाद वे एक दूसरे के खिलाफ हो गईं। खालिदा को शेख हसीना के खिलाफ करने में उस समय सीआईए का बहुत बड़ा हाथ था। वहाँ के कट्टर मुस्लिमों का एक धड़ा पाकिस्तान समर्थक है, जो भारत विरोधी हैं। वहाँ पर अरब देशों से पेट्रो-डॉलर फंडिंग वाले कट्टरपंथी तब्लीगियों का भी अच्छा प्रभाव बनता जा रहा है। जमात-ए-इस्लामी भी विदेशी फंडिंग पाती है, साथ ही वह आईएसआई और सीआईए के संपर्क सहयोग में भी है।



**वर्तमान में केवल शेख हसीना ही भारत समर्थक और सहयोगी हैं और अमेरिकन डीप स्टेट को नापसंद है। अब अंतरिम सरकार प्रमुख मोहम्मद यूनुस को बनाया गया है, जिन्होंने 1984 में माइक्रोफाइनेंस स्कीम के नाम पर गरीब बांग्लादेशी नागरिकों को विदेशी पैसे बांटकर उनका दोहन किया। बांग्लादेश की गरीबी में कोई सुधार नही आया, परंतु विदेशी धन के माध्यम से बांग्लादेश के लोगों और अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने का प्रयास किया, जिसकी शेख हसीना प्रबल विरोधी है। इन पर टैक्स चोरी और अत्यधिक ब्याज से लोगों के दोहन के आरोप लगते रहे, साथ ही यह विदेशी प्रतिनिधित्व के प्रबल समर्थक हैं। म्यांमार का संघर्ष राज्य बनाने वाले बर्मी बहुसंख्यकों व अल्पसंख्यकों के मध्य है। अल्पसंख्यक मुख्य रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं, जबकि बर्मी देश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों पर हैं।**

वर्तमान में केवल शेख हसीना ही भारत समर्थक और सहयोगी हैं और अमेरिकन डीप स्टेट को नापसंद है। अब अंतरिम सरकार प्रमुख मोहम्मद यूनुस को बनाया गया है, जिन्होंने 1984 में माइक्रोफाइनेंस स्कीम के नाम पर गरीब बांग्लादेशी नागरिकों को विदेशी पैसे बांटकर उनका दोहन किया। बांग्लादेश की गरीबी में कोई सुधार नही आया, परंतु विदेशी धन के माध्यम से बांग्लादेश के लोगों और अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने का प्रयास किया, जिसकी शेख हसीना प्रबल विरोधी है। इन पर टैक्स चोरी और अत्यधिक ब्याज से लोगों के दोहन के आरोप लगते रहे, साथ ही यह विदेशी प्रतिनिधित्व के प्रबल समर्थक हैं। म्यांमार का संघर्ष राज्य बनाने वाले बर्मी बहुसंख्यकों व अल्पसंख्यकों के मध्य है। अल्पसंख्यक मुख्य रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं, जबकि बर्मी देश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों पर हैं। कई अल्पसंख्यक समूह प्राकृतिक संसाधनों, जुए, ड्रग्स या विदेशी सहायता (खासकर मिशनरीज) के माध्यम से खुद को बनाए रखते हैं। वह अक्सर चीनी और अमेरिकन हथियारों की सहायता से संघर्ष को कम तीव्रता पर जारी रखते हैं, जिससे इसकी निरंतरता बनी रहती है। ऐसा करने के पीछे ड्रग्स और जंगल पहाडों पर मिलने वाले आर्थिक संसाधन के माध्यम से होने वाली आय भी कारण है। शेख हसीना, जिस ईसाई-यहूदी लोगों का एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाने के प्रयासों की ओर इशारा कर रही थीं, वह वहाँ रहने वाले ईसाई धर्म में परिवर्तित हो चुके समूहों की पुरानी मांग है। ईसाई राष्ट्र जोगाम, जिसे जालेंगम (स्वतंत्रता की भूमि)की तर्ज पर कहा जाता है, एक प्रस्तावित कुकी राज्य है। इस अलग राष्ट्र में म्यांमार के सागाइंग डिवीजन और चिन राज्य के बड़े हिस्से, भारतीय राज्य मिज़ोरम और मणिपुर के कुकी-बसे हुए इलाके और बांग्लादेश के चटगांव डिवीजन के बंदरबन जिले और आस-पास के इलाके शामिल करने का विचार है। अमेरिका समेत यूरोपियन समुदाय इस मांग को हवा देता रहता है और कुकी समुदाय का सहायक भी है। यह क्षेत्र कुकी-चिन आतंकवादी समूहों के उग्रवाद से जूझ रहा है जिसमे ज़ोमी, चिन-कुकी-मिज़ो जातीय समूह शामिल है। भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले एक जातीय समूह हैं। उनकी उत्पत्ति म्यांमार की चिन पहाड़ियों और भारत में मणिपुर, मिज़ोरम और नागालैंड के आस-पास के क्षेत्रों से जुड़ी हुई है। जहाँ वो बाहर से धीरे धीरे इन क्षेत्रों में प्रवास करके बस गए और अलग-अलग समुदायों का निर्माण किया। शेख हसीना के साथ सीआईए बांग्लादेश को अमेरिकी सेना के लिए दक्षिण एशिया को नियंत्रित करने के लिए एक सैन्य हवाई पट्टी बनाने में विफल रही। इस सैन्य अड्डे और कुकी चिन के अपने समर्थकों के साथ अमेरिका बहुत आसानी से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ भारत और चीन को भी नियंत्रित कर सकता है। यही कारण रहा मणिपुर भी पिछले डेढ़ दो साल से अशांत बना हुआ है। भारत सरकार ने मणिपुर में अवैध ड्रग्स की खेती पर लगाम लगाई और व्यापार को बंद करने के उद्देश्य से वहाँ फसल को आग लगा दी। इसके बाद ही वहाँ पर चीन और अमेरिका प्रायोजित हिंसा भड़क उठी। सेना की कार्रवाई में कुकी उग्रवादियों की भी काफी कमर टूटी है, इसलिए मणिपुर को अशांत किया गया। वहाँ पर नेहरू ने भारतीय साधुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी थी और यूरोपीय मूल के वेरियर एल्विन को उत्तर पूर्वी मामलों पर सलाहकार नियुक्त किया था। आज, नागालैंड में लगभग 90 प्रतिशत ईसाई हैं। दूसरी कसर पूर्वोत्तर में इनर लाइन परमिट लगाकर उस हिस्से को भारत से लगभग अलग थलग कर दिया। ऐसे समय में भारत की क्या भूमिका होनी चाहिए। मेघालय ने बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तत्काल प्रभाव से रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है। बीएसएफ ने 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी सभी संरचनाओं में हाई अलर्ट जारी किया जहाँ एक ओर मणिपुर समस्या है, वहीं चिकन नैक का स्थाई समाधान भी बांग्लादेश के माध्यम से निकल सकता है।

## विचार

# सरकारी नौकरियों में लेटरल एंट्री पर हंगामा गलत

**आर.के. सिन्हा**




केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों में अहम पदों को संभालने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने हाल ही में लेटरल एंट्री या कहें कि पार्श्व प्रवेश के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिए एक विज्ञापन अखबारों में निकलवाया था। इसी को लेकर देशभर में गैर-जरूरी हंगामा खड़ा हो गया या निहित स्वार्थ से भरे लोगों द्वारा खड़ा कर दिया गया था। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार में लेटरल एंट्री पर रोक लगा दी गई है। यूपीएससी से कहा गया है कि वो लेटरल एंट्री से नियुक्ति न करे। कार्मिक विभाग के मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी चेयरमैन प्रीति सूदन को पत्र लिखकर कहा है कि इस नीति को लागू करने में सामाजिक न्याय और आरक्षण का ध्यान रखा जाना चाहिए।

बात बस इतनी सी थी कि संघ लोक सेवा आयोग ने एक विज्ञापन जारी कर कहा था कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में वरिष्ठ पदों पर काम करने के लिए ÷प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों÷ की तलाश है। इन पदों में 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के शामिल हैं, जिनमें कुल 45 पदों पर भर्ती होनी है। इस विज्ञापन के छपने के बाद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सबसे ज्यादा हंगामा काट रहे थे। कह रहे थे कि केन्द्र सरकार सरकारी विभागों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों को भर्ती करना चाहती है। हालांकि हमेशा की तरह राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए किसी तरह के प्रमाण देने की जरूरत तक नहीं महसूस नहीं की। वे वैसे भी राहुल गांधी हवाई बातें-दावे करने में माहिर हैं।

काश, राहुल गांधी को यह पता तो होगा ही कि देश के दस सालों तक प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह को देश का वित्त सचिव तक लेटरल एंट्री के माध्यम से ही बनाया गया था। वह तो तब तक तो वे दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ा रहे थे। इसी तरह से मंटेक सिंह आहलूवालिया को भी कांग्रेस सरकार ने ही योजना आयोग का चेयरमेन बना दिया था। उनकी नियुक्ति भी उसी तरह से हुई थी जिस तरह से डॉ. मनमोहन सिंह की खुद की हुई थी। इसलिए यह कहना सरासर गलत है कि मौजूदा सरकार कुछ विभागों के लिए बाहरी अभ्यर्थियों को नौकरी देकर गलत कर रही है। ना जाने क्यों यूपीएससी के इस कदम ने नौकरशाही में लेटरल एंट्री पर बहस छेड़ दी। राहुल गांधी और कांग्रेस के कुछ नेता कह रहे थे कि यूपीएससी की भर्ती की यह प्रक्रिया ÷पीछे के दरवाजे से भर्ती÷ है। इसे अंग्रेजी में बैक एंट्री भी कहा जा रहा है। अब कांग्रेस के नेताओं से यह तो पूछा ही पूछा जाना चाहिए कि सैम पित्रोदा और रघुरामन राजन कौन थे ? उन्हें किस आधार पर सरकार में लेटरल एंट्री के तहत ऊंचे पदों पर नौकरी दी गई थी ?

अब जान लेते हैं कि लेटरल एंट्री होता क्या है? दरअसल नौकरशाही में लेटरल एंट्री का मतलब है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) जैसे पारंपरिक सरकारी सेवा कैडर के बाहर के व्यक्तियों को सरकारी विभागों में मध्यम और वरिष्ठ स्तर के पदों पर उनकी योग्यता और अनुभव के आधार पर भर्ती करना। इससे पहले लेटरल एंट्री के जरिए 2018 में पहली बार रिक्तियों की घोषणा की गई थी। लेटरल एंट्री करने वाले व्यक्तियों को आमतौर पर तीन से पांच साल के अनुबंध पर नियुक्त किया जाता है, जिसमें प्रदर्शन और सरकार की आवश्यकताओं के आधार पर विस्तार की संभावना होती है। इन व्यक्तियों से ऐसी विशेषज्ञता लाने की उम्मीद की जाती है जो शासन और नीति कार्यान्वयन में जटिल चुनौतियों का समाधान करने में मदद कर सके। यूपीएससी के हालिया विज्ञापन से साफ था कि उसे तीन स्तरों पर योग्य उम्मीदवारों की तलाश थी- संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव। इन पदों पर तैनात अफसर अक्सर विभागों के भीतर विशिष्ट विंगों के प्रशासनिक प्रमुख या उनके सहायक के रूप में कार्य करते हैं और प्रमुख निर्णय लेने वाले होते हैं। लेटरल एंट्री के पीछे सरकार का तर्क यह रहा है कि नई प्रतिभा लाना और प्रशासन में कुशल जनशक्ति की उपलब्धता बढ़ाना।

आप गौर करें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जब बोलते हैं, वे तब सरकार को सदैव कोसते ही रहते हैं। लोकतंत्र में सदा स्वस्थ्य वाद-विवाद और सार्थक संवाद जारी रहना चाहिए। हमेशा ही बेवजह विवाद नहीं खड़े करने चाहिए। खरगे कह रहे हैं कि लेटरल एंट्री से सरकारी नौकरियों में हाशिये पर रहने वाले समुदायों को नुकसान होगा। राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को भी लेटरल एंट्री पर आपत्ति है। अब इन ज्ञानी नेताओं को कोई बताए कि लेटरल एंट्री का विचार तो सर्वप्रथम कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दौरान ही विकसित किया गया था। लेटरल एंट्री पर महाभारत करने वालों को पता होना चाहिए कि यूपीएससी की भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी है। इसलिए इस मसले पर विवाद खड़ा करने का कोई ठोस आधार नहीं है। ऐसा करने वाले संवैधानिक संस्थानों पर आघात कर रहे हैं। दरअसल यह तो कहना पड़ेगा देश में सियासत के संसार का माहौल बहुत विषाक्त हो चुका है। सरकार के हरेक कदम का विपक्ष माखौल उड़ाता रहता है या उसमें कमियां निकालने की कोशिश करता रहता है। अगर यही रणनीति विपक्ष अपनाता रहा तो सरकार अपना कोई काम कर ही नहीं सकेगी। यकीन मानिए कि विपक्ष से यह कोई नहीं कह रहा है कि वह सरकार को उसकी किसी जनविरोधी नीतियों पर न घेरे। अवश्य घेरे और उसकी जितनी चाहे निंदा करे। पर विपक्ष को सरकार के फैसलों की सोच-समझकर ही आलोचना करनी चाहिए। अगर उसने यह न किया तो उसकी जनता के बीच छवि तार-तार हो जाएगी और वह एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने से वंचित हो जाएगा।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## मदरसों पर मोहन सरकार की पहल अच्छी

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश के बच्चों के अच्छे भविष्य को लेकर कितने अधिक चिंतित हैं, यह उनके मदरसा शिक्षा पर लिए गए निर्णय से एक बार फिर सामने आया है। उन्होंने उन तमाम मदरसों को चेताया है जो कि नियमों को नहीं मानते हैं। ऐसे सभी मदरसों के संबंध में सीएम मोहन यादव की सख्त हिदायत है, या तो नियमों से चलो, नहीं तो सभी सरकारी अनुदान रोक दिए जाएंगे।

वस्तुतः देश भर के मदरसों की तरह ही मध्य प्रदेश में भी यह देखने में लगातार आ रहा था कि यहां गैर इस्लामिक बच्चों को बड़ी संख्या में दीनी तालीम दी जा रही है, जोकि एक तरह से अप्रत्यक्ष रूप से उनका माइंडवॉश किए जाने का योजनापूर्ण षड्यंत्र है। जिसमें कि एक समय के बाद उसे अपने मूल मत, पंथ, धर्म से घृणा हो जाए और वह इस्लाम को ही सबसे श्रेष्ठ समझने लगे। इस पूरी प्रक्रिया में बच्चों के हितों का कोई संरक्षण नहीं किया जा रहा था, ऐसे में मुख्यमंत्री यादव ने आगे होकर जो यह पहल की है, वह स्तुत्य है। उन्होंने अब साफ तौर पर कह दिया है कि स्कूल शिक्षा विभाग संविधान के आर्टिकल 28(3) का अनुपालन सुनिश्चित करेगा और छात्रों को उनके निर्धारित मत, पंथ के अलावा अन्य रिलीजन की जबरन शिक्षा देने वाले संस्थानों पर रोक लगाएगा । वैसे भी संविधान का अनुच्छेद 28 कहता भी यही है कि सरकारी शैक्षिक संस्थानों में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा। किसी को डरा-धमका या लालच देकर धर्म परिवर्तन नहीं करा सकते, लेकिन यहां तो मदरसों में बचपन में ही सोचने की प्रक्रिया बदल दी जाती है। जिसका एक समय के बाद परिणाम अधिकांश बार मतान्तरण (धर्मांतरण) के रूप में ही सामने आता है । इस संबंध में याद आता है, अभी हाल ही में धर्मांतरण को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की । हाई कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान किसी को धर्म अपनाने, उसमें आस्था जताने और प्रचार करने की अनुमति देता है, लेकिन यह लालच व दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराने की अनुमति नहीं देता। कोर्ट ने यह भी कहा है कि धर्मांतरण कराना एक गंभीर अपराध है, जिस पर सख्ती की जानी चाहिए। इस संदर्भ में हमने पूर्व में भी मप्र में देखा जब शिवराज सरकार के दौरान मतान्तरण से जुड़े कानून में संशोधन किया गया। दिसंबर, 2020 में शिवराज सिंह कैबिनेट ने 'मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक 2020' को मंजूरी दी।

इस विधेयक में शादी या धोखाधड़ी से कराया गया धर्मांतरण भी अपराध माना गया, जिसके लिए अधिकतम 10 साल की कैद और एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान तय किया गया। किंतु उसके बाद भी देखने में यही आया है कि न तो धर्मांतरण (मतान्तरण) के मामलों में कमी आई, ना हीं लवजिहाद जैसे अपराध कम हुए। यह बहुत विचारणीय है कि आखिर इसका कारण क्या हो सकता है? इस बारे में वास्तव में जब गहराई से चिंतन करते हैं, तो ध्यान में आता है कि प्रत्येक मुस्लिम परिवार में 'दीनी तालीम' अनिवार्य की गई है। अपने मजहब की 'दीनी तालीम' दिए जाने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है, पर प्रश्न यह है कि इस दीनी तालीम और मदरसा शिक्षा की आड़ में बच्चों को पढ़ाया क्या जा रहा है ? बच्चा किन पुस्तकों को पढ़ रहा है? मदरसा में मौलवियों द्वारा बच्चों के मन में क्या भरा जा रहा है? कहना होगा कि अभी इसे देखने एवं जांचने का कोई यंत्र सरकारी सिस्टम नहीं बना है। मजहबी शिक्षा के नाम पर क्या हम अपने बच्चों को गैर मुसलमानों के प्रति नफरत से तो नहीं भर रहे? यह देखना जहां प्रत्येक परिवार के समझदार सदस्यों का काम है तो वहीं बच्चे राज्य की आधारशिला और जिम्मेदारी होने से यह सरकार का काम भी है कि वह उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराए, यदि कहीं इसमें कोई बाधा है तो उसे तत्काल प्रभाव से दूर करे। मध्य प्रदेश में अब भले ही राज्य सरकार ने हाल ही में अधिकारियों को सरकारी अनुदान प्राप्त करने वाले मदरसों में नामांकित छात्रों की साख वेरीफिकेशन करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि माता-पिता या अभिभावकों की सहमति के बिना उन्हें दूसरे मत, पंथ की शिक्षा न दी जाए।



## राशिफल

**मेष:-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**बृषभ:-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रतिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रतिश्रम तीव्र होगा।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

**वृश्चिक :-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रतिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

# विनिर्माण क्षेत्र और बदलते भारत की तस्वीर

**प्रहलाद सबनानी**

भारत में आज भी देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास कर रही है और वह अपने रोजगार के लिए सामान्यतः कृषि क्षेत्र पर निर्भर है तथा देश की कुल अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 16-18 प्रतिशत के आसपास बना रहता है। अब यदि देश की 60 प्रतिशत आबादी देश के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16-18 प्रतिशत तक का योगदान दे पा रही है तो स्वाभाविक रूप से इस क्षेत्र में गरीबी तो बनी ही रहेगी। परंतु, यह स्थिति अब धीरे धीरे बदल रही है क्योंकि हाल ही के वर्षों में भारत के विनिर्माण क्षेत्र का योगदान देश के सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों के नागरिक शहरी क्षेत्रों में स्थापित की जा रही विनिर्माण इकाईयों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

विनिर्माण क्षेत्र में कई ऐसे नए क्षेत्र भी उभरकर सामने आए हैं जिन क्षेत्रों में भारत में उत्पादन बहुत कम मात्रा में होता रहा है। उदाहरण के लिए रक्षा क्षेत्र, दवा क्षेत्र, सेमी-कंडक्टर निर्माण क्षेत्र एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का क्षेत्र आदि का वर्णन यहां प्रमुख रूप से किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में स्वदेशी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन की मात्रा 1.27 लाख करोड़ रुपये की रही है जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय 16.7 प्रतिशत अधिक है। यह भारत सरकार द्वारा देश में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और सरकार के प्रयासों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। वर्तमान में रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली इकाईयों में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान उक्त वर्णित उत्पादन में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 79.2 प्रतिशत का रहा है जबकि निजी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 20.8 प्रतिशत का रहा है। हर्ष का विषय तो यह भी है कि रक्षा के क्षेत्र में भारत में निर्मित किए जा रहे उत्पादों की अन्य देशों में भारी मांग निर्मित होती जा रही है और इन उत्पादों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये के मूल्य का निर्यात भारत से विभिन्न देशों में किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है और यह भारत में रक्षा के क्षेत्र में हुए कुल उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत है।



**निर्यात में यह वृद्धि न केवल वैश्विक रक्षा बाजार में भारत के बढ़ते पदचिन्हों को दर्शाती है, बल्कि आत्मनिर्भरता और नवाचार के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। भारत में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही के समय में कई रणनीतिक पहल भी केंद्र सरकार द्वारा की गई है, जैसे, मजबूत नीतिगत ढांचे को विकसित करना, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना, अनुसंधान एवं विकास कार्यों में पर्याप्त निवेश को बढ़ावा देना, आदि शामिल हैं। स्वदेशीकरण की नीति के अनुपालन का असर भी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन एवं निर्यात में हो रही भारी भरकम वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है। रक्षा के क्षेत्र में उपयोग होने वाले सैकड़ों उत्पादों के आयात पर रोक लगाकर इन उत्पादों का उत्पादन भारत में ही करने के निर्णय का असर भी अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।**

निर्यात में यह वृद्धि न केवल वैश्विक रक्षा बाजार में भारत के बढ़ते पदचिन्हों को दर्शाती है, बल्कि आत्मनिर्भरता और नवाचार के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। भारत में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही के समय में कई रणनीतिक पहल भी केंद्र सरकार द्वारा की गई है, जैसे, मजबूत नीतिगत ढांचे को विकसित करना, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना, अनुसंधान एवं विकास कार्यों में पर्याप्त निवेश को बढ़ावा देना, आदि शामिल हैं। स्वदेशीकरण की नीति के अनुपालन का असर भी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन एवं निर्यात में हो रही भारी भरकम वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है। रक्षा के क्षेत्र में उपयोग होने वाले सैकड़ों उत्पादों के आयात पर रोक लगाकर इन उत्पादों का उत्पादन भारत में ही करने के निर्णय का असर भी अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। रक्षा के क्षेत्र में विभिन्न उत्पादों का उत्पादन भारत में ही करने की नीति को लागू करने से देश में न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा बल्कि देश में आर्थिक प्रगति, तकनीकी उन्नति एवं रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। रक्षा क्षेत्र की तरह ही, हाल ही के समय में भारत ने उत्पादन के कई नए क्षेत्रों में प्रवेश किया है। कुछ वर्ष पूर्व तक दवा निर्माण के क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले एपीआई (ऐक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडीयंट) नामक कच्चे माल का लगभग पूरे तौर पर चीन से आयात किया जाता था। परंतु, कोरोना महामारी के दौरान भारत को यह अहसास हुआ कि यदि चीन इस कच्चे माल का निर्यात भारत को करना कम कर दे अथवा बंद कर दे तो भारत में तो दवा उद्योग की इकाईयों में निर्माण कार्य ही ठप्प पड़ जाएगा। इसके बाद केंद्र सरकार ने एपीआई के उत्पादन को भारत में ही करने का फैसला लिया, आज स्थितियां पूर्णतः बदल गई है एवं एपीआई का निर्माण भारत में ही किया जाने लगा है। सम्भव है कि आगे आने वाले कुछ समय में एपीआई के निर्माण के क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भरता हासिल कर लेगा। भारत आज एपीआई के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है एवं भारत की वैश्विक एपीआई उद्योग में 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी बन गई है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# टप्पेबाजी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

▸ नकली जेवरात व टप्पेबाजी के 47 हजार 500 रुपये नगद सहित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



**महोबा**, थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत मोहल्ला मिल्कीपुरा निवासी जलील पठान पुत्र काले खां ने थानाहाजा में एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उनको नकली सोने का हार दिखाकर उनसे तीन लाख रुपये की टप्पेबाजी कर ली गयी है। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर महोबा में मु.अ.सं. 388/24 धारा 318(4) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा उक्त टप्पेबाजी की घटना का संज्ञान लिया गया जिसके क्रम में घटना के सफल अनावरण एवं सम्बन्धित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा नरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज सम्बन्धित मु0अ0सं0- 388/24 धारा 318(4) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित एक नफर अभियुक्त जीवन गुजराती पुत्र जगराम मोहन उम्र करीब 39 वर्ष निवासी मकान नं0 292 सावदा कालोनी नई दिल्ली को पठा रोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से बरामदा माल 47500 रू0 नगद व पीली धातु के नकली जेवरात वजन एक किलो 900 ग्राम बरामद किया गया बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर पंजीकृत मुकदमें में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसके साथ 02 लोग कन्हैया व शान्ति पता अज्ञात भी सम्मलित थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### दुष्कर्म व पॉक्सों एक्ट से सम्बन्धित दो वांछित गिरफ्तार




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर शिवपाल सिंह के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 175/24 धारा 376डी/506 भादवि, 6 पाक्सो एक्ट व 67(B) आईटी एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण नरेन्द्र कुशवाहा पुत्र प्रीतम उम्र 24 वर्ष व मनोज कुशवाहा पुत्र कमलू कुशवाहा उम्र 21 वर्ष को मय मोबाइल फोन के साथ तलैया मोड़ ग्राम ढिकवाहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है, इस दौरान गिरफ्तार अभि0 नरेन्द्र कुशवाहा से घटना में प्रयुक्त शस्त्र के बारे में कडाई से पूछताछ की गई जिसमें उसने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद शस्त्र को एक स्थान पर छुपा दिया हूँ, अभियुक्त की निशादेही पर सिद्ध बाबा की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ता के पास ग्राम ढिकवाहा के पास से मुकदमा उपरोक्त में प्रयुक्त 01 देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया है। अभियुक्त नरेन्द्र कुशवाहा उपरोक्त के कब्जे से बरामद हुए अवैध शस्त्र/कारतूस के आधार पर थाना श्रीनगर में मु0अ0सं0 176/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया।

# कजली मेला महोत्सव : कार्यक्रम का जल शक्ति मंत्री ने फीता काट कर किया शुभारंभ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



संरक्षण एवं विकास समिति नगर पालिका महोबा के तत्वाधान में आयोजित कजली मेला एवं महोबा महोत्सव 2024 के अंतर्गत कीरत सागर सांस्कृतिक मंच में आयोजित कार्यक्रम का देर रात जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, पूर्व सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, सदर विधायक राकेश गोस्वामी एवं अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जलशक्ति राज्य मंत्री ने कहा कि कजली मेला उत्तर भारत का अति प्राचीन एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मेला है।जनपद महोबा के आल्हा एवं उदल ने महोबा का नाम अपने महत्वपूर्ण कार्यों में वीरता से नाम रोशन किया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सर्वप्रथम सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों द्वारा मां चंडिका वंदना, सुश्री प्रगति झांसी द्वारा सरस्वती वंदना तथा नवरस म्यूजिक ग्रुप द्वारा स्वागत गीत तथा देश भक्ति से संबंधित गीत की शानदार प्रस्तुति की गई।इसके पश्चात उमाशंकर सेन एवं ब्रजेन्द्र कुमार के द्वारा आल्हा गायन, आल्हा उदल के महोबा के इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात श्रीमती सरिता यादव लखनऊ के द्वारा लोकनृत्य एवं ज्ञानेश्वर ज्ञानी लखनऊ एक सितारा डॉ अम्बेडकर नाटक तत्पश्चात रामसेवक तिवारी एंड पार्टी द्वारा मांडो की लड़ाई के नाटक की शानदार प्रस्तुति भी की गई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उप जिलाधिकारी सदर एवं अन्य उपजिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### चाचा ने नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर खून के रिश्तों को किया कलंकित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव के रहने वाले सगे चाचा ने अपनी नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर खून के रिश्तों को कलंकित कर दिया है। चाचा अपनी भतीजी को जबलपुर ले जाने के बहाने मध्यप्रदेश के छतरपुर लेकर पहुँचा जहां भतीजी को रात होने का हवाला देते हुए वह उसके साथ एक निजी होटल में ठहर गया। अपने सगे चाचा की चाल से अनिभिज्ञ 14 वर्षीय किशोरी उनके साथ होटल में रूक गई । चाचा ने होटल में रात को दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नही चाचा ने अपनी भतीजी को धमकी देते हुए कहा कि यदि उसने किसी को दुष्कर्म के बारे में बताया तो वह उसे जान से मार देगा। डरी सहमी किशोरी ने घर आकर अपने परिजनों को दुष्कर्म जानकारी दी। घटना से नाराज पिता ने अपने सगे भाई के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चाचा गुड्डू सिंह के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### ननिहाल गए पांचवीं के छात्र की नदी में डूबने से मौत



**राठ।** बुधवार को ननिहाल में 9 वर्षीय बालक अपने दोस्तों के साथ बेतवा नदी में नहाने गया था। जिसकी डूब कर मृत्यु हो गयी।राठ निवासी रजनी कुशवाहा पत्नी प्रमोद रक्षाबंधन के पर्व में अपने अपने 9 वर्षीय पुत्र आयुष को लेकर मायके जिटकरी थाना जरिया सोमवार को गई थी। बुधवार की सुबह करीब दस बजे उनका एकलौता पुत्र आयुष अपने मौसी के लड़के व उसके दो दोस्तों के साथ गांव के पास बह रही बेतवा नदी के किनारे नाले में नहाने गया था। नहाते समय वह उसमें डूब गया। दोस्तों की आवाज सुन आस पास मौजूद मछुआरों ने आयुष को नदी से बाहर निकाला। सूचना पर स्वजन उसे सीएचसी सरीला ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### हमीरपुर से पच्चीस व राठ डिपो से पैतीस रोडवेज बसों का बेड़ा जायेग चित्रकूट

▸ पुलिस भर्ती परीक्षा के लिये विभाग ने तैयार की रुप रेखा, पांच दिन तक यात्रियों को उठानी पड़ेगी मुसीबत

**हमीरपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा में हमीरपुर रोड वेज डिपो से पच्चीस व राठ डिपो से पैतीस कुल मिलकार साठ बसों का बेड़ा चित्रकूट जायेगा ये बसे पांच दिन बाद वापस लौट कर आयेगी जिससे डिपों में पांच दिन तक यात्रियों को खासी मुसीवबत का सामना करना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक पुलिस भर्ती परीक्षा का हमीरपुर केंद्र नही बनाया गया है इसलिये यहां से पच्चीस बसे व राठ से पैतीस बसे एक दिन पहले चित्रकूट पहुच जायेगी वहा से बिभिन्न जिलो के लिये जाने वाले परीक्षार्थियों के लिये बसे उपलब्ध करायी जायेगी। स्थानीय रोडबेज डिपो में करीब साठ बसों का बेड़ा है जिसमे करीब पाच से सात बसे रुट आफरहती है। यहा से हर रोज कम से कम सात सौ से अधिक सवारिया विभिन्न रुटो के लिये प्रस्थान करती है। बसे 23 से 25 अगस्त तक परीक्षार्थियों को ढोयेगी कुछ परीक्षार्थी बापस 26 को आयेगे उनको भी लायेगी। इसके दो दिन बाद 30 व 31 अगस्त को फिर पुलिस की परीक्षा होने के कारण बसे चित्रकूट के लिये रवाना हो जायेगी। एआरएम रोडबेज आरपी साहू ने बताया कि हमीरपुर डिपो की करीब 32 बसे रोड पर रहेगी कल यानी गुरुवार को ही 25 बसे रवाना हो जायेगी स्थानीय स्तर पर भी परीक्षार्थियों को आने जाने के लिये बसों को प्रमुखता से सेवाए दी जायेगी। एआरएम का कहना है कि परीक्षार्थियों के साथ यात्रियों को भी बसे विभिन्न रुटो में ले जायेगी मगर यात्रियों को चाहिये कि बसों की कम उपलब्धता होने के कारण लोग अपनी निजी साधन से यात्रा करेगे तो यात्रा में परेशानी से बचेगे। इसके लिये विभाग ने पूरी रुप रेखा तैयार कर ली है। सभी चालकों पर परिचालको को समय से डियूटी करने की हिदायत दे दी गयी है।

### घर में घुसकर की मारपीट

**मौदहा; (हमीरपुर) समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र की एक महिला ने गांव के ही दबंगों द्वारा पुत्र और पुत्री को घर में घुसकर धारदार हथियार से मारपीट करने की घटना को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के खंडेह निवासी महिला राम जानकी पत्नी हरिशंकर ने पुलिस को बताया कि गांव के ही दबंग बच्चा सेवक पुत्र शीतल निवासी खंडेह बीते दिन घर में घुसकर उसके बेटी और बेटा को धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया जिससे आहत होकर कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वही कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और तलाश जारी है।

# आंदोलन छठवें दिन भी जारी काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने आज महोबा में समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग मे चल रहे आंदोलन की समीक्षा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग के संविदा कर्मियों ने विभागीय उत्पीड़न के खिलाफ आज छठवें दिन भी आंदोलन जारी रखा। सभी आश्रम पद्धति विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। विभाग के संविदा शिक्षक नवीनीकरण में बिलंब एवं जिला समाज कल्याण अधिकारियों एवं स्कूलों के प्रधानाचार्य के उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। संविदा शिक्षकों का नवीनीकरण मई में हो जाना चाहिए था, लेकिन अगस्त बीतने को आ रहा है और अभी तक नवीनीकरण नहीं हो पाया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने कहा है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की शिथिलता के चलते नवीनीकरण में विलंब हो रहा है। नवीनीकरण के नाम पर विभाग में बड़े पैमाने पर खेल किया जा रहा है। 50त्न परीक्षा परिणाम का आधार बनाकर एवं नियंत्रक अधिकारियों से शिक्षकों के खिलाफ रिपोर्ट बनवाकर नवीकरण रोकने का कुचक्र चलाया जा रहा है।

कोई जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं का संज्ञान लेकर बात भी नहीं कर रहा है। ऐसी स्थिति में विभागीय संविदा कर्मियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। 27 अगस्त को निदेशालय के घेराव का कार्यक्रम है। यदि 27 अगस्त के पूर्व नवीनीकरण सहित अन्य सभी मांगों पर कार्यवाही नहीं हुई तो निदेशालय के घेराव के साथ-साथ काम बंद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विभाग द्वारा 2020 में चार संविदा कर्मियों को क्रश्वस्र डिग्री ना होने के कारण संविदा से हटाया गया था, उन्हें अभी तक संविदा पर वापस नहीं लिया गया है। हटाए गए कर्मी निदेशालय पर अनशन करने की धमकी दे रहे हैं।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री से दूरभाष के माध्यम से प्रकरण का संज्ञान लेकर हल निकालने का अनुरोध भी किया है। आज समाज कल्याण के आंदोलन के सहयोग में खाद्य रसद विभाग के कर्मचारियों ने भी काली पट्टी बांधकर काम किया। समाज कल्याण विभाग के आंदोलन को धीरे-धीरे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अन्य घटकों का सहयोग मिलना शुरू हो गया है। हेमंत कुमार पाठक ने इस आंदोलन के लिए पूरी तरह से निदेशक समाज कल्याण एवं उप निदेशक जनजाति विकास को जिम्मेदार ठहराया है।

# कजली मेला में विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में किया गया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जे0पी0 यादव के आदेशानुसार कजली मेला महोत्सव में बुधवार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मेला परिसर में कैम्प लगाकर लोगो को पम्पलेट एवं पुस्तके वितरित कर विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जागरूक किया गया।

मेला परिसर मे लोगो को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे मे बताया गया। जिसमे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किये जाने वाले विभिन्न कार्य जैसे




निःशुल्क अधिवक्ता, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, राष्ट्रीय लोक अदालत, पक्षकारो के मध्य मध्यस्थता, जागरूकता शिविर आदि के विषय पर जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त 14 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे मे जानकारी दी गयी जिसमे बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त शमनीय आपराधिक वाद, परक्राम्य लिखत की धारा-138 के वाद, वाहन दुर्घटना प्रतिकर के वाद, वैवाहिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण के वाद, दीवानी वाद, बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, राजस्व वाद, वन अधिनियम के वाद, दीवानी एवं आपराधिक अपील, उपभोक्ता वाद, ट्रैफिक चालानी वाद, शॉप एडजस्टेबलिशमेंट एक्ट के चालानी वाद, वेट एण्ड मेजरमेंट एक्ट के चालानी वाद, नगर पालिका चालानी वाद, पुलिस एक्ट के चालानी वाद, विद्युत अधि0 के वाद, शहरी विकास अधि0 के वाद, सिनेमेटोग्राफी एक्ट के चालानी वाद व आबकारी अधि0 के चालानी वादों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या मे निस्तारण किया जाना है।

समस्त जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपने वादो को सुलह समझौते के आधार पर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराकर इस अवसर का लाभ प्राप्त करें।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, स्वजनों में मचा कोहराम

**राठ, समृद्धि न्यूज।** जरिया थाने के करियारी गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। करियारी गांव निवासी मंगलवार देवीदयाल(30) ने कमरे में लाइट की डोरी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों ने जब युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के चचेरे भाई भूपेंद्र पाल ने बताया कि देवीदयाल के पास करीब दो बीघा जमीन है। देवीदयाल पिता के साथ खेती.बाड़ी के साथ मेहनत मजदूरी करता था। वह अविवाहित था और शराब पीने का आदी था। उसकी मां ज्ञान देवी और पिता मातादीन खेत पर काम करने के लिए गए थे। मृतक तीन भाइयों में मंझला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कीचड़ से होकर स्कूल जाते हैं होनहार बच्चे



कोई सुनने वाला नहीं

**कुरारा(हमीरपुर)** विकास खंड क्षेत्र के टोडरपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय में जाने वाले रास्ते में जलभराव होने के कारण बच्चो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि न तो विद्यालय प्रशासन कुछ कर रहा है न ही ग्राम प्रधान। बच्चे छात्र छात्राएं पानी से होकर विद्यालय जाने को मजबूर है।

क्षेत्र के टोडरपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के जाने वाले रास्ते में जलभराव की स्थित बनी हुई है। जिससे बच्चो को विद्यालय जाने में पानी से होकर गुजरना पड़ता है। अभिभावक बलबीरए अवधेशए रमेश आदि ने बताया कि पानी निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण विद्यालय गेट से लेकर सड़क तक पानी भर जाता है। जिससे ग्रामीणों को भी आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वही अभिभावकों ने बताया कि विद्यालत के अध्यापकों ने कई बार बीआरसी में इस जल भराव के बारे में बताया परंतु न तो शिक्षा विभाग ध्यान दे रहा है और न ही ग्राम प्रधान शकुंतला देबी कुछ कर रही है। इस संबंध में एबीएसए सुशील कमल ने बताया कि पानी की निकासी न होने के कारण समश्या है ग्राम प्रधान से बात हुई है जल्द समस्या का निराकरण करवाया जाएगा।

# एससी-एसटी-ओबीसी के उप वर्गीकरण के विरोध में लोगों ने जुलूस निकाल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राठ, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को एससी एसटी व ओबीसी के उप वर्गीकरण के विरोध में समाज के सैंकड़ों लोगों ने जुलूस निकाल राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है। जुलूस में एससी, ओबीसी के लोग नारेबाजी करते हुए चल रहे थे।

कबीर चौरा मंदिर में सभा के बाद जुलूस निकाला गया। जुलूस रामलीला मैदान स्टेट बैंक चौराहा रानी गेट कोट बाजार उरई बस स्टैंडए अंबेडकर चौराहा बजरिया होते हुए तहसील परिसर में पहुंचा। जहां समाज के लोगों ने एसडीएम व सीओ दिलीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर ने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति की सूची में कोई भी परिवर्तन करने का अधिकार भारत सरकार और सर्वोच्च न्यायालय को संवैधानिक रूप से नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति को सरकारी सेवाओं में क्रीमी लेयर के दायरे में लाने का निर्णय दिया गया है। जो संविधान विरोधी है।

निर्णय में आरक्षण का लाभ एक ही पीढ़ी तकसीमित रखने की व्यवस्था दी गई है। जिससे सरकारी सेवा में निम्नतम स्तर पर कार्यरत सफाई कर्मी चपरासी चौकीदार आदि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की आने वाली पीढ़ियां आरक्षण से वंचित हो जाएंगी। जुलूस में समाज के लोगों के हाथों में बैनर व तख्तियां और नारेबाजी कर रहे थे। जुलूस में कई पार्टियां शामिल थी। इस मौके पर पूर्व विधायक अनिल अहिरवार गोविन्द अहिरवार सपा नेता सत्यपाल यादव जिला पंचायत सदस्य नौरंगा विमलेश कुमारी जयसिंह बारेलाल अहिरवारए रमेशचंद्र वर्मा फौजी महेश यादवए डाण्समीम खां सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### नाबालिंग के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)** थाना क्षेत्र के जखेला गांव में सोमवार को देर रात घर से दूध लेने जाते समय एक युवक ने नाबालिंग बालिका के साथ दुष्कर्म किया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के जखेला गांव निवासी एक नाबालिंग लड़की घर से दूध लेने जा रही थी तभी पहले से घात लगाये बैठे गांव के दिलीप अहिरवार पुत्र जगपाल ने उसका हाथ पकड़ कर घसीटते हुए ले गया और जबरन मुंह दबाकर बलात्कार किया। बलात्कार के बाद दिलीप उसे बदहवास स्थित में छोड़कर मौके से भाग गया।पीड़ित लड़की का पिता ने थाना कुरारा में देर रात मुकदमा दर्ज किया गया है।इस संबंध में थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य पूर्व प्रबंधक पर डेढ़ करोड़ रुपए गबन की रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

जीआरवी इंटर कालेज के प्रबंधक ने पूर्व कार्यवाहक प्रधानाचार्य व पूर्व प्रबंधक के विरुद्ध विद्यालय की डेढ़ करोड़ की धनराशि का गबन करने का आरोप लगाते हुये कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज करायी है। कालेज प्रबंधक कर्नल प्रेम प्रताप सिंह ने बताया कि अप्रैल माह में प्रबंधक पद का कार्यभार ग्रहण के बाद बड़े पैमाने पर गबन की जानकारी हुई। समिति गठित कर जांच कराई तो गबन होने का अनुमान हुआ। कालेज की 27 दुकानें किराए पर हैं। पूर्व कार्यवाह प्रधानाचार्य हरिमोहन चंसौरियाए पूर्व प्रबंधक राम रतन गुप्ता ने मिलकर 2009 से 23 तक का किराया करीब 45 लाख रुपए छात्रावास से 16 लाख रुपए कृषि भूमियों 26 लाख रुपए विद्यालय के किसी खाते में जमा नहीं किया और न ही किराए की धनराशि की प्रविष्टि कैश बुक में की। उक्त ने पुराने भवन को मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज को किराए पर दिया। उसका भी चार लाख 32 हजार रुपए जमा नहीं किया। कर्नल प्रेम प्रताप सिंह ने बताया कि कालेज का डेढ़ करोड़ रुपए का गबन किया गया है। गबन को छुपाने के उद्देश्य से कालेज के महत्वपूर्ण अभिलेखों को भी अपने घर उठा ले गए। जिसकी रिपोर्ट के लिए कोतवाली पहुंचे। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पूर्व कार्यवाह प्रधानाचार्य हरिमोहन चंसौरिया पूर्व प्रबंधक राम रतन गुप्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# बैंक रोजगार योजनाओं में ऋण प्रदान करने में न करें हीलाहवाली : डीएम



▸ किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी पशुपालन क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालक क्रेडिट कार्ड का लाभ कैंप लगाकर दिए जाने का डीएम ने दिया निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में डीएम ने बैंकों के ऋण जमानुपात कम होने पर नाराजगी की जताई , उन्होंने कहा कि ऋण प्रदान करने में कोताही न बरते , जनमानस को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं बैंक से जोड़ने के लिए अधिक से अधिक लोगो को छोटे लोन प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। रोजगार योजनाओं में बैंकों में लंबित आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड ,डेयरी/ पशुपालन क्रेडिट कार्ड एवं मत्स्य पालन क्रेडिट कार्ड का लाभ दिए जाने को ग्रामों में कैंप लगाए जाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत किसी भी दुर्घटना में मृत्यु होने पर मिलने वाले 2 लाख की आर्थिक सहायता के बारे में जनमानस को जागरुक किए जाने का निर्देश दिया, जिससे कि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सके। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, एलडीएम, डीडीएम नाबार्ड, विभिन्न बैंकों के अधिकारी, उपस्थित रहे।

# रमेंड़ी आखाड़ा में गैर जिले से आये पहलवानों ने दिखाये दाव पेंच

▸ भाजपा नेता राजीव शुक्ला लंबरदार की अगुवाई में विशाल दंगल सम्पन्न

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



आज स्थानीय रमेड़ी अखाडा में डेढ सौ साल पुराना विशाल दंगल का आयोजन भाजपा नेता राजीव शुक्ला की देखरेख में किया गया। गैर जनपद से आये दर्जनों पहलवानों दाव पेंच दिखाये। दंगल में एक हजार से लेकर पांच हजार तक की इनामी कुश्ती संपन्न हुई। हजारो की संख्या में लोग दंगल का लुत्फ उठाया।घंटो लोग टस से मस नही हुये। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

दंगल में मदन खप्टिहा ने मोहित इटरा को हराया। बउआ बांदा ने बीरेंद्र टेढ़ा को पटखनी दी। अभय सिकन्दरा को कल्लू इगोहटा ने हराया। कुलदीप टेढ़ा ने छोटू का एवं गोविंद खरोज ने धर्मबीर झांसी को हराया। हुकुम सिंह कुसमरा ने मेघनाथ मसगांव को हराया। महिला पहलवान गौरी यादव एवं मेनका पाल कुश्ती आकर्षण के केंद्र रही. पहलवान प्रीति का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। कमेंटेंटर अनवर खान व रेफ्री मुस्ताफ पहलवान आदि रहे।

आयोजक श्री राजीव शुक्ला के अलावा चंदन शुक्ला, विवेक गुप्ता, संजय चंदौखी, पुतू पांडेय, जगदीश अवस्थी, विजय तिवारी, संतोष दुवे, गोपी कहैया, अंकित आशू मिश्रा,महेंद्र सिंह, आलोक साहू आदि लोग उपस्थित रहे। इस दंगल में आसपास के जिलो के लोग व सैकड़ो गांवों के लोग एकत्र होते है। नामी गिरामी दंगल हमेशा चर्चा का विषय रहा है।

**श्री बैजनाथ शिवकला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंगलपुर, बाराबंकी**

(डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद से सम्बद्ध)

पत्रांक : बी0एस0एम0/विज्ञापन/यू जी 60/2024- दिनांक 20-08-2024

**आवश्यकता हैं**

कला संकाय यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम् अर्हताधारी, 08 प्रवक्ता - हिन्दी-01, अंग्रेजी-01 भूगोल-01, शिक्षा शास्त्र-02, समाज शास्त्र-01 राजनीतिशास्त्र-01, गृहविज्ञान-01 तथा विज्ञान संकाय 04. प्रववत्ता भौतिक विज्ञान-01 प्राणि विज्ञान-01 वनस्पति विज्ञान-01 एवं गणित-01 - प्रत्येक विषयों में एक-एक प्रवक्त्ता तथा शिक्षाशास्त्र में 02 प्रवक्ता-निश्चित वेतनमान रु0 15000/-से रु0 18000/-में आवश्यकता है।

एवं एम0एस0सी0 (परास्नातक) 01 प्रवक्ता यू0जी0सी0 द्वारा न्यूनतम् अर्हताधारी प्रवक्ता गणित विषय में वेतनमान रू0 18000/- से रू0 22000/- आवश्यकता है।

**नोट-** आवेदन पत्र सभी प्रमाण पत्रो, पैन कार्ड व आधार कार्ड के साथ प्रमाणित प्रतियों सहित दो फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 15 दिवस में पहुँच जाना चाहिए।

**रमेश कुमार वर्मा**
प्रबंधक
मो0न0-9621554399

# तालाब में मिला युवक का शव



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से मंगलवार की शाम जबरिया ले जाएं गये लगभग 30 वर्षीय युवक की लाश आज पड़ोसी जनपद रायबरेली के थाना शिवगढ़ अंतर्गत तालाब से बरामद हुई है।

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत ज्ञानखेर मजरे लाही गांव निवासी दूलन प्रसाद ने कोतवाली हैदरगढ़ में दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम लगभग 5 से 6 बजे के बीच उनका पुत्र गोविंद कुमार रानी तलिया पर शौच के लिए गया था ,तभी गांव निवासी श्यामू सिंह व संजय सिंह पुत्रगण उदयराज सिंह एवं उदयराज सिंह के दामाद सहित एक अज्ञात व्यक्ति दो मोटरसाइकिलों से तलिया पर पहुंचे और मारने पीटने के बाद जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर लाही बॉर्डर की ओर ले जाते दिखाई पड़े। इसके बाद से उनका पुत्र गायब हो गया देर रात तक पुत्र का पता न चलने पर सूचना 112 पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन करने के बाद श्यामू सिंह को पकड़ कर कोतवाली ले आईं। आज सुबह धान की निराई करने के लिए गई महिलाओं ने उदय राज सिंह के खेत के बगल तालाब में एक लाश पड़ी देखी। मृतक के शरीर पर लाठी डंडों के निशान बने हुए थे यही नहीं उसका गुप्तांग भी कटा हुआ था । शरीर पूरी तरह से नग्न अवस्था में था और उसकी एक आंख भी फूटी हुई थी। घरवालों को जब इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया भारी संख्या में गांव के लोग तालाब पर पहुंच गए देखा तो गोविंद की हत्या बड़ी बेरहमी के साथ की गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस व शिवगढ़ थाना जनपद रायबरेली के पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी व रायबरेली का बॉर्डर होने के चलते जहां पर लाश मिली है वह एरिया शिवगढ़ थाना क्षेत्र में आता है जबकि गांव कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र में है इसलिए शव को कब्जे में लेकर शिवगढ़ पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## नशे में धुत दबंग में घर मे घुसकर महिला से की अभद्रता

**जैदपुर बाराबंकी।** नशे मे धुत एक व्यक्ति ने घर मे घुसकर बीमारी से पीड़ित महिला की बहु को गन्दी गन्दी गालियां देने लगा विरोध करने प्रार्थनी जान से मारने की धमकी दी है। जिसे लेकर भयभीत पीड़ित महिला ने जैदपुर थाने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें कि जैदपुर थाना क्षेत्र के मुर्लीगंज भठठा निवासी कुसुम सोनी पत्नी वासुदेव ने थाना जैदपुर में तहरीर देते हुए राजेश वर्मा उर्फ बब्लू पुत्र रामफल निवासी मोहना अटौंजा लखनऊ पर आरोप लगाया है कि वो घर मे घुसकर बहु से गाली ग्लौज कर रहा था। जिसे लेकर नशे में चूर राजेश ने जान से मारने की धमकी देने के साथ किसी अपराध में फंसाने की भी धमकी दी है। जैदपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



## 229 घरों में वितरित किया गया डस्टबीन

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत ज़ैदपुर के वार्ड छोटी बाजार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कचरा प्रबंधन के उद्देश्य को लेकर चलाए गए डस्टबिन वितरण मे ज़ैदपुर के वार्ड छोटी बाजार से सभासद मोहम्मद कासिम द्वारा सुखा और गीला कचरा प्रबंधन हेतु 229 घरों में डोर टू डोर डस्टबिन का वितरण किया गया। सभासद मोहम्मद कासिम ने कहा स्वच्छता को लेकर लोगो मे जागरूकता आई है।हम साफ़ सफ़ाई से अपने वातावरण को दूषित होने से बचा सकते हैं, हमारे आस पास की साफ सफाई में सबसे पहला योगदान हम सब का ही है ।सफाई से अपने चारों और के वातावरण को दुषित होने से बचा कर अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं। इस दिशा में डस्टबिन वितरण कार्यक्रम बहुत उपयोगी सिद्ध होगा ,घर के कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय घर में रखे डस्टबिन का इस्तेमाल करें , सूखा कचरा सूखे में और गीला कचरा गीले डस्टबिन में ही डालें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग कर मिशन को कामयाब बनाए इस मौके पर शहवार हुसैन वकील खजूर मास्टर शबीब आदि लोग उपस्थित रहे।

# आरक्षण कोई भीख नही, इसके साथ कोई खिलवाड़ नही, के नारों के से गूँज उठा बाराबंकी



### एससी आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमिलियर को लेकर सामाजिक संगठनों ने किया विशाल प्रदर्शन

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण और क्रीमिलियर लागू किये जाने के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गए आदेश के विरोध में अनुसूचित जाति संगठनों के हजारों की संख्या में विशाल धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अनुसूचित जाति के संगठनों के इस प्रदर्शन व भारत बंद के आह्वान ने जिला प्रशासन पूरा दिन हलकान रहा। प्रदर्शन में बाराबंकी शहर जाम हो गया। डॉ आंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता मंच के जिला संयोजक आर पी गौतम ने विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार संसद में आरक्षण बिल लेकर संविधान की नवीं सूची में शामिल करें।

अनुसूचित जाति संगठनों के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार को घेरा, कहा कि केंद्र सरकार की मंशा है कि वह अनुसूचित जातियों में फूट डालो, उन्हें आपस मे लड़ाओ और आरक्षण को ख़तम करो, यह मंशा पूरी नही होने दी जाएगी, यदि आरक्षण के साथ केंद्र सरकार खेलवाड़ करेगी तो अनुसूचित के लोग सड़कों पर आकर आंदोलन करेंगे और सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया कि आरक्षण में उपवर्गीकरण का अधिकार राज्य सरकारों को दिये जाने, के असंवैधानिक निर्णय को संसद द्वारा शून्य घोषित किये जाने एवं आरक्षण को संविधान की 9वीं सूची में शामिल किये जाने सहित 11 सूत्री विभिन्न मांगे की गई हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा विशालजन समूह डॉ0 अम्बेडकर छात्रावास पैसार बाराबंकी में उमड़ पड़ा, छात्रावास से गाजे-बाजे एवं जोशिले नारों के साथ पैदल मार्च करते हुये पटेल चौराहा पहुँचे, जहां पर अपर पुलिस अधीक्षक, जिला प्रशासन के द्वारा नामित मजिस्ट्रेट विजय कुमार त्रिवेदी को राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री को सम्बोधित ज्ञापन पत्र सौंपा गया, जिसमे प्रमुख रूप से निम्न की गयी।

### विशाल प्रदर्शन में हजारों लोग हुए शामिल

विशालजन आन्दोलन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से शिवबरन सिंह जिलाध्यक्ष भीम आर्मी, हरिनन्दन सिंह जिला प्रभारी, आनन्द प्रकाश एडवोकेट, आर0पी0 गौतम एडवोकेट जिला संयोजक, डॉ0 अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता मंच, सुन्दर लाल भारती जिलाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, इं0 संतलाल जिला कोषाध्यक्ष, प्रमोद कुमार बौद्ध प्रान्तीय उपाध्यक्ष भारतीय दलित पैन्थर, महादेव प्रसाद रावत प्रान्तीय महासचिव, दीपराज रावत जिलाध्यक्ष डॉ0 अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच, पंकज भार्गव प्रदेश अध्यक्ष बहुजन आर्मी, पूर्व सांसद ए0पी0 गौतम, रामपाल, रत्नेश कुमार जिला अध्यक्ष डॉ0 अम्बेडकर मेमोरियल सेवा समिति, पूनम गिहार, अलका गौतम, डॉ0 प्रमोद कुमार, कमलेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, श्रवण कुमार, परशुराम गौतम, सुनीता भारती, उर्मिला देवी, मीरा देवी, सुशीला गौतम, अंकिता बौद्ध, मीना देवी, बालजती, मन्जू देवी, रूपरानी, विमला देवी, अरूण धीमान, विपिन कुमार, मनीष गौतम सभासद, बलराम नायक, के0के0 गौतम एडवोकेट, मंशाराम चौधरी एडवोकेट, राजीव गौतम एडवोकेट, दिनेश गौतम एडवोकेट, विनोद गौतम एडवोकेट, रामसजीवन गौतम एडवोकेट, लखपति एडवोकेट, अनिल कुमार एडवोकेट, सतीश कुमार एडवोकेट, विवेक कुमार वर्मा, नरेन्द्र प्रताप एडवोकेट, उत्तम कुमार एडवोकेट, आशाराम भारती एडवोकेट, सुमेर सिंह एडवोकेट, अमित गौतम एडवोकेट, सुरेश चन्द्र गौतम एडवोकेट, मनोज कुमार एडवोकेट, आनन्द कुमार एडवोकेट, विक्रम सिद्धार्थ आदि हजारों लोगों ने विशालजन आन्दोलन को सफल बनाने में तन-मन से उपस्थित रहे।

### 11 मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

बाराबंकी। आरक्षण को लेकर सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि आरक्षण में वर्गीकरण, क्रीमिलियर के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को निष्प्रभावी करने के लिए अध्यादेश लाया जाए। संसद का विशेष सत्र आहूत करके भारतीय संविधान की रक्षा एवं देश हित में संविधान संशोधन विधेयक लाकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को शून्य घोषित किया जाये तथा आरक्षण को भारतीय संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाये।

दूसरी मांग की गई कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में लेट्रल इंट्री के माध्यम से भारत सरकार द्वारा बिना परीक्षा कराये की जा रही भर्ती पर तत्काल रोक लगायी जाये अथवा इस भर्ती में एससी/एसटी/ओबीसी की भागीदारी व हिस्सेदारी संवैधानिक आरक्षण की प्रक्रिया के अन्तर्गत सुनिश्चित की जाये एवं उसका मीडिया के माध्यम से खुलासा किया जाये। सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों में एससी/एसटी/ओबीसी वर्गों को आरक्षण दिया जाये, अनुपालन न करने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाये। देश की न्यायपालिका में चंद घरानों का ही कब्जा चला आ रहा है इसलिए न्यायपालिका में न्यायधीशों की भर्ती के लिए कॉलेजियम व्यवस्था को समाप्त करके भारतीय न्यायिक सेवा आयोग का गठन करके न्यायाधीशो की भर्ती की जाए। देश के सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी/निजी शिक्षण संस्थानों में सामान्य पाठ्यक्रम लागू किया जाये एवं दोहरी शिक्षा नीति समाप्त की जाये। आदि 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विशेश्वरगंज बहराइच

पत्रांक- 1070/आंकिक/निविदा सूचना/2024-25 — दिनांक- 20.08.2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

पन्द्रहवें वित्त आयोग/पांचवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड विशेश्वरगंज जनपद-बहराइच के अन्तर्गत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, एवं जिला पंचायत एवं लोक निर्माण विभाग में ए.बी.सी. श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं को मैन्यूअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

| क्र. सं. | योजना | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. (लाख रू. में) | बिड सिक्योरटी रू. में | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत कन्छर में पुरैना विशेश्वरगंज सम्पर्क मार्ग (बेनीपुरवा) रसिक बिहारी महाविद्यालय होते हुए बेडनापुर सम्पर्क मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 2. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत झूरी कुईयां के मजरा लखनपुर में तालकु के घर से राम भवन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.00 | 10000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 3. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत ककरा मो.पुर के मजरा मातापासी के पोखरा से राम केवल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.50 | 42500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 4. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत सेमरा के लोधेजोत प्रगटपुरवा में राम गोपाल के घर से पश्चिम उत्तर खण्डजा तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.50 | 17500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 5. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत खरगौरा जनूब के मजरा पठान पुरवा में शब्बीर के घर से इनायत के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 6. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत ठोरिया में ललिता देवी बी.डी.सी. के घर से प्रा.पा. स्कूल तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.50 | 42500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 7. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत कांघमारी में विजय कुमार के घर से सत्यदेव गौतम के घर से सकील के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 8. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अगराई में बजरंगी विश्वकर्मा के घर से स्वामी गौतम के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.50 | 17500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 9. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत बसनेरा के मजरा लोहारन पुरवा में राधेश्याम के घर से ओंकार के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 4.00 | 20000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 10. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत दिगितपुरवा में कालीथान गांव में काली सड़क से काली थान मन्दिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 9.00 | 45000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 11. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत भवानीपुर बनकट में जूनियर हाई स्कूल मेन गेट से होते हुए छोटे गेट तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.90 | 49500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 12. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अमराई में परमात्मा नन्द पाण्डेय के घर से सोमनाथ मिश्र के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.00 | 20000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 13. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत अमराई में सुन्दर पासवान के घर से कोलई पाण्डेय के घर/चकमार्ग तक खण्डजा निर्माण कार्य | 2.00 | 10000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 14. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत सुनगा के मजरा धौली में बिकाउ लाल के घर से प्रा.वि. धौली तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 15. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत उधरना सरहदी के मजरा उधरना सरहनी में मेन रोड से नानमून धोबी के तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.50 | 42500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 16. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत भवानीपुर बनकट के मजरा बेहननपुरवा से असरफगंज तक खण्डजा निर्माण कार्य | 8.50 | 42500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 17. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत कन्छर के मजरा ईश्वरनाथ पुरवा में गोण्डा-बहराइच मार्ग से राजेश खन्ना के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.50 | 42500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 18. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत भवानीपुर बनकट के गजरा चौबे पुरवा में मघई के घर से सुभाष बाबा के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 19. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत बालापुर के मजरा कम्युनिष्ठ नगर से सम्मय माता के स्थान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.50 | 42500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 20. | पांचवां वित्त आयोग | ग्राम पंचायत बालापुर के मजरा बालापुर में हरीद्वार पाण्डेय के घर से कोठई माता के स्थान से होते हुए पुत्तू के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 21. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत ठोरिया के मजरा बारी पुरवा में ललिता देवी शुक्ला के घर से प्रा.पा. स्कूल होते हुए ठोरिया खण्डजा तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.00 | 30000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 22. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत नेवलापुर के मजरा दुर्गा दीन पुरवा में काली मन्दिर से राम दत्त के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.00 | 45000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 23. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत ललित नगर के मजरा असनहवा में डामर रोड से विद्याराम तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग/सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 5.00 | 25000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 24. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत खानपुर गल्लोह के गजरा कुम्हारनपुरवा में त्रिलोकी के घर से काली मन्दिर स्थान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 9.00 | 45000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 25. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत बुढ़नी भलुहिया के महरा खानपुर में राम पाल के घर से उग्रसेन गोस्वामी के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 6.00 | 30000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 26. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत अमकोलवा के मजरा डफाली पुरवा में देवतादीन के घर से लाला बाबा के घर तक खण्डजा निर्माण कार्य | 4.00 | 20000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 27. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत मझवा बनकट में गौश मोहम्मद के घर से पक्की सड़क से मुशी पुरवा तक खडण्जा निर्माण कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 28. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत कांधमारी के मजरा जोगनी में स्वामी नाथ चौधरी के घर से बासदेव पाण्डेय के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 29. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत झूरी कुईया के मजरा परसिया में काली माता मन्दिर पर हाई मास्क लाईट की स्थापना का कार्य | 4.50 | 22500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 30. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड) | ग्राम पंचायत कन्छर थाना विशेश्वरगंज के परिसर में इंटरलाकिंग का निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 31. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत पुरैना के मजरा पुरैना में गोड़तवा तालाब से अल्ताफ के खेत होते हुए नहर तक नाला निर्माण कार्य | 3.00 | 15000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 32. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत हरदाही के मजरा हरदाही में राम समुझ के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 2.00 | 10000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 33. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत सुल्तानामाफी में अंगनू तालाब से पूरब गढहा तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 2.00 | 10000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 34. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत खरिहा दपौली में प्राथमिक विद्यालय खरिहा दपौली पर सोलर सिस्टम से संचालित स्वच्छ पेयजल की स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 35. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत शिवपुर बैरागी के मजरा शुकुल पुरवा में अरूण तिवारी के घर से खुरसीद के घर होते हुए मस्जिद व विकना तालाब तक नाली व सी.सी. निर्माण कार्य | 8.00 | 40000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 36. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत सेमरा के बसंत टेपरा प्रधानमंत्री सड़क से पश्चिम मुन्ने लाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 7.00 | 35000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 37. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत कुरसहा में राकेश के घर से दयाराम के घर तक नाली/पुलिया एवं इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 8.00 | 40000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 38. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत कन्छर के विशेश्वरगंज बाजार में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुद्ध पेयजल हेतु आर.ओ. का स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 39. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत नेजाभार में अरविन्द कुमार शुक्ला के घर से हरी ओम मौर्य के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.00 | 20000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 40. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | विशेश्वरगंज थाना पर सोलर सिस्टम से संचालित स्वच्छ पेयजल की स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 41. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत कन्छर के विशेश्वरगंज कस्तूरबा विद्यालय के पारा सोलर सिस्टम से संचालित स्वच्छ पेयजल की स्थापना का कार्य | 2.50 | 12500 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 42. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत गंगवल में लक्ष्मी नारायन यज्ञसैनी के घर के पीछे से खुन्नी लाल के नाली तक नाली निर्माण कार्य | 3.00 | 15000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |
| 43. | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड) | ग्राम पंचायत मझवा बनकट में निराजुल हसन बाबा के घर से हफीज के घर तक नाली निर्माण कार्य | 2.00 | 10000 | 800 | 03 माह | वि.ख. कार्यालय विशेश्वरगंज |

**नियम व शर्तें-**

1- कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय में जैसा कि निविदा नोटिस कालम 8 में इंगित पते से दिनांक 23.08.2024 से 30.08.2024 तक प्रातः 11.00 बजे से 4.00 के मध्य श्री मो. जमील, वरिष्ठ लिपिक से प्राप्त कर सकते हैं।

2- निविदायें खण्ड कार्यालय में दिनांक 31.08.2024 को दोहपर 12.00 बजे तक निविदा पेटिका में डाली जायेगी, जो उसी दिन अपराहन 2.00 बजे से निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

3- प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर जमा करना अनिवार्य होगा जो एन.एस.सी. अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में कार्यकारी खण्ड विकास अधिकारी, वि.ख. विशेश्वरगंज, बहराइच के पक्ष में बंधक होगी।

4- कार्य से सम्बन्धित अन्य विवरण/जानकारी खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

5- उपर्युक्त निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विशेश्वरगंज, जनपद-बहराइच**

# मतदेय स्थलों के सत्यापन के पुनरीक्षण के संबंध में की बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




बैठक में निर्देश देते उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के संबधं में सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक संपन्न हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर कराये जाने के निर्देश दिए। कहा कि अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अर्न्तगत उपलब्ध स्थायी भवन में स्थानान्तरित कर दिया जाए। सभी मतदेय स्थल भवनों को यथासम्भव भूतल पर होना सुनिश्चित किया जाए। कहा कि दिव्यांगजनो/ अशक्त मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर रैम्प की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यदि कोई मतदेय स्थल निजी भवन में स्थापित हो और वहां शासकीय भवन उपलब्ध हो गया हो तो उक्त मतदेय स्थलों को शासकीय भवनों में स्थानान्तरित कर दिया जाए। किसी भी राजनैतिक दल या लेबर यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के अन्दर कोई भी मतदेय स्थल नहीं बनाया जाए।

उन्होनें कहा कि यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि पोलिंग स्टेशन की दूरी लगभग 02 किलोमीटर से अधिक न हो। मतदेय स्थलों को बनाते समय सुनिश्चित मूलभूत सुविधाओ का ध्यान रखा जाए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 1519 मतदेय स्थल एवं 1049 मतदान केन्द्र स्थापित है। उन्होनें सेक्टर मजिस्टेटों को निर्देश देते हुए कहा कि आवंटित मतदेय स्थलों (भवन) का भौतिक सत्यापन कर 27 अगस्त तक आख्या निर्धारित प्रारूप पर जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**



तहसीलदार अभिनव कुमार वर्मा छिबरामऊ को दिया।

जिसमें मांग की गयी कि(1) अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण में अप वर्गीकरण संबंधी दिनांक 2024 का संवैधानिक पीठ का निर्णय जिसमें अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जातियों में भी क्रीमीलेयर लागू करने की बात कही गई है को निष्प्रभावी करते हुए इनको मिलने वाले प्रतिनिधित्व/आरक्षण व्यवस्था को संसद द्वारा विधायक पास कराकर इसे संविधान की 9वींअनुसूचीमें तुरंत रखवा दिए जाएं( 2) जनजातियों में भी क्रीमी लेयर लागू करने की बात की गई है कौन इस प्रभावित करते हुए इनको मिलने वाले प्रतिनिधित्व / आरक्षण व्यवस्था को संसद द्वारा विधायक पास कर कर इसे संविधान की 9वीं अनुसूची में तुरंत रखवा दिया जाए( 2) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा की बात अखिल भारतीय नायक सेवा का गठन कर कॉलेजियम व्यवस्था समाप्त कर आरंभ की जाए इस अवसर पर कठेरिया समाज के सुभाष चंद्र कठेरिया उर्फ बल्लू,हीरालाल कठेरिया, बाबूराम कठेरिया, रामवीर कठेरिया ,लेखराज कठेरिया ,बृजेश कठेरिया, महेंद्र कठेरिया प्रताप कठेरिया नगर अध्यक्ष कठेरिया समाज कल्याण समिति छिबरामऊ, कुलदीप कठेरिया एडवोकेट सदस्य जिला कार्यकारिणी कठेरिया समाज कल्याण समिति कन्नौज, अशोक कठेरिया ,आर्यन कठेरिया एडवोकेट, सहित कठेरिया समाज व अन्य लोग मौजूद रहे राजेश कुमार कठेरिया एडवोकेट जिला अध्यक्ष कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज आदि।

# कांटा बांट पर मोहर लगवाएं नहीं तो भरना पड़ेगा जुर्माना

- मिठाई के साथ डिब्बा तौलने पर होगी कार्रवाई

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पुरानी गल्ला मंडी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं किराना एसोसिएशन के साथ हुई बैठक में विधिक माप विज्ञान विभाग के अधिकारी अशोक कुमार शर्मा एवं इंस्पेक्टर कन्नौज प्रदीप कुमार कबीर ने कहा सभी व्यापारी अपने कांटा, बांट, लीटर, मीटर व इलेक्ट्रॉनिक कांटा पर मोहर लगवाएं नहीं तो जुर्माना भरना पड़ेगा जो 2 से 10 हजार रुपए तक हो सकता है। उन्होंने कहा इसी तरह मिठाई के साथ डिब्बा तौलना भी गलत है। सभी मिष्ठान विक्रेताओं को चेतावनी दी जाती है एक या अधिक किलो मिठाई अगर किसी को बेची है तो वह पूरी मात्रा में मिले और डिब्बे का दाम अलग से लें।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू एवं किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने सुझाव दिया कि जल्दी ही श्रीराम रिसोर्ट में कैंप लगाकर व्यापारियों को इस बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए और वहां मौके पर उनका पंजीकरण भी किया जाए। इस पर दोनों अधिकारियों ने सहमति देते हुए कहा जन्माष्टमी के बाद कोई भी तारीख तय कर लें। उसी दिन वहां पर कैंप लगा दिया जाएगा। इस दौरान जिला महामंत्री सुशील दुबे, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, प्रभाकर गुप्ता, अमित भारतीय, वेद प्रकाश राठौर, नरेश चंद्र गुप्ता, सोनू गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता रानू, अबली गुप्ता, हरनाम सिंह, प्रियांशु गुप्ता, बृजेश गुप्ता, दीपांक दुबे व आकाश सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# एम्बुलेंस कर्मियों को विशेषज्ञों ने क्लस्टर प्रशिक्षण में दी जानकारियां

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 102 व 108 एम्बुलेंस सर्विस की पुरुष बैच का क्लस्टर प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें बुधवार को पांच जनपदों के कर्मचारियों को विशेषज्ञों द्वारा जानकारियां दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान लखनऊ से आए विशेषज्ञों तथा सामुदायिक केन्द्र के चिकित्सक डा. विशाल एवं शेख शहरयार द्वारा झांसी, औरैया, ललितपुर, जालौन समेत पांच जनपदों के ईएमटी पुरुषों को उनकी कार्यशैली में सुधार लाने के लिए टीम के द्वारा प्रोत्साहित किया गया और समस्त स्टाफ को मेडिकल इक्विपमेंट का उपयोग करना व हर प्रकार के मरीजों को एंबुलेंस के अंदर ही सही तरीके से उपचार करना व मरीज के साथ अपने मधुर संबंध को बनाए रखना आदि बताया गया। इसके अलावा ट्रेनर ने एंबुलेंस के अंदर होने वाली डिलीवरी की दिक्कत व सामने आने वाली परेशानियों के बारे मे भी बताया और कहा कि डिलीवरी करते समय अगर कभी भी कोई दिक्कत हो तो उस अस्पताल से संबंधित स्टाफ नर्स व डॉक्टर से सलाह लेते रहना चाहिए और मरीज को सुरक्षित डिलीवरी करवा कर अस्पताल में भर्ती करवाना चाहिए और उन्होंने डिलीवरी कराते समय उपलब्ध रहने वाली जरूरी दवाओं और इक्विपमेंट के बारे में भी बताया।

# मृतक आश्रित के परिजनों को मिलेगा चार लाख की मदद

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**



दो दिन पहले कालपी कोतवाली क्षेत्र में नून नदी की बाढ़ में डूबे युवक का शव खोजबीन करने के दौरान मिल जाने पर मृतक के आश्रितों को दैवीय आपदा से शासकीय 4 लाख रुपए धनराशि की मदद करने की कार्यवाही शुरू हो गई है। सूचना मिलने पर तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह के द्वारा राजस्व कर्मचारियों के साथ मौके का जायजा लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई है। विदित हो कि यमुना तथा नून नदी का जलस्तर बढ़ा है। बाढ़ की वजह से कालपी तहसील क्षेत्र के मंगरौल पड़री गांव के रपटें में पानी से डूबा हुआ है। 19 अगस्त की शाम को आदित्य सिंह पुत्र जनवेद सिंह निवासी ग्राम पड़री गाँव की भैंस नदी की जलधारा में तैरने लगी। आदित्य सिंह अपनी भैंस को बाहर निकालने के लिए नदी में कूद गया था। संतुलन बिगड़ने पर वह गहरे पानी में डूब गया था। एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार कप्रभारी अंकित विश्वकर्मा के निर्देश पर जुटी टीम एसडीआरएफ टीम ने घटनास्थल से 30-40 मीटर दूर नदी की जलधारा से आदित्य सिंह का शव बरामद कर लिया। राजस्व तथा आपदा प्रबंधन के कर्मचारियों के साथ तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा जायजा लेकर दैवीय आपदा से शासकीय मदद से 4 लाख रुपए धनराशि देने के लिए आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक आदित्य सिंह के नाम से अगर खेती की जमीन है तो एक लाख रुपए की अतिरिक्त शासकीय मदद मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग जल्द ही मृतक के आश्रित को मदद पहुंचा देगा।

## खबरें एक नजर में

### विवाहिता को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पति के अवैध संबंधों में बाधक बनी विवाहिता के साथ ससुराली जनों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीडिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम नितानंदपुर निवासी रूबी देवी द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार की शाम उसके पति, सास व ससुर ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके पति के एक अन्य महिला के साथ अवैध संबंध चल रहे हैं जिसके कारण उसका पति आए दिन उसके व बच्चों के साथ मारपीट कर घर से भगा रहा है। कोतवाली पुलिस द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करने के उपरांत घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### ईट, पत्थर मारकर दी जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई)।** घर के बाहर गाली, गलौज करने व दरवाजा न खोलने पर दरवाजे पर ईट, पत्थर मारकर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी उमादेवी ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह अपने परिवार के साथ घर के अंदर सो रही थी। तभी रात में गांव का ही एक व्यक्ति उनके घर के बाहर शराब के नशे में आया और बाहर खड़े होकर परिवार के सदस्यों को गालियां देने लगा। रात होने की वजह से वह बाहर नहीं निकली और न ही दरवाजा खोला। इससे उत्तेजित होकर उसने दरवाजे पर ईट, पत्थर मारने शुरू कर दिए और जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बस का इंतजार करने के दौरान महिला का बेटा लापता

**जालौन (उरई)।** बेटे के साथ मायके से ससुराल जा रही महिला का बेटा बस का इंतजार करते हुए कोंच चौराहे के पास से लापता हो गया। पीड़िता ने बेटे के लापता होने की सूचना कोतवाली में दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। औरैया में सरिया फैक्ट्री के पास निवासी रामदेवी पत्नी अवध बिहारी ने पुलिस को बताया कि रक्षाबंधन के पर्व पर वह अपने 14 वर्षीय बेटे ध्रुव के साथ अपने मायके कुठौंदा थाना स्ैंढर गई थी। रक्षाबंधन का पर्व मनाकर मंगलवार की शाम वह वापस अपनी ससुराल औरैया जा रही थी। वह अपने बेटे के साथ जालौन के कोंच चौराहा पर आ गई थी। कोंच चौराहे पर वह औरैया जाने के लिए वाहन का इंतजार करने लगी। इसी दौरान अचानक बेटा ध्रुव लापता हो गया। देर रात तक तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पुत्र की गुमशुदगी से बेहाल मां के कोतवाली पहुंचने पर पुलिस ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर धोने के छींटे पड़ोसी की दीवार पर पड़ने से हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** ट्रैक्टर धोते समय पानी पड़ोसी की दीवार पर चले जाने से नाराज पड़ोसी ने वाहन स्वामी के साथ लाठी, डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा कला निवासी राधेश्याम रजक ने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर अपना ट्रैक्टर सबमर्सिबल पंप से धो रहा था। ट्रैक्टर धोते समय उसका पानी उसके पड़ोसी मनीष पांचाल की दीवार पर चला गया। दीवार पर पानी जाने से उत्तेजित मनीष ने उसके साथ गाली, गलौज शुरू कर दी। जब उसने बताया कि वह उसकी दीवार को साफ कर देगा। इससे भी उसका मन नहीं भरा और वह लाठी लेकर आ गया और उसको लाठी मार दी। जिसमें उसके हाथ और पैर में चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हाथी मंदिर पर किया भाविप के वाटर कूलर का लोकार्पण

**जालौन (उरई)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा जालौन की प्रेरणा से स्व. हिमांशु त्रिपाठी पुत्र स्व. ओमप्रकाश त्रिपाठी की स्मृति में श्रीमती शान्ति त्रिपाठी द्वारा हाथी मन्दिर को वाटर कूलर समर्पित किया गया। ठड़ेश्वरी मन्दिर के महन्त सिद्धन महाराज ने वेदमन्त्रों के साथ वाटर कूलर का लोकर्पण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारी जीवनराम गुप्ता क्षेत्रीय सचिव अजय इटौरिया भूपेंद्र कन्थरिया प्रान्तीय पदाधिकारी राजीव कुमार महेश्वरी शाखा अध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश शर्मा सचिव बृजेंद्र दुबे वित्त सचिव सुशील कुमार बाजपेयी मीडिया प्रभारी त्रिलोकी नाथ गुप्ता उमेश दीक्षित श्री गोबिन्द स्वर्णकार राजू नेता रेखा बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

# एसडीओ ने टीम के साथ चलाया विद्युत चेकिंग अभियान

- चेकिंग के दौरान 18 बकायेदारों की काटी केबिल, एसडीओ ने उपभोक्ताओं से प्रतिमाह समय से बिल जमा करने की अपील की

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



चेकिंग के दौरान मौजूद एसडीओ ब्रजेश कुमार व अन्य

उच्चाधिकारियों के निर्देशन में बिजली विभाग द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी रोकने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही बिजली चोरी करने वालों और बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटकर कार्रवाई भी की जा रही है। बुधवार को एसडीओ ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्राम सफीपुर जसी में चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान एसडीओ ने लोगों से बिजली का बिल समय पर जमा करने को कहा। लोगों को बिजली का महत्व समझाने के साथ ही अपने अधीनस्थो को क्षेत्र में समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वालों और बकायेदारों के खिलाफ वसूली में तेजी लाने की बात कही। एसडीओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि चेकिंग में 35000 रुपये से अधिक 18 बकायेदार उपभोक्ताओं के केविल काटी गई। और कुल 25000 रुपये का राजस्व बसूल किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन चलेगा। इस अभियान से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान जेई सहित विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# पालिका के पक्के नालों से अवैध अतिक्रमण हटवाने की उठाई मांग

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

नगर में स्थित नालों पर लोगों द्वारा नालों पर अतिक्रमण कर पुख्ता लेंटर डाल लिए गए हैं जिससे नालों की सफाई नहीं हो पा रही तथा गंदे पानी की निकासी प्रभावित होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। नगर में पानी की निकासी के लिए नगर पालिका द्वारा पक्के नालों का निर्माण कराया गया है। ताकि बारिश के मौसम में जल भराव की समस्या न हो। लेकिन इनके पास रहने वाले व्यक्तियों ने नालों पर अतिक्रमण कर उस पर पक्के लेंटर डलवा लिए हैं और उनका उपयोग निजी इस्तेमाल के लिए कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में नालों की सफाई ढंग से नहीं हो पाती है। जिसके चलते बारिश के मौसम में नगर में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। यदि कोई उनसे पक्के लेंटर हटाने के लिए कहता है तो वह झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। इसके अलावा बिल्डिंग मैटेरियल सामान के विक्रेता इन्हीं नालों के ऊपर ईट, बालू, गिट्टी आदि का भंडारण किए रहते हैं। जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है।चुर्खी रोड, बंगरा मार्ग, औरइया मार्ग के नालों पर लोगों ने पक्की छत का निर्माण कर लिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नगर मंत्री जहीर खां उर्फ मधु, समाजसेवी अशफाक राईन, भूरे वारसी, भुलई गुर्जर ने एसडीएम से मांग की है कि नालों को स्थाई अतिक्रमण हटवाया जाय जिससे उसकी नियमित सफाई हो सके।

### पत्नी से हुए विवाद में पति ने लगाई फांसी

**कोंच (जालौन)।** ग्राम तूमरा में पत्नी से हुए विवाद में पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तूमरा निवासी दौलत सिंह (40) पुत्र रामबाबू दोहरे ने बुधवार की सुबह करीब 8 बजे घर के कमरे में अंदर से ताला बंद कर लिया और पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के सहारे फांसी पर झूल गया। कुछ देर बाद पत्नी और बच्चों ने जब खिड़की से अंदर झाँक कर देखा तो चीख पुकार मच गयी और मुहल्ले के लोग जमा हो गए। लोगों ने खिड़की तोड़कर शव को नीचे उतारा और दौलत सिंह को एक प्राइवेट अस्पताल लेकर गए जहाँ डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खेड़ा चौकी प्रभारी शशांक वाजपेयी ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भंडारा खाने जा रहे ग्रामीण पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर किया मरणासन्न

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस ने कराया चिकित्सीय परीक्षण, हमलावरों पर मुकदमा दर्ज

भाई के साथ भंडारा खाने जा रहे व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मिलकर न सिर्फ मारपीट की। बल्कि जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी सिर में मार दी। घायल अवस्था में पीड़ित कोतवाली पहुंचा। जहां पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी कमलेश तोमर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात गांव में भंडरा चल रहा था। उसका भाई टुंडी मानसिक रूप से कमजोर है। वह अपने भाई को साथ लेकर भंडारा खिलाने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में सन्तान सिंह के मकान के बाहर सन्तान सिंह, नरेंद्र सिंह, उमा, छोटी बाई, बड़ी बाई और नीसू बैठे थे। जैसे ही वह उनके दरवाजे के सामने से गुजरा तो उक्त सभी ने जबरन उसे रोक लिया और रंगबाजी दिखाने लगे। जब उसने बताया कि वह भंडारा खाने जा रहा है तो वह क्यों परेशान कर रहे हैं। इस बात से नाराज होकर कुल्हाड़ी व लाठी, डंडे लेकर आ गए और दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### डंडों से मारपीट कर वृद्ध को किया मरणासन्न

**कोंच (जालौन)।** मंगलवार को थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम हिंगुटा में 70 वर्षीय वृद्ध लच्छीप्रसाद अहिरवार को गाँव के ही लोगों ने मिलकर लोहे की रॉड और डंडों से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया था। मौके पर पहुंची सीओ अर्चना सिंह ने गंभीर हालत में वृद्ध को पुलिस की गाड़ी से सीएचसी में भर्ती कराया था जहाँ से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था और फिर वहाँ से उसे झाँसी रेफर कर दिया गया था। घटना को लेकर घायल लच्छीप्रसाद के पुत्र दादा भैया द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोप में साकेश, राकेश, अजीत, बाबू, फूलसिंह, उत्तम सिंह, यशपाल, जयराम, लल्ला भैया, जितेन्द्र और रामखिलौने के विरुद्ध गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# एसडीएम ने अमीनों के राजस्व वसूली के लिए पेंच कसे

**जालौन, कालपी समृद्धि न्यूज।**



तहसील प्रशासन के द्वारा राजस्व की वसूली को बढ़ाने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों तथा राजस्व अमीनों की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान अमीनों को निर्देश दिए गए कि राजस्व की वसूली तेजी से की जाए।

तहसील कार्यालय में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी एवं नायाव तहसीलदार गणों तारा शुक्ला, नीलमणि सिंह की मौजूदगी में आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारी ने अमीनो से वसूली की प्रगति जानी तथा समीक्षा की। कम वसूली करने वाले अमीनो को सख्त निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक एवं अन्य शासकीय विभागों के देय की वसूली के लिए सभी अमीन अपने-अपने क्षेत्र में जिम्मेदारियां का निर्वाह करें। एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने बताया सभी अमीन अपने-अपने क्षेत्र की लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने की कार्रवाई बकायेदारों से सक्रियता से करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह राजस्व वसूली की समीक्षा की जाएगी। तहसील ने विभिन्न देयों की वसूली के लिए तेजी से जुटने के लिए जरूरी निर्देश दिया। बैठक में लखन लाल ,फरीद अहमद समेत अमीन तथा कर्मचारी मौजूद रहे। दिलचस्प बात यह रही कि राजस्व वसूली के लिए कालपी तहसील में आधा सैकड़ा अमीनों की तैनाती की जानी चाहिए लेकिन वर्तमान समय में तहसील में केवल सात राजस्व अमीन है। अमीनों की संख्या कम होने की वजह से वसूली के कार्य प्रभावित होते हैं।

# चेकिंग में टूरिस्ट बस से वसूला 25 हजार का जुर्माना

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**




चेकिंग दौरान पकड़ी गयी टूरिस्ट बस व अन्य वाह्न।

परिवहन विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने चार वाहनों को पकड़ लिया है। पकड़े गये वाहनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है तथा जुर्माना लगाया गया है।

ओवरलोड वाहनों के संचालन पर रोक नहीं लग पा रही है। इसके साथ ही वाहनों की डग्गामारी लगातार चल रही है। वाहनों की डग्गामारी व ओवरलोडिगं रोकने के लिए परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार वर्मा व विनय कुमार पांडेय ने अलग-अलग चेकिंग अभियान चलाया ।सुरेश कुमार वर्मा ने चेकिंग के दौरान 2 बालू के ओवरलोड ट्रकों को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के पास से पकड़ लिया है। पकड़े गये ट्रकों को परिवहन अधिकारी ने कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। परिवहन अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने देवनगर चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया चेकिंग के दौरान उन्होंने टूरिस्ट बस को पकड़ लिया है। पकड़ी गयी बस के चालक से जब परमिट मांगा तो वह नहीं दिखा पाया और न ही लाइसेंस प्रस्तुत कर सका। इस पर बस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही लाइसेंस की शर्तो का उल्लघंन कर चल रहे आटों को पकड़ लिया है जिस पर उस पर 20 हजार का जुर्माना लगाया गया है। परिवहन विभाग के चेकिंग को देखते हुए डग्गामार वाहन चालक इधर-उधर भागते दिखे।

### किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज

**कोंच, जालौन।** 15 वर्षीय एक किशोरी के लापता हो जाने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सर्किल के थाना कैलिया क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली महिला ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते रोज मंगलवार की दोपहर 12 बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी गाँव में ही स्थित दुकान से साबुन खरीदने की बात कह कर घर से निकली थी। काफी देर बाद भी जब वह वापस घर नहीं आयी तो उसने दुकान पर जाकर बेटी के बाबत पूँछा। दुकानदार ने बेटी के यहां पर आने से मना कर दिया। काफी खोजबीन करने के बाद भी बेटी का अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका है। पीड़ित महिला ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए बेटी को सकुशल बरामद किए जाने की गुहार पुलिस से लगायी है।

# दंगल में जूनियर व सीनियर पहलवानों ने अखाड़े में आजमाये दांव-पेंच

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

कजली मेला के उपलक्ष्य में ग्राम महिया व प्रतापपुरा में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर व सीनियर वर्ग के पहलवानों के बीच हुए मुकाबलों में विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

ग्राम प्रतापपुरा व महिया में रक्षाबंधन के दो दिवसीय पर्व के बाद कजली मेला के अवसर पर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता में दोनों गांवों के जूनियर व सीनियर पहलवानों में भाग लिया। सीनियर वर्ग में पहला मुकाबला रक्षा सिंह महिया व गोलू पाल के बीच हुआ। जिसमें दांव लगाते हुए रक्षा सिंह ने बाजी मार ली। दूसरा मुकाबला रिषी पाल व हर्ष परिहार के बीच हुआ। जिसमें हर्ष परिहार विजेता रहे। वहीं, तीसरे मुकाबले में सेजल परिहार ने अपने साथी पहलवान अवनीश को हराकर बाजी अपने नाम की। उधर, जूनियर वर्ग के पहलवानों ने भी अपने दांव पेंच से बड़ों को अचंभित किया। नैतिक व प्रेम के बीच मुकाबले में जहां नैतिक ने प्रेम को शिकस्त दी तो गुलाब सिंह ने निर्भय को हराकर तालियां बटोरीं। बिहारी व डिग्गू के बीच हुए मुकाबले में बिहारी विजेजा रहे। सभी विजेता पहलवानों को विशिष्ट अतिथि अनुराग गुप्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक शैलेंद्र पाल रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ दलित संगठनों ने किया भारत बंद का आह्वान

- बोले इस निर्णय से केंद्र व राज्य सरकारों के बीच मतभेद की स्थिति उत्पन्न होगी
- संगठनों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा


एडीएम को ज्ञापन सौंपते बसपा पदाधिकारी


अम्बेडकर मूर्ति पर मौजूद संगठन के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम सुभाषचंद्र प्रजापति को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी/एसटी आरक्षण के उपवर्गीकरण पर दिये गये फैसले से देश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों को पुनः उपवर्गीकृत किये जाने की मान्यता प्रदान की गयी है। उक्त निर्णय से बहुजन समाज पार्टी सहमत नहीं है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा देवेंद्र सिंह बनाम पंजाब राज्य मामले में पारित इस आदेश के अनुसार अब राज्य सरकारें अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के भीतर उपवर्गीकरण अर्थात नई सूची बना सकेंगी, जिनमें अनेकों समस्यायें उत्पन्न होंगी। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी भी फोर्स के साथ डटे रहे।

फतेहगढ़ के जय नरायन वर्मा रोड तिराहा स्थित अम्बेडर मूर्ति पर आरक्षण के विरोध में भारत बंद कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। यहां पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। किसी को भी आगे नहीं जाने दिया। यहां पर पहुंचे अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति को दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त 2024 से 20 वर्ष पूर्व 2004 को दिये गये निर्णय ई.वी. चिलैया बनाम आंध प्रदेश राज्य में दिये गये फैसले को पलट दिया है। जिस आदेश में अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों के भीतर किये जाने वाले वर्गीकरण की मान्यता देने से इन्कार कर दिया था और यह भी कहा था कि अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के भीतर उपवर्गीकरण नहीं किया जा सकता है, क्योंकि एक ही समरुप अर्थात समान वर्ग में आते हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह भी कहा गया था कि चूंकि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लोगों ने जो अत्याचार सहे हैं वह एक वर्ग व एक समूह के रुप में सहे हैं तथा यह एक बराबर का वर्ग है। जिसके भीतर किसी प्रकार का वर्गीकरण करना उचित नहीं होगा। कोर्ट द्वारा 2004 के अपने निर्णय द्वारा समानता के अधिकार का उल्लंघन करने के आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा पारित आंध्र प्रदेश अनुसूचित जाति (आरक्षण का युक्तिकरण) अधिनियम 2000 को भी रद्द कर दिया था। अपने 2004 के के निर्णय में सुप्रीम कोर्ट यह भी माना था की यह वर्गीकरण इन जातियों के भीतर अलग-अलग व्यवहार करके समानता के अधिकार का उल्लंघन करेगा, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट के सात सदस्यीय न्यायाधीशों की पीठ ने पुरान 2004 के पाँच सदस्यीय पीठ के फैसले को पलट दिया है। जिससे अनेकों मतभेद उत्पन्न हो गये हैं। इस निर्णय से केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच मतभेद की स्थिति उत्पन्न होगी, क्योंकि अभी तक केवल संसद के पास ही किसी भी जाति को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित करने का या बाहर करने का अधिकार था।

जिसे महमहिम राष्ट्रपति द्वारा अपने आदेशों द्वारा क्रियान्वित किया जाता है और जिसी बदलने का किसी भी राज्य सरकार को अधिकार नहीं है, लेकिन इस निर्णय के बाद से जो पार्टी सत्ता में होगी वह अपनी-अपनी राजनीति के हिसाब से अदलती बदलती रहेगी। इस आदेश से ऐसी अनेक समस्यायें उत्पन्न होंगी जिसके कारण एससी/एसटी को मिल रहा आरक्षण ही समाप्त हो जायेगा। महामहिम राष्ट्रपति संसद का विशेष सत्र बुलाकर पीठ द्वारा दिये गये निर्णय को निरस्त कराने एवं आरक्षण के मूल स्वरुप जो कि 01.08.2024 से पहले लागू था उस स्वरुप में बहाल कराने एवं एससी/एसटी के आरक्षण में राजनीतिक द्वेष के कारण बार-बार जो छेड़छाड़ की जाती है आरक्षण को संविधान की नौवीं सूची में दर्ज करायें। जिससे एससी/एसटी वर्ग को न्याय मिल सके। इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव सर्वेश अम्बेडकर, जवाहर सिंह गंगवार अध्यक्ष बार एसोसिएशन, विजय कुमार भास्कर सेक्टर इंचार्ज कानपुर मण्डल, रामरतन गौतम जिला प्रभारी, आर0डी0 बौद्ध जिलाध्यक्ष, शब्बीर मंसूरी जिला उपाध्यक्ष, देशराज शाक्य महासचिव, राजेश कठरिया जिला सचिव, सीताराम गौतम, प्रेमसागर दिवाकर, प्रताप नारायन पूर्व जिलाध्यक्ष, अजय भारती पूर्व जिलाध्यक्ष, रामशरण रमन, शिवकुमार गौतम, अमित गौतम पूर्व मण्डल प्रभारी, धर्मेन्द्र राणा, प्रभूदयाल, रवि गौतम, विजय गौतम, उपेन्द्र लोधी, देव नारायन गौतम, अखिलेश भास्कर, तरुपेश कुमार, सुरजीत बाबू, अर्जुन गौतम, योगेन्द्र सिंह, रामऔतार गौतम, अहिवरन लोधी, मनोज सत्यार्थी, रूपलाल वर्मा, विश्राम सिंह एवं सैकड़ों बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सीओ प्रदीप सिंह, कोतवाल व भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति को दिये गये ज्ञापन में कहा है कि संविधान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए अनुच्छेद 340 की धारा 15-4 एवं 16-4 में स्पष्ट रुप से सामाजिक एवं आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्तियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है, परन्तु आज तक किसी भी सरकारी विभाग में पूर्ण रुप से आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से अनुसूचित जाति एवं जनजाति को काफी नुकसान होगा। जातिगत आधार पर लोगों में बंटवारा होगा, द्वेष भावना पैदा होगी। फिर भी आरक्षण का लाभ पूर्ण रुप से इन जातियों को नहीं मिलेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नितिन कुमार गौतम, जिला प्रभारी संजीव सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसके अलावा भीम आर्मी भारत एकता मिशन फर्रुखाबाद ने भी एडीएम को सौंपा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। भारतीय बौद्ध महासभा ने भी एडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर वीर सिंह अम्बेडकर, कर्मवीर सिंह, रिंकू जाटव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। आरक्षण समर्थक संयुक्त मोर्चा फर्रुखाबाद ने भी इस मौके पर एडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सुशील कुमार, सुमित, अनुपम, प्रवीन, पुरुषोत्तम पूजा कठेरिया आदि मौजूद रहे।

# पत्नी से फोन पर हुई कहासुनी के बाद पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या





**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पत्नी से फोन पर हुई कहासुनी के बाद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पत्नी ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

जानकार के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव अताईपुर कोहना निवासी सुमित राठौर उम्र 22 वर्षीय पुत्र नरेश चन्द्र राठौर ने मंगलवार की शाम अपने घर का दरवाजा बन्द कर कुंडे में सॉड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक दरवाजा बन्द होने के कारण आसपास के लोगों ने खिड़की से झांककर देखा तो अन्दर सुमित फांसी पर लटका था। परिजनों ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे लेकर आये। जहाँ डाक्टर विपिन कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक की माँ शीलादेवी ने बताया की मेरा इकलौता बेटा था। हमने अपने बेटे का विवाह 21 अप्रैल 2024 को जनपद फर्रुखाबाद कादरीगेट थाना क्षेत्र के चाँदपुर कक्ष निवासी शिवानी के साथ किया था। विवाह के बाद पति पत्नी में आये दिन कलेश होता रहता था। कल पत्नी से फोन द्वारा कोई बात हुई। जिससे हमारे बेटे ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुँची मृतक की पत्नी शिवानी अपने परिजनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँची। जहाँ उसने कहा हम 15 दिन पूर्व रक्षाबंधन का त्योहार मनाने आये हैं। बीते दिन हमारे पति ने हमसे कहा की कब आ रही हो। जिस पर हमने कहा जल्दी आ जायेंगे। सूचना मिली की मेरे पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस जाँच में जुट गयी है। ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार पत्नी मायके पक्ष के साथ पहुंची। जहाँ उसने ससुरालीजनों पर पति की हत्या करने का आरोप लगाया, तभी ससुराल पक्ष व मायके पक्ष में हुई तीखी नोंकझोक हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने मामले को शांत कराया।

# अधिवक्ताओं के चेंबरों का ताला तोड़कर सामान चोरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने अधिवक्ताओं के चेंबर का ताला तोड़कर कुर्सी, सीलिंग फैन, इन्वर्टर व बैट्री आदि सामान चोरी कर लिया। अधिवक्ताओं ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर चौकी इंचार्जए विद्यासागर तिवारी ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अधिवक्तागण जो की तहसील कायमगंज चेम्बर नम्बर 2 व 8 में बैठकर अपना विधि व्यावसाय करते हैं। रोज की भांति बीती रात्रि अज्ञात चोर चेम्बर के मैन गेट का ताला तोड़कर चेम्बर में घुस गये।

जिसमें अधिवक्ता नीरज पाण्डेय की एक कुर्सी व सीलिंग फैन व अधिवक्ता उमैर खॉ की एक कुर्सी व एक टेबिल फैन व अधिवक्ता समीर खाँ का टेबिल फैन व अधिवक्ता संजीव कुमार का एक इन्वर्टर व एक ट्यूब्लर बैटरी व अधिवक्ता महिमा चन्द्र स्टाम्प वेण्डर के तीन लेजर प्रिंटर तथा चेम्बर न0 8 से धमेन्द्र कुमार स्टाम्प वेण्डर के दो ई-स्टाम्प लेजर प्रिंटर व एक लैपटॉप व एक इन्वर्टर व एक ट्रयूब्लर बैटरी व अधिवक्ता संजीव कुमार का एक लेजर प्रिंटर व गोपाल स्टेशनरी विक्रेता का एक इन्वर्टर व एक ट्यूब्लर बैटरी तथा विनीत सक्सेन नोटरी की नोटरी टिकट लगभग 3000 हजार रुपये, तीन सीट उपरोक्त चेम्बरों से चोरी करके ले गये। घटना की सूचना पर पहुंचे कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी, कांस्टेबिल विनीत कुमार ने जांच पड़ताल की।


घटना की जानकारी देते अधिवक्ता

## खबरें एक नजर में

### ज्वाइन डायरेक्टर ने सीएचसी का किया निरीक्षण



निरीक्षण करने के बाद अस्पताल के बाहर मौजूद जेडी व अन्य चिकित्सक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज का जॉइंट डायरेक्टर जीके मिश्रा तथा सह डॉक्टर सुरेंद्र प्रताप सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मशीनों को देखा तथा उनके रखरखाव संबंधित जानकारी ली। उपस्थिति रजिस्टर सहित आगंतुक रजिस्टर आदि सभी को चेक किया। कंप्यूटर डाटा की भी जानकारी ली, तो वहीं फाइलेरिया पखवाड़ा के चलते उसकी भी जानकारी ली। स्टॉक रजिस्टर भी चेक किया। उसके बाद सभी डॉक्टरों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए। मीडिया से बिना बात किए ही जिले से आए डॉक्टर शेखर यादव के साथ जिले पर मीटिंग के लिए निकल गए। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय यादव, डॉ0 विकास पटेल, डॉक्टर मानसिंह वर्मा, डॉ0 पवन कुमार, सुधाकर माथुर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सर्प ने दो को डसा, अस्पताल में भर्ती

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बरसात के मौसम में लगातार सांप काटने के मामले सामने निकलकर आ रहे हैं। उसी क्रम में बुधवार को भी जहानगंज थाना क्षेत्र के जरारी निवासी उजैर पुत्र मयउद्दीन बाजार से घर जा रहा था, तभी रास्ते में सांप ने उजैर के पैर में काट लिया। आनन-फानन में उसे कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। वहीं दूसरी तरफ सिलार चौराहा निवासी रमेश को भी पानी वाले सांप ने काट लिया। रमेश ने समझदारी दिखाते हुए अपने पैर में एक कपड़ा बांध लिया एवं कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ गया। इसके बाद उन्हें भी उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### 16 अगस्त को लापता भैसों का अब तक नहीं चला पता

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना शमसाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुल्तानगंज में पर्वत पुत्र रामनरेश की तीन भैंसे गंगा कटरी से चराते समय दिनांक 16 अगस्त 2024 को शाम के सात बजे के लगभग गायब हो गई। जिनकी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका था। तीनो भैंसों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है भैसों को चराने के लिए गांव के पास की कटरी क्षेत्र गंगा की तरफ ले गए थे। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है गांव के कई लोग पीड़ित परिवार के साथ भैसों की खोजबीन के लिए आस पड़ोस के गांव में चारों तरफ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। थाना पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। भैसों की खोजबीन जारी है।

### जमीनी विवाद में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव भिम्मी नगला निवासी रघुवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय तुलाराम ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कल 5.30 बजे के लगभग घर के बाहर हमारे पुत्र रामतीर्थ, विक्रम, शेर सिंह, मिथुन, रणधीर और अन्नपूर्णा पत्नी रघुवीर सिंह यह सब लोग दिल्ली जा रहे थे। हम लोग मंदिर के पास गांव में खड़े थे, तभी आपसी बंटवारे के विवाद के चलते रामप्रताप, रजनेश, राजकुमार, राजीव पुत्रगण कृपाल सिंह, पंकज अनुराग पुत्रगण रामजी, रामजी पुत्र तुलाराम तथा जगदीश ने हम लोगों को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जिसमें हमारे पुत्र व पुत्रवधू घायल हो गए। उपरोक्त लोग गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# एसटीपी के कार्यों को 15 दिन पूर्ण कर शुरु किया जाये ट्रायल: डीएम


एसटीपी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आयुक्त कानपुर मंडल द्वारा जिलाधिकारी डॉ.वीके सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा 30 एमएलडी क्षमता की एसटीपी फर्रुखाबाद व 17.70 एमएलडी क्षमता की एसटीपी फतेहगढ़ का निरीक्षण किया गया। सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि 25 अगस्त तक प्रोजेक्ट का बिजली कनेक्शन हो जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एसटीपी के सभी कार्यों को 15 दिन में पूर्ण कर ट्रायल रन शुरू किया जाये व एसटीपी की ग्रिल पर जाली लगवाई जाये। एसटीपी का शुरू होने के बाद थर्ड पार्टी से निरीक्षण कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य मुख्य विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियंता नलकूप विभाग कानपुर, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कानपुर मंडल व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, बड़ा हादसा होने से बचा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार पिकअप के पलटने से एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर से बिहार के लिए पिकअप संख्या यूपी 76टी4051 पर 600 पेटी सेब लादकर ड्राइवर उमेश पुत्र रमेश निवासी बमियारी थाना राजेपुर जिला फर्रुखाबाद जा रहा था।

उसका संतुलन जरियनपुर फर्रुखाबाद रोड पर बिगड़ गया और पहले एक्सीडेंट उसने राजपुर में कार में टक्कर मारकर किया। उसके बाद पिकअप को तेज रफ्तार से दौडाते हुए अमृतपुर की तरफआने लगा। थाने के पास दो महिलाओं को टक्कर मारी। जिससे दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पुलिस द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। 1 किलोमीटर चलने के बाद अमृतपुर बंधन बैंक के पास भीड़भाड़ वाले इलाके में पिकअप अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकरायी। इसके बाद सचिन पुत्र सोहरन निवासी गुर्जरपुर की खड़ी बाइक पर पिकअप पलटने से बाइक नीचे दब गई और वह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके का फायदा उठाकर ड्राइवर गाड़ी से निकलकर भागने में सफल रहा। जिला पंचायत सदस्य लल्ला चौहान के साथ-साथ कई लोग वहां पहुंच गए और उन्होंने तत्काल उस गाड़ी को सीधा करने का प्रयास किया।

वहाँ पर कई दुकानें हैं। जहां हमेशा भीड़ रहती है। गनीमत रही कि उस समय मौके पर कोई नहीं था। सूचना मिलने पर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उसने गाड़ी व बाइक को कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी। कई लोगों का कहना था कि ड्राइवर नशे में था।


घटनास्थल पर पलटी पड़ी पिकअप

### मामूली विवाद में युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर किया घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर बैठे युवक को गाली-गलौज का विरोध करना उसे समय महंगा पड़ गया जब उसके गांव के ही एक युवक ने उस पर लाठी -डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने कमालगंज थाने में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक को उपचार हेतु कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। कमालगंज थाना क्षेत्र के कुँवरपुरा निवासी कैलाश सिंह पुत्र सियाराम बुधवार सुबह करीब 10.00 बजे अपने गांव में श्रीचंद्र के दरवाजे पर बैठे थे, तभी गांव का मोहित मिश्रा पुत्र सर्वेश मिश्रा ने उसे देखकर बिना वजह गाली-गलौज की। जिसका विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडे के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने कमालगंज थाने में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक को उपचार हेतु कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। कमालगंज थाना अध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# गंगा का जलस्तर घटते ही फैलने लगी संक्रामक बीमारियां, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

- पशुओं के लिए हो रही चारे की समस्या

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नदी के जलस्तर में आंशिक कमी आने से लोगों ने कुछ राहत की सांस ली है, लेकिन मुश्किलें अभी भी बरकरार है। ग्रामों में अब संक्रामक बीमारियों नें पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। बाढ़ के पानी से भरे हुए क्षेत्र में अब तेजी से संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी अलर्ट दिखाई दे रही है।

खेतों मे पानी भरे होने से पशुपालकों के सामने पशुओं के चारे की समस्या हो रही है। उफान मार रही गंगा नदी की बाढ़ का पानी खेतों से होते हुये गांवों मे घुस गया था। शनिवार से गंगा नदी के जलस्तर मे आंशिक कमी दर्ज की गई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन कुछ गांवों मे बाढ़ का पानी भरे होने से लोगों मे बीमारियां उल्टी, दस्त, पेट दर्द, खाज, खुजली, बुखार आदि फैल रहे है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य टीमों को बाढ़ प्रभावित गांवों में जाकर दवाइयां वितरित करने के निर्देश दिए हैं। तहसील प्रशासन द्वारा आधा दर्जन से अधिक गांवों को आवागमन के लिए नाव उपलब्ध कराई गई है। संपर्क मार्गो पर पानी भरा होने से आशा की मड़ैया, मंझा की मड़ैया, अंबरपुर जोगराजपुर, जगतपुर, कलट्टरगंज की बगिया आदि गांवों के लोग पानी से होकर आवागमन करने को मजबूर हैं। जल स्तर के घटने और बढ़ने के चलते पशुपालकों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। उनके पशुओं में अनायास ही कई बीमारियां पनपने लगी हैं। जिसके चलते पशुपालकों के मस्तक पर चिंता की लकीरें देखी जा सकती है। राजेपुर चिकित्साप्रभारी आरिफ सिद्दीकी ने बताया है कि उनकी टीम अलर्ट है। उनकी टीम द्वारा लगातार बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में कैंप लगाकर लोगों को दवाई मोहिया कराई जा रही हैं। उनकी टीम लगातार बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद प्रदान कर रही है।


घट रहा जलस्तर तथा बंधे पशु

# बाइकों की भिड़ंत में दो घायल


सीएचसी में घायल महिला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार मीरपुर के निवासी अरविंद अपनी पत्नी माधुरी के साथ बाइक से कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव भोला नगला अपनी बहन के घर जा रहे थे, तभी पीछे से नशे की हालत में बाइक से आ रहे गुरसहायगंज निवासी जयपाल पुत्र मानसिंह सरकारी मंडी कमालगंज के पास जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे वह पति-पत्नी दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें पत्नी माधुरी की हालत ज्यादा खराब होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रफर कर दिया तथा जयपाल के भी चोटें आई हैं।

# व्हाट्सएप से फोन हैक कर धन अर्जित करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज पुलिस व साइबर सेल फतेहगढ़ द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से आमजनों का फोन हैक कर गैरकानूनी तरीके से धन अर्जित करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 18 अगस्त को थाना नवाबगंज पर शकुंतला देवी पत्नी वीरेंद्र सिंह निवासी सिकंदरपुर थाना नवाबगंज पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि पीड़िता व उसके ड्राइवर मनोज कुमार पुत्र आशाराम निवासी जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट नवाबगंज का मोबाइल धोखाधड़ी करके व्हाट्सएप को किसी एप पर एड कर देना जिससे मोबाइल हैक कर गोपनीय/पसर्नल सूचनायें अज्ञात व्यक्ति को भेजकर पैसा कमाने के संबंध में थाना नबाबगंज पर राहुल पुत्र जितेंद्र कुमार निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना नवाबगंज आदि 09 नफर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरु की गयी।

जांच के दौरान पाया गया कि उक्त बेबसाइट WAHO.PRO का डोमेन पंजीयन रजिस्ट्रार Dynadot Inc होना ज्ञात हुआ है जो कि संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलीफोर्निया प्रांत के सनमोटियो शहर में है। उक्त बेबसाइट का पंजीयन Dynadot Inc पर दिनांक 12.09.2023 को हुआ है। WAHO.PRO का आई.पी. एड्रेस 104.21.84.239 है। जो कि कैलीफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को शहर का है। उपरोक्त प्रकरण में कार्यवाही हेतु संबंधित सर्विस प्रोवाइडर व लॉ इनफोर्समेन्ट एजेन्सियों से पत्राचार किया जा रहा है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने शिक्षकों की ली बैठक

▸ परीक्षा में पेन, आधार कार्ड, प्रवेश पत्र के अलावा अन्य सामग्री पर है प्रतिबंध


शिक्षकों की बैठक लेते सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। जनपद में 18 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। 23, 24, 25, 30, 31 अगस्त को दो पालियों में परीक्षा होगी। जिसके लिए परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने शिक्षकों की बैठक ली। बुधवार को कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में सेक्टर मजिस्ट्रेट ने शिक्षकों की बैठक लेते हुए निर्देशित किया कि पांच दिवसीय परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे, द्वितीय पाली की परीक्षा शाम 3 बजे से 5 बजे सम्पन्न होगी। 23, 24, 25, 30, 31 अगस्त को पुलिस भर्ती की परीक्षा शहर के विभिन्न केंद्रों पर सम्पन्न होगी। रस्तोगी इंटर कालेज में 20 कक्षों में परीक्षा होगी। जिसमें 40 शिक्षक लगाये गये है। प्रत्येक कक्ष में 2 शिक्षक ड्यूटी करेंगे। पांच कक्ष सहायक होंगे। दो सहायक केंद्र व्यवस्थापक होगें। दो परीक्षा प्रभारी होगें। मुख्य केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी की देखरेख में परीक्षा सम्पन्न होगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेगें। शिक्षकों को सुबह 7 बजे विद्यालय पहुंचने के निर्देश दिये गये है। इस बार परीक्षा देने वाले छात्र काला व नीला पेन व प्रवेश पत्र, आधार कार्ड ही ले जा सकेगें। इसके अलावा पर्स, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक घड़ी, कागज आदि ले जाने के लिए प्रतिबंध किया गया है। अध्यापक ही विद्यालय के अंदर अपनी बाइक या कार ले जा सकेंगे। विद्यार्थियों की बाइक अंदर नहीं जायेगी।

सुरक्षा की दृष्टि से हर कमरे में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। जिसकी निगरानी में परीक्षा सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेगें। अराजकतत्वों के लिए गेट के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।

चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जायेगी। सुचारु रुप से परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट कमालगंज बीडीओ ने बैठक ली। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# मानवाधिकार संगठन ने कोलकाता घटना के आरोपियों को फांसी देने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई बर्बरता को लेकर पूरे देश में गुस्सा पनप रहा है। जगह-जगह पर विरोध प्रदर्शन कर दोषियों को फांसी की मांग की जा रही है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज पांडे के नेतृत्व में पांच सदस्य टीम ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कोलकाता में हुई घटना को लेकर एसडीएम सदर रजनीकांत को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में दर्शाया कि कोलकाता में मेडिकल कॉलेज में महिला ट्रेनर डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर अभी तक दोषियों को सजा नहीं दी गई है। साथ ही संगठन ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द दोषियों को फांसी दी जाए और पीड़ित परिवार को सरकार की तरफ से उचित मुआवजा भी दिया जाए। ज्ञापन देने के दौरान जिला महामंत्री टिंकल यादव, जिला प्रवक्ता भगवान दास शुक्ला, जिला सचिव गोपाल सक्सेना, मीडिया प्रभारी उत्कर्ष चतुर्वेदी मौजूद रहे।


एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारी

# आर्मी पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह का हुआ समापन


कार्यक्रम में सम्मानित होती छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कृत दिवस के अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में 12 अगस्त से 21 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया गया। संस्कृत श्लोक वाचन, कहानी वाचन, संस्कृत गीत वाचन आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं।

बुधवार 22 अगस्त को संस्कृत सप्ताह के समापन के अवसर पर संस्कृत प्रतियोगिताओं में सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने पुरस्कृत कर उनकी हौसला आफजाई की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उसके बाद कक्षा छठी के छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृत में समूह गीत प्रस्तुत किया। उसके बाद विद्यालय की शिक्षिका दीपा यादव ने संस्कृत में एकल गीत गाकर खूब तालियां बटोरीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव ने संस्कृत श्लोक पाठ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी अभिनव, वैष्णवी और शिवा तथा संस्कृत कहानी कथन प्रतियोगिता में तृषा, सार्थक दीक्षित और एंजेल को पुरस्कृत किया।

पूरे सप्ताह चली गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले वरदान सक्सेना, अभय, वैष्णवी यादव, आयुषी, अवन्तिका यादव, कीर्ति तिवारी, अनुभव तथा मिष्टी मुखर्जी आदि को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य संजीव ने कहा कि हमारे भारत देश की प्रतिष्ठा संस्कृत और संस्कृति के कारण ही है। संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषा है। इसका अध्ययन हमें अवश्य करना चाहिये। संचालन शिक्षक डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर संगीत शिक्षक दयानन्द शर्मा, पूर्णिमा अग्निहोत्री, अनूपा अग्निहोत्री, अमर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की मनायी 80वीं जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी की 80वी जयंती पर कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने कैम्प कार्यालय नाला सिम्त शुमाल में स्व राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के निजी सहायक अनिल मिश्रा एवं यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अम्मार अली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संजीव शर्मा, महादेव यादव, अतीक सलमानी, सलीम, अमर मिश्रा, वात्सल्य मिश्रा, रोहित वर्मा, हसन हैदर, प्रेम अवस्थी, अशोक राजपूत, सुनील भारद्वाज, अतुल राजपूत, आमिर रिजवी, आदेश पाण्डेय, महेन्द्र कुमार, कामरान हुसैन, विनोद प्रकाश, संजय दिवाकर, छोटू शुक्ला, अरूण कटियार, राजीव दिवाकर, संजीव दिवाकर, मोविना, तौफीक, नरेंद्र वाल्मीक, अमन बाल्मीकि, नितिन बाल्मीकि, रितिक बाल्मीकि, अक्षय, निखिल आदि उपस्थित रहे।

# लोधी जागृति मंच ने मनायी पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को लोधी जागृति मंच द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल स्व0 कल्याण सिंह की पुण्यतिथि मनायी गई। हाता करम खां स्थित सभासद विश्वनाथ राजपूत के आवास पर बैठक का आयोजन हुआ। सभी ने बाबू कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उद्घोषित नारे लगाये। लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत ने कहा कि बाबूजी समस्त हिन्दू समाज के नेता थे, जो लोधी समाज के लिए गौरव की बात है। हम सबको बाबूजी के सिद्धांतो से शिक्षा लेनी चाहिए। उन्होंने कभी अपने सिद्धांतो से समझौता नहीं किया। बाबरी मस्जिद का बिधवन्स हुआ था। तब उन्होंने कहा था कि मुझे कोई खेद नहीं और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। बाबूजी के त्याग से ही आज हम सबको भव्य राम मंदिर के देखने का गौरव प्राप्त हुआ। सभासद विश्वनाथ राजपूत ने कहा आज के समय लोग प्रधानी जैसा पद नहीं छोड़ते, लेकिन हमारे बाबूजी ने राम मंदिर निर्माण के अपने मुख्यमंत्री जैसे पद को ऐसे छोड़ दिया। जनार्दन राजपूत, आरसी राजपूत, तोताराम राजपूत, अजय राजपूत, अंशुल राजपूत, राघवेंद्र राजपूत आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर मंगली राजपूत, राहुल राजपूत, अजय राजपूत, आदेश राजपूत, दीनानाथ राजपूत, मानसिंह राजपूत, सुरेंद्र राजपूत, अंकित राजपूत, विपिन राजपूत, रामकुमार, रामदास राजपूत, सौरभ राजपूत आदि लोग उपस्थिति रहे।


कल्याण सिंह की पुण्यतिथि मनाते लोधी जागृति मंच के लोग

## खबरें एक नजर में

### पिपरौली मे हुई दो मौतों के बाद जगा फूड विभाग

**सहजनवां, गोरखपुर समृद्धि न्यूज।** सहजनवां तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पिपरौली, घघसरा, भीटी, गीडा चौराहा, जैतपुर, पाली समेत नगर पंचायत सहजनवां के बाजारों में बिकने वाले खाद्य सामग्री मे भारी मिलावट कर लोगो को बेचीं जाती थी वही जगह जगह मिठाई की दुकान व रोड के किनारे खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थों पनीर, चाट,खोआ समेत कई खाद्य पदार्थों में केमिकल मिला कर बेचा जा रहा था और लोगो के सेहत के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा था वही फूड विभाग के जिम्मेदार पूरी तरह से मौन दिखाई दे रहे थे।लेकिन जब पिपरौली चौराहे पर स्थित बाला जी मिष्ठान से पनीर और समोसा खाने से फूड प्वाइजनिंग की आसंका होने से भाई बहन के मौत होने के बाद फूड विभाग कुम्हकर्णी नीद से जगा और आनन फानन में टेस्टिंग लैब गाड़ी के साथ सहजनवां मार्केट में लगभग पचीस दुकानों पर बिक रहे खाद्य सामग्री का सैम्पलिंग किया, इस कार्यवाही से बाजार के तमाम दुकाने बंद हो गई और दुकानदार दुकानों को बंद कर भाग गए वही मौके पर चीफ खाद्य सुरक्षा अधिकारी इतेंद्र मोहन त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी दसा मे मिलावटी खोरो को बक्सा नही जायेगा जांच करा कर कार्यवाही किया जायेगा वही साथ में चीफ सेफ्टी आफिसर नागेश मिश्रा, प्रतिमा, कमल नाथ, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, लेखपाल जितेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

### ट्रक में घुसी कार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**इटावा।** थाना इकदिल के अंतर्गत इटावा कानपुर हाईवे पर अर्टिगा कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई, 3 घायल हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक अर्टिगा सवार दिल्ली से हमीरपुर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने से अर्टिगा कार थाना इकदिल के अंतर्गत पिलखर गांव के पास ट्रक में जा टकराई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। मरने वालों में 3 पुरुष और एक महिला शामिल हैं। दो बच्चे और एक महिला घायल है। हादसे में पति- पत्नी की मौत हुई, मृतकों की पहचान हमीरपुर के बीना गांव के रहने वाले राम अवतार 60 वर्ष, शिव नारायण 52 वर्ष, उनकी पत्नी सोभारानी 48 वर्ष और उनके साले मेरठ निवासी आशू गुप्ता 35 वर्ष के रूप में हुई। महोबा निवासी पूनम 35 वर्ष, उनकी बेटी राशि 4 वर्ष और बेटा जितेंद्र 8 वर्ष घटना में घायल हो गए। जितेंद्र ने बताया हम लोग मामा के यहां जा रहे थे। मेरी बहन राखी और मां पूनम घायल है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

### पुलिस ने वाहन की चेकिंग की

**इटावा।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की गयी। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद की कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया।

# विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार यादव ने कहा कि परिवारिक पेंशनर्स से आय कर की कटौती नहीं की जायेगी। पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए रोजगार के दरवाजे हमेशा खुले रहेगें। लगभग दो दर्जन से अधिक 80 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रुप से उन्होंने सम्मानित किया। राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर जीएस राजपूत ने की। संचालन जिला मंत्री अफजल हुसैन ने किया। सेवानिवृत्त सहायक कोषाधिकारी अमरीश अग्निहोत्री ने मुख्यालय पर सभागार बनवाये जाने को लेकर आंदोलन की बात कही। विशिष्ठ अतिथि डॉ. मधुरंजन सक्सेना ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के गौरव है। सेवानिवृत्त सीडीओ जयंत दीक्षित, अखिलेश अग्निहोत्री, डॉ. निहाल, प्रभुदयाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने की परम्परा हमेशा निभाई जायेगी। इस अवसर पर सुरेश चन्द्र सक्सेना, जिलाध्यक्ष बीडी कटियार, नंदकिशोर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला, प्रभुदयाल, अरुण दुबे, रमनदेव कश्यप, सुभाष चन्द्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



डॉ. मधुरंजन सक्सेना को सम्मानित करते प्रभुदयाल

# 264वां सालाना उर्स मखदूम में दूसरे रोज़ भी उमड़ी भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दरगाह हजरत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन ओलिया में तीन दिवसीय 264वां सालाना उर्स लोको रोड स्थित दरगाह में धूमधाम से मनाया जा रहा है। उर्स मखदूम के दूसरे दिन भी यह बात दरगाह के नायब सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद वसीम उर्फमुहम्मद मियां व सज्जादानशीन सूफी शाह हाजी मोहम्मद शरीफ उर्फ मोहब्बत शाह ने दरगाह परिसर में उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रातः बाद नमाज फज्र कुरान ख्वानी, 11 बजे कुल की महफिल सजाई गई। परंपरा अनुसार इमामे रब्बानी मुजद्दिद अलिफसानी शेख, अहमद फारूकी नजरों नियाज़ पाश की गई। जिसमें मौलाना शाहिद मदारी ने उनकी जीवनी पर रोशनी डाली और नात ख्वानी के साथ दुआएं की। जामिया के बच्चों ने कलाम पेश किए।

नमाज असर गागर व चादर पेश की गई। जिसमे बड़ी तादात में लोगो ने शिरकत की। कमलुद्दीन कब्बाल ने बेहतरीन कलाम पेश किया। या नबी हमसे ये उठती नहीं भारी गागर, तेरी रहमत हो तो उठ जाए हमारी गागर, बे तहारत न छुए कोई हमारी गागर आबे कौसर से है रिजवानी सवारी गागर। इस मौके पर रफत हुसैन, शाहिद खान, हाजी शाह नवाज़, आकिब खान, उमर खान, कासिम साबरी आदि लोग मौजूद रहे।


गागर चादर उठाते सज्जादा नशीन व अकीदतमंद

# कल्याण सिंह को भारत रत्न देने की उठायी मांग

▸ पुण्यतिथि पर स्व0 कल्याण सिंह को लोधी समाज ने किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के तत्वावधान में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूजी कल्याण सिंह की तीसरी पुण्यतिथि विक्रांत सिंह राना के प्रतिष्ठान पर मनाई गई।

बाबूजी कल्याण सिंह को भारत रत्न देने की एक स्वर से मांग की गई। श्रंद्धाजलि सभा में लोधी महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा ने कहा कि बंथलशाहपुर में हुए लोधियों के सगे दो भाईयों के मर्डर में एक भाई की छोटी बच्ची को आर्थिक सहायता हेतु एक लाख पच्चीस हजार रुपए फंड की व्यवस्था महासभा के द्वारा की गई है। जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत ने कहा कि लोधी समाज में घर घरों में पैर पसार चुकी शराब व नशामुक्ति हेतु, तरह तरह की फैली कुरीतियों व अंधविश्वास को समाप्त करने के लिए जाग्रति चौपाल गांव गांव लगायेगी। प्रेमपाल सिंह राजपूत ने कहा कि बंथलशाहपुर की घटना को शीघ्र ही सीबीआई से जांच कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि अगली 23 अगस्त को झंडेवाला पार्क लखनऊ में शहीद हुए गुलाब सिंह लोधी बलिदान दिवस को धूमधाम से अध्यापक अनिल वर्मा के आवास कमालगंज में मनाया जायेगा। भाजपा जिला मंत्री डॉ. धर्मेन्द्र राजपूत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर परशुराम वर्मा, राम लडैते राजपूत, अमर सिंह राजपूत, हरिनाथ सिंह राजपूत, प्रेमपाल सिंह राजपूत, अजय राजपूत, रामसरकार राजपूत, अहिवरन सिंह लोधी, बेचेलाल वर्मा, अनिल राजपूत, रोशनलाल राजपूत, प्रवीन वर्मा, महिपाल गुप्ता आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता विक्रांत सिंह राना लोधी व संचालन रामाधार सिंह वर्मा ने किया।


कल्याण सिंह की पुण्यतिथि मनाते लोधी समाज के लोग

# होटल व्यवसायी उड़ा रहे मानक की धज्जियां



**सहजनवा गोरखपुर,समृद्धि न्यूज।**

औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा के सेक्टर 22 मे होटल कारोबारियों द्वारा पूरी तरह से मानक की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं वही जिम्मेदार पूरी तरह से मूकदर्शक बने हुए हैं सेक्टर 22 में लगभग दर्जनों होटल होते है संचालित होटलो के लगे बोर्डो पर नही लिखा रहता है प्लाट नम्बर वही सेक्टर बाईस मे स्थित होटल साई ग्रेड तो खुलेआम मानक की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है बिना मानक के पांच से छः मंजिल की बिल्डिंग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वही इस निर्माण कार्य के बारे में जब जेई शैलेश सिंह से पूछा गया तो उनको भी नही पता है कि बिल्डिंग का नक्सा पास है कि नही वही जेई का कहना था कि मानक के अनुसार सिर्फ तीन मंजिला इमारत का निर्माण हो सकता अगर तीन मंजिला इमारत से अधिक निर्माण किया जा रहा है तो उस बिल्डिंग के नक्से की जांच कर कार्यवाही किया जायेगा वही देखा जाये तो तमाम संचालित हो रहे होटलो मे मनको की अनदेखी कर संचालित किया जा रहा है वही होटलो मे अनैतिक धंधो को अंजाम दिया जाता है वही जिम्मेदार पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं सेक्टर बाईस मे कुकुरमुत्ते की तरह होटलो व रेस्टोरेंट का संचालन जोरो पर किया जा रहा है दिन हो या रात होटलो पर रंगरलिया मनाने का शिलशिला जारी रहता है।

# पुलिस ने कांग्रेस व सपा नेताओं को किया नजरबंद

▸ भारत बंद का जनपद में नहीं दिखा कोई खास असर


नजरबंद कांग्रेस नेता पुन्नी शुक्ला


अपने निवास पर नजरबंद सपा नेता रमेश कठेरिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण को लेकर दिये गये फैसले को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों ने भारत बंद के आवाह्न के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पूर्व शहर के कई नेताओं को नजरबंद किया गया।

कांग्रेस के शहर अध्यक्ष पूर्ण प्रकाश पुन्नी शुक्ला को खतराना स्थित उनके निवास पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स लगाकर उन्हे उनके निवास पर नजरबंद किया गया। पुन्नी शुक्ला ने बताया कि हाईकमान के निर्देशानुसार आरक्षण के विरोध के तहत कार्यक्रम निर्धारित था। पुलिस ने सुबह से ही आकर नजरबंद किया है। यह शासन की तानाशाही है। वहीं सपा नेता रमेश कठेरिया को उनके निवास पर नजरबंद किया गया। दोपहर तक नजरबंद रहे रमेश कठेरिया ने बताया कि आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन करना था। पहले से ही पुलिस ने हाउसअरेस्ट किया। जिस कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाये। वहीं कांग्रेस नेता राकेश सागर को उनके निवास पर नजरबंद किया गया। कई अनुसूचित जाति के नेताओं को सुरक्षा की दृष्टि से व प्रदर्शन रोकने के लिए नजरबंद किया गया। साथ ही इस संविधान पीठ के फैसले को इनकार करते हुए विरोध किया गया। इस निर्णय से अनुसूचित समाज के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बची हुई अनुसूचित जातियों को वंचित रखने के लिए ऐसा निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से 40 करोड़ लोग अपने को ठगा महसूस कर रहे है।

छूआछूत व अनेकों उत्पीड़न आदि सहने पड़े है। बाबा साहब भीमरॉव अम्बेडकर द्वारा बनाये गये अथक प्रयासों का भी हनन हुआ है।

### श्रद्धा पटेल ने किया रक्तदान

इटावा। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जिला अस्पताल में रेडक्रॉस सोसाइटी की आजीवन सदस्य श्रद्धा पटेल के 7 गंभीर ऑपरेशन होने के बावजूद एक बार फिर रक्तदान किया। रक्तदान करने के बाद बताया कि आगे भी रक्तदान करती रहूंगी। रक्तदान करने से आरबीसी बनता है, नया रक्त पतला होने से हृदय घात हार्ट अटैक की संभावना कम हो जाती है।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम KAMLA DEVI व जन्मतिथि 01.07.1953 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम KAMLA BAI व जन्मतिथि 01.01.1953 है। KAMLA BAI M/O JC-482341H Sub. Ashok Kumar Sharma, RRC Fatehgarh, R/o Vill & post Dagdiha Jaitwara 163, Distt Satna Madhya Pradesh-485221

**कार्यालय ग्राम पंचायत हकीकतपुर विकास खण्ड कायमगंज, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ राज्य वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 21/08/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हकीकतपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22/08/2024 से 28/08/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 28/08/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | प्रा0वि0 सोतेपुर में टाइल्स एवं गेट निर्माण कार्य | 2.09 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान — ग्रा0पं0 हकीकतपुर, कायमगंज — ग्राम विकास अधिकारी (शशीदेव सिंह)

# प्रौद्योगिकी का गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है : मुर्मु

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सतत विकास और सार्वजनिक हित के लिए किया जाना चाहिए क्योंकि इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है।

श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को हरियाणा के फरीदाबाद में जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी पूरा विश्व चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में है। भारत भी इस क्रांति की चुनौतियों का सामना करने और अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जैसे संस्थानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि तकनीक के विकास से प्रगति के कई रास्ते खुल गये हैं। उदाहरण के लिए, दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच ने ऑनलाइन रोजगार के कई अवसर पैदा किए हैं, लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि प्रौद्योगिकी का उपयोग उचित और सतत विकास तथा सार्वजनिक हित के लिए किया जाना चाहिए। इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है। श्रीमती मुर्मु ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में कई औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौते किए हैं। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए इस विश्वविद्यालय के परिसर में उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इन सभी प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का नाम महान वैज्ञानिक और आधुनिक विज्ञान के प्रणेता जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखा गया है, जो संभवतः दुनिया के पहले वैज्ञानिक थे जिन्होंने वैज्ञानिक रूप से साबित किया कि पेड़-पौधों में भी भावनाएं होती हैं।

उनकी क्रांतिकारी खोज ने वनस्पति जगत को देखने का हमारा नजरिया बदल दिया। उन्होंने छात्रों से उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने और प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत की समृद्ध विरासत हमें सदैव गौरवान्वित करती है। युवा इस समृद्ध विरासत का हिस्सा हैं और उन्हें इसका ध्वजवाहक बनना होगा। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी योग्यताओं और क्षमताओं पर भरोसा रखें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

## तकनीक का गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है : राष्ट्रपति

**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि तकनीक का इस्तेमाल उचित और सतत विकास तथा जनहित के लिए किया जाना चाहिए। इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने हरियाणा के फरीदाबाद में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि आज तकनीक के विकास के कारण प्रगति के कई रास्ते खुल गए हैं। उदाहरण के लिए दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच ने ऑनलाइन रोजगार के कई अवसर पैदा किए हैं। लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि तकनीक का इस्तेमाल उचित और सतत विकास तथा जनहित के लिए किया जाना चाहिए। इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है।इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि आज पूरी दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में है।

# ई कॉमर्स की तेज वृद्धि से सामाजिक व्यवस्थान पैदा हो सकता है : गोयल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ई-कॉमर्स के तेजी से बढ़ने से छोटे खुदरा विक्रेताओं की बाजार हिस्सेदारी और मार्जिन में आ रही गिरावट का हवाला देते हुये बुधवार को कहा कि ई-कॉमर्स की भारी वृद्धि से सामाजिक व्यवधान पैदा हो सकता है।

श्री गोयल ने यहां पहले इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारत में रोजगार और उपभोक्ता कल्याण पर ई-कॉमर्स का शुद्ध प्रभाव नामक रिपोर्ट के लॉंच के दौरान ई-कॉमर्स वृद्धि से उत्पन्न होने वाले कुछ गंभीर परिणामों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा क्या हम ई-कॉमर्स की इस भारी वृद्धि के साथ सामाजिक व्यवधान पैदा करने जा रहे हैं। मुझे यह गर्व की बात नहीं लगती कि हमारा आधा बाजार संभवतः 10 साल बाद ई-कॉमर्स नेटवर्क का हिस्सा बन सकता है। यह चिंता का विषय है।÷ हालांकि, उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स यहीं रहने वाला है और वह इसे खत्म नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने सवाल किया ÷मैं इस धारणा के विपरीत जा रहा हूं क्योंकि हमने पश्चिम में ऐसा होते देखा है। मैं कह सकता हूं कि यूरोप, अमेरिका सभी ने इसके परिणाम देखे हैं। वहां छोटी-मोटी दुकानों का क्या हुआ। आप उनमें से कितने को जीवित देखते हैं। स्विट्जरलैंड ने हाल तक ई-कॉमर्स को आने की अनुमति क्यों नहीं दी। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि देश के विकास में ई-कॉमर्स की भूमिका है, लेकिन हमें सावधानीपूर्वक सोचना होगा कि वह भूमिका क्या है और उस भूमिका को अधिक संगठित तरीके से कैसे निभाया जा सकता है। श्री गोयल ने कहा कि ई-कॉमर्स खुदरा स्टोर के हर हिस्से पर हमला नहीं करता है, बल्कि छोटे खुदरा विक्रेताओं के उच्च-मूल्य, उच्च मार्जिन वाले उत्पादों को खा जाता है, जो एकमात्र ऐसे उत्पाद हैं जिनके माध्यम से स्टोर मालिक नाममात्र का लाभ कमाता है और व्यापार को संचालित करता है। वाणिज्य मंत्री ने ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा अपनाए जाने वाले मूल्य निर्धारण के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने सवाल किया कि क्या देश के लिए इस तरह मूल्य निर्धारण नीति अच्छी है। जब अमेज़न कहता है कि हम भारत में एक अरब डॉलर का निवेश करने जा रहे हैं, तो हम सभी जश्न मनाते हैं लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि वह अरब डॉलर किसी महान सेवा या भारतीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए किसी महान निवेश के लिए नहीं आ रहा है। उन्होंने उस वर्ष अपनी बैलेंस शीट में एक अरब डॉलर का घाटा किया।

# सात सेक्टरों में सुधार कर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करेगी केजरीवाल सरकार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए दिल्ली सरकार फोकस तरीके से काम करेगी। इसके लिए सरकार ने सात महत्वपूर्ण सेक्टरों बिजली, पानी, कूड़ा, हरित, परिवहन, स्वास्थ्य व कृषि प्रबंधन को चिंहित किया है। इसमें सुधार कर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम किया जाएगा। बुधवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में आयोजित राउंड टेबल कांफ्रेंस में 40 से अधिक विभागों व संस्थानों के विशेषज्ञों ने नई पॉलिसी में आए प्रस्तावों पर चर्चा की।

मंत्री मगोपाल राय ने कहा कि 2019 में दिल्ली सरकार ने क्लाइमेट चेंज पॉलिसी बनाई थी, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन का प्रभाव और तेज़ी से बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण इस बार दिल्ली के लोगों भीषण गर्मी और रिकॉर्ड बारिश का सामना करना पड़ा है। इसलिए पॉलिसी में बदलाव करना आवश्यक है। इन सात सेक्टरों में सुधार करके जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है। दिल्ली सरकार इन्हीं सेक्टरों को ध्यान में रखकर एक वृहद पॉलिसी बनाएगी और केंद्र सरकार को भेजेगी। केंद्र से मिले सुझावों के बाद पॉलिसी को लागू किया जाएगा। मंत्री राय ने कहा कि आज दिल्ली समेत पूरे भारत में विकास की अंधी दौड़ में जिस तरह प्रकृति के साथ छेड़छाड़ हुई है, उससे पूरी दुनिया में जो जलवायु परिवर्तन हुआ है और अब लोगों के जीवन पर उसका सीधा प्रभाव पड़ने लगा है। इस साल दिल्ली के लोगों को हीट वेव का प्रकोप झेलना पड़ा। इसके अलावा मानसून की बारिश ने पिछले कई सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसी तरह हम वायु प्रदूषण से भी जूझ रहे हैं और उसे लगातार कम करने के लिए काम कर रहे हैं। आज पूरी दुनिया में क्लाइमेट चेंज के ऊपर पॉलिसी बनाई जा रही है। ताकि जलवायु परिवर्तन के घटकों का पता लगाकर उस पर नियंत्रण पाया जा सके। भारत सरकार ने भी इस पर चिंतन करते हुए पॉलिसी बनाने पर काम किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी 2019 में क्लाइमेट चेंज को लेकर पॉलिसी का निर्माण किया गया था। लेकिन 2019 के बाद जिस तेजी के साथ जलवायु में परिवर्तन हो रहा है, उसे देखते हुए दिल्ली सरकार ने दो साल पहले क्लाइमेट चेंज की पॉलिसी को रिवाइज करने की प्रक्रिया शुरू की।

## उस अमेरिका के लिए लड़ें जिस पर हम विश्वास करते हैं : ओबामा

**शिकागो।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि आगामी राष्ट्रपति चुनाव अमेरिका के उस दृष्टिकोण के लिए लड़ाई का प्रतिनिधित्व करेगा जिसका डेमोक्रेटिक पार्टी के लोग रुख रखते हैं। श्री ओबामा ने मंगलवार को सम्मेलन के प्रतिभागियों को अपने संबोधन में कहा, अब यह हम सभी पर निर्भर है कि हम उस अमेरिका के लिए लड़ें जिस पर हम विश्वास करते हैं। और कोई गलती न करें, यह एक लड़ाई होगी। श्री ओबामा ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भी आलोचना की और उन्हें 78 वर्षीय अरबपति कहा। उन्होंने कहा, श्री ट्रम्प अब अपनी समस्याओं के बारे में विलाप कर रहे हैं। श्री ओबामा ने कहा और जैसे ही हम आज रात यहां इकट्ठा हुए हैं, जो लोग इस चुनाव का फैसला करेंगे वे एक बहुत ही सरल सवाल पूछ रहे हैं÷ मेरे लिए कौन लड़ेगा? कौन मेरे भविष्य के बारे में सोच रहा है।

# जॉफ ने जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से जुटाए 40 करोड़ रुपए

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रमुख मसाला ब्रांड, ज़ॉफ़ ने जेएम फाइनेंशियल इंडिया ग्रोथ फंड।।। के माध्यम से जेएम फाइनेंशियल प्राइवेट इक्विटी से सफलतापूर्वक 40 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। कंपनी इस फंडिंग का उपयोग नए प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने और व्यवसाय को रेडी-टू-कुक, मसालें, कुकिंग पेस्ट और सीज़निंग किट जैसे नए क्षेत्रों में विस्तार करने के लिए करेगी।

इसी के साथ कंपनी सामान्य व्यापार, आधुनिक ट्रेड चैनल्स और अन्य रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से अपने ऑफलाइन डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। कंपनी का उद्देश्य मार्केटिंग पहलों के माध्यम से विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर अपनी ब्रांड की उपस्थिति को बढ़ाना और ब्रांड के व्यापार और निर्यात को बढ़ाने के लिए बाजार में एक मजबूत ऑफलाइन नेटवर्क बनाना है। पिछले कुछ सालों में, ज़ॉफ़ भारत का ऐसा पहला ई-कॉमर्स ब्रांड बन गया है, जिसने इस विशेष क्षेत्र में फंडिंग प्राप्त की है। इन सालों में इसने क्यू-कॉमर्स पर ध्यान केंद्रित करके ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की है, जिससे ब्रांड ने बेहद कम समय में मसाला बाजार में बड़ा नाम कमाया है और लाभदायक राजस्व दर्ज किया है। बाजार में अपनी अलग पहचान बनाने के बाद, ज़ॉफ़ अब इस फंडिंग के साथ एक 360-डिग्री मॉडल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने व्यवसाय को बढ़ाने की योजना बना रहा है।

## खबरें एक नजर में

### मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी45 5जी स्मार्टफोन




**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज मोटो जी45 5जी के लॉन्च की घोषणा की। मोटो जी45 5जी ने अपने दमदार स्नैपड्रेगन 6एस जेन3 प्रोसेसर के साथ भारत में किफायती 5जी स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है, जो बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए वीओएनआर के अलावा इस सेगमेंट के सबसे ज़्यादा 13 5जी बैंड्स के साथ बेहतरीन परफॉरमेंस देता है। अल्ट्रा-प्रीमियम डिजाइन वाले मोटो जी45 5जी का लुक शानदार है, जिसे जी-सीरीज के स्मार्टफोन में पहली बार 3 खूबसूरत पैन्टोन क्यूरेटेड कलर वेरिएंट तथा वीगन लेदर फ़िनिश के साथ पेश किया गया है। साथ ही यह इस सेगमेंट में सबसे पतला और सबसे हल्का डिवाइस भी है। यह स्मार्टफोन कई बेमिसाल और इस सेगमेंट में सबसे शानदार फीचर्स की पेशकश करता है, जिनमें 16 एमपी के सेल्फी कैमरे के साथ 50एमपी क्वाड पिक्सल कैमरा, गोरिल्ला ग्लास 3 प्रोटेक्शन के साथ 126 हर्ट्ज 6.5 का डिस्प्ले, और डाल्बी एट्मास के साथ डुअल स्टीरियो स्पीकर शामिल है। इसके अलावा, इसमें स्मार्ट कनेक्ट, मोटो सिक्योर, फैमिली स्पेसेस, मोटो अनप्लग्ड जैसे कई उम्दा सॉफ्टवेयर फीचर्स भी मौजूद हैं, जो इसे अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन में से एक बनाते हैं। मोटो जी45 5जी इस सेगमेंट के सबसे तेज़ 5त्र परफॉर्मेंस से सुसज्जित है, जिसमें बेहद दमदार क्वालकॉम स्नेपड्रेगन 6एस जेन3 ऑक्टा कोर प्रोसेसर लगाया गया है, जो बड़ी आसानी से मल्टीटास्किंग एवं अव्वल दर्जे की गेमिंग क्षमताओं के साथ तेज और सहज परफॉर्मेंस देता है। इसके अलावा, मोटो जी45 5जी का प्रोफ़ाइल काफी स्लीक एवं अल्ट्रा-स्लिम है, और सिर्फ़ 8एमएम पतले इस डिवाइस का वज़न केवल 183 ग्राम है। यह स्मार्टफोन तीन शानदार पैन्टोन वैलिडेटेड कलर वेरिएंट-ब्रिलियंट ब्लू, ब्रिलियंट ग्रीन और विवा मैजेंटा में उपलब्ध है।

### दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में अमित अरोड़ा की अंतरिम जमानत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित अमित अरोड़ा की अंतरिम जमानत 30 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने अमित अरोड़ा के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ये आदेश दिया। सुनवाई के दौरान अमित अरोड़ा की ओर से पेश वकील विकास पाहवा और प्रभा राली ने कहा कि अमित अरोड़ा को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। अरोड़ा को काफी गंभीर बीमारी है। पाहवा ने कहा कि 16 अगस्त को अरोड़ा को एक क्लिनिक में लाया गया था, जहां उन्हें सांस लेने में तकलीफ समेत दूसरी बीमारियों के लक्षण थे। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ऑक्सीजन दी गई। पाहवा ने मनीष सिसोदिया के फैसले का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत की मांग की। अरोड़ा 12 अगस्त से अंतरिम जमानत पर हैं। ईडी ने 30 नवंबर, 2022 को अरोड़ा को गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक इस मामले में अरोड़ा का रोल बैक साइड में था। उसने ढाई करोड़ रुपये रिश्वत के इकट्ठा किए थे। वह पंजाब के पटियाला में मैन्युफैक्चरर और रिटेलर हैं, जो नियम के खिलाफ है क्योंकि उनको पहले से दिल्ली में लाइसेंस मिला हुआ है। सीबीआई के मुताबिक अमित अरोड़ा इस मामले के आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के करीबी हैं। सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। इस मामले में सीबीआई ने भी अमित अरोड़ा पर केस दर्ज कर रखा है।

### ईरान बस दुर्घटना में 28 पाकिस्तानी श्रद्धालुओं की मौत

**तेहरान।** ईरान के यज़्द शहर में तीर्थयात्रा पर गये पाकिस्तान के 28 श्रद्धालुओं की मंगलवार को एक बस दुर्घटना में मौत हो गयी जबकि 23अन्य घायल हो गये तेहरान में पाकिस्तान के राजदूत ने आज यह जानकारी दी। ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सिर टीपू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि धार्मिक यात्रा के दौरान, 28 पाकिस्तानी जायरीन कल रात यज़्द शहर में बस दुर्घटना में मारे गये और अन्य 23 घायल हैं। इस बीच,समाचार पत्र 'डॉन' ने बताया कि पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोघदम ने दुर्घटना में 28 पाकिस्तानियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने विदेश मंत्रालय को शवों को वापस लाने और घायलों को समय पर सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनकी पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शोक संतप्त परिवारों और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि उन्होंने तेहरान में पाकिस्तान के मिशन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। रेडियो पाकिस्तान ने प्रारंभिक रिपोर्टों का हवाला देते हुए आशंका जतायी है कि ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ।

## अब एक ही प्लेटफार्म पर बुक कर सकते हैं नमो भारत ट्रेन व दिल्ली मेट्रो के टिकट

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने अपनी टिकटिंग प्रणालियों को एकीकृत करने के लिए मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इससे दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को निर्बाध यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सहयोग %वन इंडिया-वन टिकट% पहल के अनुरूप है, जिससे यात्रियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर नमो भारत और दिल्ली मेट्रो, दोनों सेवाओं के लिए क्यूआर कोड टिकट बुक करने की सुविधा मिलेगी। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने मीडियाकर्मियों को बताया कि इस एकीकरण के अंतर्गत आरआरटीएस कनेक्ट ऐप से नमो भारत ट्रेन टिकट बुक करने वाले यात्री उसके साथ दिल्ली मेट्रो टिकट भी खरीद सकते हैं।

# नोएडा में फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने आज नोएडा हेल्थ यूनिट में उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के दूसरे सेटेलाइट फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री ए. के. सिंघल, उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ के. श्रीधर, उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल की मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ रुषमा टंडन और दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री सुखविंदर सिंह उपस्थित थे।

नोएडा हेल्थ यूनिट के फिजियोथेरेपी सेंटर में अलग-अलग तरह के विकार रोगों और चोटों के प्रभावी इलाज की व्यवस्था है। यह विशेष उपचार प्रभावित शरीर के अंगों की गतिशीलता, गति और शरीर के प्रभावित हिस्सों को पहले की तरह ही गतिशील बनाने में मदद करता है। इस केन्द्र में रोगी के व्यापक उपचार के लिए नौ मशीनें लगाई गई है, जिसका प्रबंधन उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सेवारत और सेवानिवृत्त रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। नोएडा, जहां अनेक लाभार्थी निवास करते हैं, उन सभी ने इस तरह की सुविधा उपलब्ध होने पर प्रसन्नता जताई और इसकी सराहना की। नोएडा में इस सुविधा के उपलब्ध हो जाने पर अब यहां रहने वाले रेल कर्मचारियों और उनके आश्रितों को फिजियोथेरेपी इलाज के लिए अब उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि इलाज के लिए नई दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल तक आने-जाने की असुविधा भी नहीं होगी।

### जेपी नड्डा ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम से मुलाकात की। भाजपा को जानो कार्यक्रम के तहत मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति पर विचार किया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और मलेशिया प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम के बीच पिछले दशक में दोनों देशों के बीच संबंधों में वृद्धि पर चर्चा की गई है। दोनों देशों के बीच सहयोग, विशेष रूप से शिक्षा, रोजगार और आयुर्वेद के क्षेत्रों में भविष्य में संभावनाओं पर चर्चा की गई। नेताओं ने विचारों के आदान-प्रदान के साथ पार्टी-से-पार्टी संबंधों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक के दौरान जेपी नड्डा के साथ भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले भी मौजूद थे। मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम प्रधानमंत्री के रूप में भारत की पहली राजकीय यात्रा पर हैं।

# भाई-भतीजावाद की सच्चाई को उजागर करता नाटक सैंया भए कोतवाल नाटक

▸ भ्रष्टाचार के कारणों से पर्दा उठाता है नाटक सैंया भए कोतवाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के सहयोग से दिनांक 21 अगस्त 2024 को संगीत नाटक अकादमी गोमतीनगर, लखनऊ में प्रस्तुत नाटक निशा बेगम की परिकल्पना एंव निर्देशन में मूल मराठी लेखक बसंत सबनीस द्वारा मराठी में लोकनाट्य बिच्चा भाजी पूरी करा से है। इसका हिन्दी अनुवाद ऊषा बनर्जी राय सैंया भए कोतवाल नाम से किया गया है।

नाटक में समसामायिक समस्या, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद या यू कहे अन्धा बाँटे रेवड़ी अपने-अपने को देवे कहावत चरितार्थ होती है। नाटक कथा सार में सूरजपुर का राजा लापवाह है वो हमेशा शिकार खेलने में व्यस्त रहता है। इसी का लाभ उसके दरबारी उठाते रहते है। अचानक राज्य के कोतवाल का देहान्त हो जाता है तब राजा का हवलदार व सिपाही आशा करते है कि उनका प्रमोशन होगा और वो क्रमशः कोतवाल और हवलदार बन जायेंगे। पर सालावाद के चक्कर में राजा का प्रधान अपने साले को राज्य का कोतवाल नियुक्त कर देता है जो कि अनपढ़ और जाहिल है। यदि हम आज अपने निजी स्वार्थ को त्यागकर काम करें और अपने पद का दुरूप्रयोग न करें तो समाज अच्छा बन सकता है। हम किसी योग्य व्यक्ति को ही पदपर बैठावें चाहे वो कोई भी हो। ऐसा करने हम भ्रष्टाचार को काफी हद तक खत्म कर सकते है। पावर मिलने पर अगर हम अपने द्वारा अयोग्य लोगों को लाभान्वित करेगें तो भ्रष्टाचार से सामना करना पड़ेगा और इस स्थिति में हम न ही भ्रष्टाचार से लड़ सकेंगे और न ही इसका विरोध कर पाएंगे बल्कि भ्रष्टाचार की दलदल में धंसते चले जायेंगे। इसी संदेश को हास्य रूप में प्रस्तुत करता है नाटक सैया भये कोतवाल है मंच पर प्रस्तुत नाटक में मुख्य रूप से राजा तारिक इक़बाल, हवलदार अविनाश श्रीवास्तव, प्रधान आनन्द प्रकाश शर्मा, सिपाही अरुण कुमार विश्कर्मा, कोतवाल मोहित यादव, मो. मुस्तकीम सलमानी ने अभिनय किया

## ब्राजीलियाई नौसेना के कमांडर भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** भारत की यात्रा पर आए ब्राजील की नौसेना के कमांडर एडमिरल मार्कोस सैम्पाइओ ओलसेन ने बुधवार को नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी से मुलाकात करके परिचालन संबंधी जुड़ाव, तकनीकी सहयोग और प्रशिक्षण सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। साउथ ब्लॉक लॉन में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। कमांडर एडमिरल मार्कोस सैम्पाइओ ओलसेन 19 अगस्त को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं और 24 अगस्त तक रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाना है। साथ ही समुद्री सुरक्षा में साझा चुनौतियों पर सहयोग करने के लिए समान विचारधारा वाली नौसेनाओं की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करना है। ब्राजीलियाई नौसेना के कमांडर ने आज नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी से मुलाकात की। भारतीय नौसेना विभिन्न पहलों के माध्यम से ब्राजील की नौसेना के साथ सहयोग करती है।

समस्त जनपद वासियों को 'स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन' की
हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश चन्द्र शर्मा
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड-माधौगढ़, जिला-जालौन

समस्त जनपद वासियों को 'स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन' की
हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप मिश्रा
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड-महेवा, जिला-जालौन

समस्त जनपद वासियों को 'स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन' की
हार्दिक शुभकामनाएं
मानू लाल यादव
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड-कोंच, जिला-जालौन

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
सेठ वीरेन्द्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गूढ़ा, उरगाँव रोड, जालौन
संचालित कोर्स- M.Sc., M.A., B.A., B.Sc. B.Com., B.Ed., BTC (D.EL.ED.), B.El.Ed.
डॉ0 नितिन मित्तल अध्यक्ष
पुनीत मित्तल प्रबंध निदेशक
दीपक कुमार मित्तल प्रबंधक
कार्यालय : मित्तल कॉम्पलैक्स, बैठगंज, जालौन मो0 : 9415592331

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र सिंह राजावत अध्यक्ष
संजय सिंह सचिव
संकल्प : महिला उत्पीड़न रोकना व पिछड़ा एवं बीहड़ क्षेत्र का विकास करना
परमार्थ समाज सेवी संस्थान, उरई, जालौन

समस्त जनपद वासियों को 'स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन' की
हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप कुमार झा
मुख्य प्रबन्धक
पंजाब नेशनल बैंक, उरई-जालौन

समस्त जनपद वासियों को 'स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन' की
हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र कुमार
प्रधान
ग्राम पंचायत कुठौन्द, वि0ख0-कुठौन्द, जनपद-जालौन